हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

11 मार्च, 2010

खण्ड-1, अंक-5

अधिकृत विवरण

Haryana Vidhan Sabha Secretariat
LIBRARY
Chandigarh

विषय सूची

वीरवार, 11 मार्च, 2010

	पृष्ठ संख्या
तारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(5)1
नियम 45(1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	(5)19
अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(5)50
ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना	(5)58
ध्यानाकर्षण प्रस्ताव-	(5)59
खाद की अपर्याप्त सप्लाई संबंधी	

वक्तव्य-

कृषि मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण संबंधी (5)59

वर्ष 2010-2011 के लिए बजट पर सामान्य चर्चा (5)63

बैठक का स्थगन (5)75

वर्ष 2010-2011 के लिए बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ) (5)77

हरियाणा विधान सभा

वीरवार, 11 मार्च, 2010

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में प्रात: 10.00 बजे हुई। अध्यक्ष (सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

Mr. Speaker : Hon'ble Members, now the question hour.

Upgradation of Roadways Depot

***139. Shri Satpal Sangwan :** Will the Transport Minister be pleased to state—

(a) whether Haryana Roadways Charkhi Dadri Depot was downgraded to sub-depot by the department in the year 2001; and

(b) whether there is any proposal under consideration of the Government to upgrade this sub-depot to full fledge depot?

परिवहन मंत्री (श्री ओम प्रकाश जैन) :

(क) हाँ श्रीमान जी।

(ख) मामला विचाराधीन है।

Shri Satpal Sangwan : Speaker Sir, will the Transport Minister be pleased to state how that depot was downgraded and on what ground it was downgraded because at that time that depot was plying nearly 120 buses with profit itself ?

श्री ओम प्रकाश जैन: अध्यक्ष महोदय, 2001 में जो सरकार थी उसने यह दादरी डिपो तोड़ा था। इस बारे में जो रिकार्ड पर है उसके अनुसार 19.12.2000 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा एक रिव्यू बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि दादरी डिपो को भिवानी डिपो का उप केन्द्र बना दिया जाए और झज्जर डिपो को पूर्ण डिपो का दर्जा दे दिया जाए। उक्त निर्णय परिवहन के हित के मद्देनजर रखते हुए लिया गया था क्योंकि 1996-97 से लेकर 2000-01 तक चरखी दादरी डिपो से हरियाणा राज्य परिवहन को बहुत अधिक हानि हो रही थी। अध्यक्ष महोदय, 1996-97 से 2000-01 के दौरान चरखी दादरी डिपो का घाटा इस प्रकार रहा है- 1996-97 में चरखी दादरी डिपो से हरियाणा राज्य परिवहन को 183.99, 1997-98 में 300.37, 1998-99 में 505.98, 1999-2000 में 501.80, 2000 से 2001 में 513.49 लाख रुपये का घाटा रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैं फिर भी अपने सदस्य को बताना चाहूँगा कि दादरी के अंदर डिपो की वाकई जरूरत है। मैं भी वहां पर गया था इसलिए मुझे पता है । मैं इनको विश्वास दिलाता हूं कि इस बारे में सरकार द्वारा पोजेटिव विचार किया जाएगा और हम कोशिश करेंगे कि जल्दी से जल्दी वहां पर डिपो बना दें।

श्री सतपाल सांगवान : सर, उस वक्त दादरी डिपो में 120 बसिज चला करती थीं। मैं यह क्वैश्चन देने से पहले वहां से इस बारे में सारी इंफोर्मेशन लेकर आया था इसलिए मेरी जहां तक इंफोर्मेशन है उसके मुताबिक मुझे पता है कि वहां पर इस समय कितनी बसिज हैं। सर, दस साल पहले उस डिपो से 120 बसिज चला करती थीं। अगर आज यह डिपो होता तो वहां पर 200 बसिज हो जातीं। दादरी डिपो में बसिज की बहुत कमी है। मेरे ख्याल में 50 परसैंट गांवों को आज भी बसिज कवर नहीं करती हैं। यही कारण है कि चरखी दादरी का डिपो तोड़ने के बाद हमें बहुत नुक्सान हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आज कितनी बसिज दादरी सब डिपो से चल रही हैं ?

श्री ओ.पी.जैन : अध्यक्ष महोदय, मैं इस बारे में इनको बाद में बता दूंगा।

श्री जगदीश नैय्यर : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि पिछली सरकार में हमारे होडल का जो डिपो था उसको भी इसी तरीके से तोड़ दिया गया था, क्या उसको फिर से डिपो बनाया जाएगा ?

श्री अध्यक्ष : जगदीश जी, मंत्री जी के लिए पूरे सूबे की जानकारी एक साथ देना पोसिबल नहीं है।

श्रीमती सुमिता सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूँ कि क्या हरियाणा के शहरों के लिए भविष्य में ऐसी कोई योजना सरकार के विचाराधीन है कि लेडीज़ के लिए स्पेशल बसें चलाई जाएं।

श्री अध्यक्ष : भविष्य में तो सब कुछ महिलाओं के लिए ही होगा, हम तो ऐसे ही रह जाएंगे। (हंसी)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, कहीं न कहीं आपने सदन के कई सदस्यों की भावनाओं को उजागर कर दिया है। (हंसी)

To Open a New Co-Operative Bank

***20. Shri Krishan Lal Panwar :** Will the Co-oporation Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open a new Co-operative Bank in Village Seenk, District Panipat; if so, the time by which the said bank is likely to be opened?

कृषि मंत्री (सरदार परमवीर सिंह) : नहीं, श्रीमान जी।

श्री कृष्ण लाल पंवार : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि सहकारी बैंक खोलने का क्या क्राइटेरिया है ? गांव की जो कोऑपरेटिव सोसायटीज थीं सरकार ने उनको बंद करके कोऑपरेटिव अपैक्स बैंक के साथ अटैच कर दिया । मैं जानना चाहूंगा कि लोगों की दिक्कतों को देखते हुए क्या गांव में सहकारी बैंक खोले जाएंगे ताकि गांव के लोगों को कई-कई किलोमीटर दूर सुविधाओं के लिए न जाना पड़े ?

श्री परमवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, सींक गांव के बैंक के बारे माननीय सदस्य ने जानना चाहा है। मैं इनको बताना चाहूंगा कि सहकारी समितियों के पुनर्गठन बारे मंत्री परिषद की बैठक में दिनांक 21.1.06 को निर्णय लिया गया था और इसमें यह पॉलिसी बनाई गई थी कि सहकारी बैंकों की जो शाखायें हैं वे अपैक्स बैंक के हैडक्वार्टर से सम्बद्ध होंगी । यह कैबिनेट डिसीजन है।

श्री कृष्ण लाल पंवार : स्पीकर सर, मैंने तो सिर्फ यह पूछा है कि इसका क्या क्राइटेरिया है क्योंकि मंत्री जी का जवाब न में आया है । दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि जब सींक गांव में मुख्यमंत्री जी जनसभा करके आये थे तो इनके समक्ष लोगों ने इस बारे में दरखास्त दी थी। उस समय लोगों ने दो मांगें रखीं थीं और दोनों मांगों के बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी आश्वासन देकर आए थे ।

Mr. Speaker: No, It is not possible to remind him orally. पंवार साहब, मुख्यमंत्री जी के रोजाना कई जलसे होते हैं । (विघ्न) रोज 10-15 जलसे होते हैं, इतनी बात याद रख पाना संभव नहीं है । I won't allow it.

Accidents in Haryana Police

***93. Shri Krishan Pal Gurjar:** Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) the year-wise number of accidents that occurred in the Haryana Police Department together with the yearwise details of the accidents that occurred during the period between the year, 2005 to January, 2010; and

(b) whether there is any risk cover for those who die in such accidents; if not, the reasons thereof?

PWD (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala):

(a) Year wise details of accidents in Haryana Police Deptt. from 2005 to January, 2010 are laid on the table of the house.

(b) All police officers/policeman who meet with accident are covered under Janta Personal Insurance Policy.

(a) Statement showing the details of accidents in Haryana Police Department during the year from 2005 to January, 2010

Year	No. of Accidents	No. of Policemen died	No. of Policemen injured
2005	32	30	4
2006	58	51	28
2007	40	35	11
2008	26	25	2
2009	46	39	11
January, 2010	4	4	-

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जनता पर्सनल इंश्योरैंस पॉलिसी कब शुरु हुई थी और कितनी अमाउंट की शुरू की थी ?

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि जनता पर्सनल इंश्योरैंस पॉलिसी 2001 में शुरु हुई थी। श्री कृष्ण पाल गुर्जर जी तो बहुत ही सीनियर और बड़े ही काबिल सदस्य हैं, मैं उनको बताना चाहूंगा कि इंश्योरैंस पॉलिसी का अमाउंट नहीं बल्कि प्रीमियम का अमाउंट होता है और वह ईयर टू ईयर वैरी करता है। यह वैल्फेयर स्कीम पुलिस के इम्पलाईज के लिए है। वर्ष 2009 में प्रति व्यक्ति इस स्कीम का प्रीमियम 31.90 रुपये है। पुलिस के कुल पर्सोनल 48407 हैं। यूनाईटिड इण्डिया इंश्योरैंस कम्पनी द्वारा यह बीमा किया जाता है।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : स्पीकर सर, मंत्री जी ने प्रीमियम का पैसा तो बता दिया लेकिन मैं जानना चाहूंगा कि इस पॉलिसी में कितना रिस्क कवर होता है, कितना एमाउंट मिलता है और इस प्रीमियम की राशि का भुगतान कौन करता है?

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने प्रीमियम का एमाउंट पूछा था और वह मैंने इनको बता दिया कि प्रीमियम की राशि 31.90 रुपये है। It is a welfare measure. इसमें एक लाख का रिस्क कवर होता है। इसके अलावा छः और रिलीफ हम उन सभी इम्पलाईज को देते हैं जो इम्पलाईज इसके लिए इंटाईटल हैं। वे रिलीफ हैं जी.आई.एस., एक्स-ग्रेशिया ग्रान्ट, मंथली फाईनैंशियल असिस्टैंस, लीव इनकेशमैंट और डैथ-कम-ग्रेच्यूटी आदि।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, मैंने मंत्री जी से यह पूछा है कि इस बीमे की राशि का प्रीमियम कौन भरता है? मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से आश्वासन चाहूंगा कि वर्ष 2001 में रिस्क कवर की राशि एक लाख रुपये थी और आज वर्ष 2010 में भी वही राशि है। आज महंगाई के जमाने में एक लाख रुपये में तो साल की सब्जी भी नहीं आती। पुलिस कर्मचारियों को नाकों पर, चौराहों पर और पी.सी.आर. में पीछे बैठकर ड्यूटी देनी पड़ती है और उस दौरान अगर उनकी मृत्यु हो जाती है तो उनके लिए रिस्क कवर की यह राशि बहुत कम है। इसलिए मेरा माननीय मुख्यमंत्री जी से यह कहना है कि इस प्रीमियम की राशि को बढ़ाकर कम से कम दस लाख रुपये किया जाना चाहिए।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, यह प्रीमियम की 31.90 रुपये की राशि पुलिस कर्मचारियों की अप्रैल महीने की पे से डिडक्ट की जाती है। माननीय सदस्य ने कहा है कि इस राशि को बढ़ाया जाए, हम इस पर गम्भीरता से विचार करेंगे। यह एक अच्छा सुझाव है। (शोर एवं व्यवधान)

एक आवाज : स्पीकर सर, आप हमारी बात सुनें। (विघ्न)

Mr. Speaker : This is not the way. आप एक सीनियर मैम्बर हैं आप कम से कम चेयर की परमिशन लेकर तो बोल लें।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, कुछ पुलिस कर्मचारियों की कभी किसी अपराधी का पीछा करते हुए और कभी ड्यूटी करते हुए मृत्यु हो जाती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से आश्वासन चाहूंगा कि इस प्रीमियम की राशि को सरकार द्वारा अदा किया जाना चाहिए।

Shri Randeep Singh Surjewala: Speaker Sir, I have noted the suggestion of the learned Member and we will seriously consider his valuable suggestion.

Shortage of Drinking Water

***138. Dr. Hari Chand Middha:** Will the Public Health Minister be pleased to state whether there is acute shortage of drinking water in Villages Jhanjh Kalan and Baroudi, District Jind; if so, the time by which the problem of drinking water in the above stated villages is likely to be solved?

PWD (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) : Sir, there is shortage of drinking water in some areas of both the villages. An augmentation water supply scheme is in progress at a cost of Rs. 100.63 lacs for both the villages, which is likely to be commissioned by 31st March, 2010.

डॉ० हरिचन्द मिड्ढा : अध्यक्ष महोदय, काफी समय से हमारे इलाके के लोग पीने के पानी की समस्या से परेशान हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह प्रार्थना करूंगा कि उनकी परेशानी को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, डॉक्टर साहब की बात बिल्कुल ठीक है। इस गांव में पीने के पानी की समस्या थी। गांव के लोगों की यह मांग भी थी। डॉक्टर साहब से पहले भूतपूर्व वरिष्ठ मंत्री श्री मांगेराम गुप्ता जी ने भी इस बारे में हमें लिखकर भेजा था और यह मांग रेज की थी। अब डॉक्टर साहब ने यह बात रेज की है, इसलिए यह योजना मंजूर की गई है। यह एक करोड़ से ज्यादा की स्कीम है जो 31.03.2010 तक पूरी हो जायेगी। अगर उसके बाद भी कोई कमी रहती है तो डॉक्टर साहब हमें और सुझाव दे सकते हैं उनको भी हम दुरूस्त करवायेंगे। इसके अलावा मैं सदन को जानकारी देना चाहूंगा कि जींद विधान सभा का जो क्षेत्र है यह सरकार की प्राथमिकता पर है। पिछली सरकार के समय में जींद विधानसभा हल्के के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 1999 से फरवरी 2005 तक जन स्वास्थ्य के लिए केवल 65 लाख रुपये दिए गए थे जबकि इस समय इस क्षेत्र में 216 लाख 2 हजार रुपये की स्कीमें चालू हैं। जींद विधानसभा के शहरी क्षेत्रों के लिए उन 5 सालों में जब लोकदल और भाजपा की सरकार थी तो मात्र 37 लाख 90 हजार रुपये दिए गए । (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, अजय जी, चिंतित हो जाते हैं, मैं तो डिवैल्पमैंट की बात कर रहा हूं। जींद के पक्षधर कौन हैं यह रिकार्ड पर आ जाने दीजिए। हमारी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार ने जींद विधान सभा क्षेत्र के लिए 1551 लाख 25 हजार रुपये की पीने के पानी की और सीवरेज की स्कीमें दी हैं । (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, ये सच्चाई सुनना नहीं चाहते । इनको कुछ पता ही नहीं है । (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती किरण चौधरी: अध्यक्ष महोदय, कल हमारे माननीय फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने कहा है कि 'The approved norm of 40 liters per capita per day will be achieved 100% by March, 2010.' मैं यहां पर मंत्री जी को आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि मेरे हल्के के खानक, ढाणी मोहू, टिटाणी गांवों में लोग पीने के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं । हमारे विभ मंत्री जी ने जो लक्ष्य रखा है वे उसको किस तरह पूरा करेंगें?

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला: अध्यक्ष महोदय, हालांकि यह पृथक प्रश्न है परन्तु माननीय सदस्या की चिन्ता जायज है। भिवानी, महेन्द्रगढ़, नारनौल, लोहारू और दादरी के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां पीने के पानी की समस्या है क्योंकि टेल पर रॉ वाटर कई बार उपलब्ध नहीं हो पाता। बहुत से एग्जिस्टंग सिस्टम भी इस समय पूरे नहीं चल पा रहे। जहां-जहां पर ये समस्याएं हैं हम वहां-वहां पर बहुत सा पैसा देकर कोशिश कर रहे हैं कि इन इलाकों में आखिरी छोर तक रॉ वाटर पहुँचाकर पीने का पानी उपलब्ध करवा सकें। माननीय सदस्या जी इस बारे में स्पेसिफिक प्रश्न पूछें तो मैं उनको जवाब दे दूंगा।

चौ० परमिन्द्र सिंह ढुल: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से काबिल मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि इस प्रश्न में जींद जिले के दो गांवों का जिक्र किया गया है लेकिन जींद जिले के बहुत से गांव ऐसे हैं जहां आज 43 साल के बाद भी पीने का पानी नहीं है । जिसमें निडाणी, निडाना, बढाणा, माणी, करेला और गढ़वाली के बहुत से इलाके हैं जहां खूब व्यवस्था के चलते हुए भी पीने के पानी की समस्या है । करेला गांव में करोड़ों रूपये की वाटर सप्लाई की स्कीम बनाई गई थी लेकिन वह स्कीम पिछले कई सालों से मिल पड़ी है । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि जींद जिले के जुलाना हल्के में करीब 30 गांव ऐसे हैं जहां पीने का पानी आज भी नहीं है, क्या उनके लिए भी कोई व्यवस्था करेंगे?

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला: अध्यक्ष महोदय, यह पृथक प्रश्न है । अच्छा होता अगर माननीय सदस्य जुलाना विधान सभा का प्रश्न अलग से पूछ लेते तो मैं उसका जवाब बेहतर दे पाता । इस समय जुलाना विधान सभा के आंकड़े मेरे पास उपलब्ध नहीं हैं इसलिए ये सैपरेट प्रश्न पूछ लें तो हम इनको पूरी इन्फर्मेशन दे देंगें ।

श्रीमती कविता जैन: अध्यक्ष महोदय, 12 वर्ष पूर्व हरियाणा विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी । (शोर एवं व्यवधान)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला: अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या का प्रश्न सुन नहीं पा रहा क्योंकि अजय सिंह चौटाला जी बार-बार बीच में शोर मचाते हैं इसलिए इनको रोकिए । (शोर एवं व्यवधान)

डॉ० रघुबीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, ये लोग बैठे बैठे कमैंट्री कर रहे हैं इसलिए इस बारे में आप अपनी रूलिंग दें ।

Mr. Speaker: Please, no running commentary while sitting. (interuption & noise)

श्रीमती कविता जैन : माननीय अध्यक्ष महोदय, 12 साल पहले जब प्रदेश में हरियाणा विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, उस समय सोनीपत शहर में पीने के पानी के लिए कैनाल बेस्ड वाटर सप्लाई स्कीम शुरू की गई थी जिसके तहत 75 प्रतिशत सोनीपत शहर में पानी की सप्लाई दी जाती है । 12 वर्ष में सोनीपत शहर की आबादी बहुत बढ़ गई है और आज के दिन जनता को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ता है । सर्दियों में भी वहां पानी की कमी रहती है और लोग पानी के लिए जाम लगा देते हैं । क्या मंत्री जी कृपया बतायेंगे कि सोनीपत शहर की पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए कोई योजना बना रहे हैं?

Mr. Speaker : Madam, it is not possible to reply. मंत्री जी के लिए यह बताना पॉसीबल नहीं है। इनके पास सारे हरियाणा की जानकारी अभी नहीं है। (विघ्न)

श्रीमती कविता जैन : अध्यक्ष महोदय, मेरे सारे सवाल लास्ट में लगे हुए हैं और अब मैं सप्लीमैंटरी पूछ रही हूं तो आप कह रहे हैं कि यह बताना पॉसीबल नहीं है। (विघ्न)

श्री अनिल विज : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी जवाब दे सकते हैं । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मंत्री जी उसी सप्लीमैंटरी का जवाब दे सकते हैं जो सवाल से रिलेटिड पूछी जाये। उस एरिया के आस-पास का सवाल पूछते तो शायद जवाब मिल जाता। मंत्री जी कम्प्यूटर तो हैं नहीं कि

उनके पास सारे सूबे की जानकारी हो और एक बटन दबाकर देख लें कि किस गांव में क्या हो रहा है। (शोर एवं व्यवधान) आपको तो इस तरह जवाब देने का मौका नहीं मिला। यदि मौका मिलता तो आपको पता चलता कि किस तरह जवाब दिया जाता है। It is not possible. It is humanly impossible. मैडम जो सप्लीमैंटरी पूछ रही हैं उसका कोई तुक ही नहीं हैं। कहां वह एरिया है और कहां यह एरिया है जिसकी मैडम सप्लीमैंटरी पूछ रही हैं।

Compensation to the Farmers

***64. Col. Raghbir Singh :** Will the Chief Minister be pleased to state whether it is a fact that the farmers of villages Mai Kalan, Mai Khurd, Naurangawas Jatan, Rajputan and Dhani Gujran of Badhra constituency whose crops were damaged by hailstorm in March, 2009 have not received compensation as assured by the Government; if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to grant compensation to those farmers togetherwith the time by which such compensation is likely to be granted?

राजस्व राज्य मंत्री (श्री शिव चरण लाल शर्मा) : जी हां, राहत राशि स्वीकृत की जा चुकी है तथा प्रभावित किसानों को 15.03.2010 तक बांट दी जाएगी।

कर्नल रधुबीर सिंह: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह भी जानना चाहूंगा कि प्रति एकड़ के हिसाब से कितना मुआवजा दिया जायेगा? इसके साथ-साथ मंत्री जी को यह बताना भी चाहूंगा कि करीबन एक साल का समय ओलावृष्टि हुए हो गया और एक साल से गरीब किसान सरकारी विभाग के दर-बदर चक्कर काट रहे हैं। आज मेरे सवाल पूछने के बाद स्थिति स्पष्ट हुई है कि 15 मार्च तक मुआवजा दिया जायेगा । इसलिए क्या मंत्री जी विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे कि इसमें इतना समय क्यों लगा ?

श्री शिव चरण लाल शर्मा : अध्यक्ष महोदय, जिनकी फसल का नुक्सान 26 से 50 प्रतिशत तक हुआ है उनके लिए पहले गेहूं की फसल के लिए मुआवजा 1500 रूपये प्रति एकड़ रखा था जिसको अब बढ़ाकर 3000 रूपये कर दिया है और अन्य फसल के लिए पहले प्रति एकड़ 1250 रूपये मुआवजा रखा था जिसको अब बढ़ाकर 2000 रूपये कर दिया गया है । इसी तरह से जिनकी फसल का नुक्सान 51 से 75 प्रतिशत हुआ है उनके लिए पहले गेहूं की फसल के लिए मुआवजा 2250 रूपये प्रति एकड़ रखा था जिसको बढ़ाकर 4000 रूपये कर दिया गया है और अन्य फसलों के लिए 1875 रूपये प्रति एकड़ रखा गया था जिसको अब बढ़ाकर 3000 रूपये कर दिया गया है । इसी तरह से जिनकी फसल का नुक्सान 75 से 100 प्रतिशत हुआ है उनके लिए पहले गेहूं की फसल के लिए मुआवजा 3000 रूपये रखा था जिसको अब बढ़ाकर 5000 रूपये प्रति एकड़ कर दिया गया है और अन्य फसलों के लिए पहले 2500 रूपये प्रति एकड़ रखा था जिसको अब बढ़ाकर 4000 रूपये कर दिया गया है ।

श्री सतपाल सांगवान : अध्यक्ष महोदय, मेरा गांव भी इस ओलावृष्टि से प्रभावित हुआ था लेकिन माननीय साथी ने उसका नाम नहीं लिखा । शायद इनको मेरे गांव का नाम लिखने में तकलीफ होती होगी। लेकिन मैं माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि वहां पर 2000 रूपये सरसों की फसल के लिए और 3000 रूपये गेहूं की फसल के लिए प्रति एकड़ के हिसाब से आधे से ज्यादा मुआवजा बंट भी चुका है।

लोक निर्माण (भवन एवं सड़के) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री जी ने 5 करोड़ 95 लाख 12 हजार रूपये का मुआवजा रिलीज कर दिया है और उसमें से कुछ मुआवजा बंट भी गया है । इसके अतिरिक्त जो बाकी मुआवजा बचा है वह भी मार्च और अप्रैल के महीने में सम्पूर्ण तौर पर बंट जायेगा । इसके साथ-साथ मैं सदन की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा जिसकी माननीय कर्नल साहब ने चर्चा भी नहीं की है कि वर्ष 2008 का जो मुआवजा था उसके लिए कल माननीय मुख्यमंत्री जी ने और वित्तमंत्री जी ने विशेष तौर पर प्रावधान करके 68 करोड़ 82 लाख 35 हजार रूपये भिवानी के किसानों के लिए और 13 करोड़ 9 लाख 52 हजार रूपये हिसार के किसानों के लिए मंजूर किए हैं। इस प्रकार से 81 करोड़ 91 लाख 87 हज़ार रूपये का इन दोनों जिलों के किसानों के लिए इस 5 करोड़ रूपये के अलावा कल माननीय वित्त मंत्री महोदय ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार बजट में विशेष प्रावधान किया है जिसे हम तीन से पांच महीने के अन्दर-अन्दर किसानों में वितरित कर देंगे ।

श्रीमती किरण चौधरी : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय पार्लियामैंट्री अफेयर्स मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि जैसा कि इन्होंने बताया और माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने भी ऐग्री किया है कि 43 लाख रुपये का केरू ब्लॉक का जो हेलस्टॉर्म का मुआवज़ा रोका गया है क्या वह भी इसमें शामिल है?

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : स्पीकर सर, जैसा कि मैंने पहले ही स्पष्ट किया है कि 5 करोड़ 95 लाख 12 हज़ार रूपये मुआवज़ा पूरे भिवानी जिले का मुआवज़ा है जिसमें भिवानी जिले के मुख्तलिफ इलाके भी शामिल हैं। इसी प्रकार से जैसे मैंने वर्ष 2008 के मुआवज़े के बारे में भी बताया जो कि लगभग 81 करोड़ 91 लाख रूपये है। माननीय सदस्या को माननीय मुख्यमंत्री जी का शुक्रिया अदा करना चाहिए कि जितना मुआवज़ा सारे भिवानी और हिसार जिले का पैंडिंग था वह भी हमने डिस्ट्रीब्यूट कर दिया है।

डॉ० बिशन लाल सैनी : स्पीकर सर, माननीय मंत्री जी ने कहा कि पिछले समय का जितना मुआवज़ा पैंडिंग था वह इन्होंने सारे का सारा दे दिया है। स्पीकर सर, सितम्बर, 2008 के अंदर यमुना नदी में बहुत भयंकर बाढ़ आई थी जिसके कारण गुमथला, जठलाना जैसे यमुना के किनारे लगते सारे इलाके के गांवों के किसानों की जीरी की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई थी। उसकी खराबी की सरकारी तौर पर स्पैशल गिरदावरी भी करवाई गई थी। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या इस इलाके के किसानों को भी उनका पैंडिंग मुआवज़ा दिया जायेगा ?

Mr. Speaker : Saini Sahab, you just tell me that is it possible? Humanly it is not possible to reply.

Horticulture Scheme for Mewat District

***103. Shri Aftab Ahmed :** Will the Agriculture Minister be pleased to state—

(a) the details of different plans which are being executed by the Horticulture Department in Mewat District;

(b) the stage of execution of these schemes and the total area covered under these schemes; and

(c) what is the potential of the area for cultivation of additional vegetagle, medicinal plants, floriculture etc.?

कृषि मंत्री (सरदार परमवीर सिंह) : श्रीमान जी, एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

विवरण

(क) उद्यान विभाग द्वारा जिला मेवात में निष्पादित की जा रही विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :—

(i) राष्ट्रीय बागवानी मिशन

(ii) सूक्ष्म सिंचाई योजना

(iii) मेवात विकास अभिकरण योजनाएं

(iv) आधुनिक तकनीक का लोक प्रचार एवं विस्तार

(v) कृषि तकनीक प्रबंधन अभिकरण

(vi) अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए एकीकृत बागवानी विकास योजना

(vii) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना

(ख) इन योजनाओं की निष्पादित स्थिति तथा इन योजनाओं के अधीन कुल कवर किया गया क्षेत्र निम्न प्रकार से है।

क्र. सं.	योजना का नाम	निष्पादित स्थिति	जनवरी, 2010 तक कुल कवर किया गया क्षेत्र (एकड़ों में)
1.	राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एन.एच.एम)	चौथा वर्ष, 2006-07 से लागू	7863.5
2.	सूक्ष्म सिंचाई योजना (एम.आई)	चौथा वर्ष, 2006-07 से लागू	704
3.	मेवात विकास अभिकरण (एम.डी.ए.) योजनाएं	चौथा वर्ष, 2006-07 से लागू	2378
4.	आधुनिक तकनीक का लोक प्रचार एवं विस्तार (पैल्ट)	चौथा वर्ष, 2006-07 से लागू	90
5.	कृषि तकनीक प्रबंधन अभिकरण (आत्मा)	दूसरा वर्ष 2008-09 से लागू	24
6.	अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए एकीकृत बागवानी विकास योजना	तीसरा वर्ष, 2007-08 से लागू	10
7.	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रा.कृ.वि.यो.)	दूसरा वर्ष 2008-09 से लागू	625

(ग) जिला मेवात, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के समीप होने के कारण यहां पर बागवानी फसलों जैसे फल, सब्जियां, मसाले, औषधीय पौधे एवं पुष्प विकास की प्रबल सम्भावनाएं हैं। दिल्ली तथा देश के अन्य बड़े शहरों में इन उत्पादों के सहज विपणन की भी संभावना है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन मण्डल भी आधुनिक सब्जी मण्डी तथा फूल नीलामी स्थलों के विकास के द्वारा इन उत्पादों के लिए विपणन तथा अन्य आधारभूत संरचना के निर्माण की संभावनाएं तलाश रहा है।

सरदार परमवीर सिंह : ऑनरेबल स्पीकर सर, माननीय सदस्य ने मेवात के बारे में पूछा है कि होर्टीकल्चर के क्षेत्र में क्या-क्या स्कीमें वहां पर सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं । इसका सारा विवरण हाऊस की टेबल पर प्लेस्ड स्टेटमैंट में दे दिया गया है। इसके मुताबिक सात स्कीमें हैं जो मेवात में होर्टीकल्चर महकमे में चल रही हैं। इसके अतिरिक्त उस स्टेटमैंट में यह भी बताया गया है कि ये स्कीमें कब से चल रही हैं। इसके अलावा इन्होंने इनके पौटेंशियल के बारे में भी पूछा है । इस बारे में मैं इनको यह बताना चाहूंगा कि केन्द्रीय राजधानी दिल्ली के नज़दीक होने के कारण वहां होर्टीकल्चर के फल, फूल और सब्जियों के लिए काफी पोटेंशियल है। इसके अलावा वहां पर 2009-10 में एक सब्जी और फूल मण्डी भी सैंक्शन की गई है । इस बारे में मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि इस प्रस्तावित सब्जी और फूल मण्डी के लिए जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इस मण्डी का निर्माण मार्केटिंग बोर्ड हरियाणा द्वारा करवाया जायेगा ।

चौ० आफताब अहमद : स्पीकर सर, मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जैसा कि सभी जानते हैं कि हमारे इलाके में पानी की बड़ी भारी कमी है इसलिए जो योजनायें सरकार द्वारा बागवानी महकमे के तहत यहां चलाई जा रही हैं उनका पर्याप्त प्रचार-प्रसार करते हुए उनको और प्रॉयरटी पर लेकर कम्पलीट किया जाये क्योंकि इन स्कीमों के तहत बहुत एरिया लिया गया है । मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या सरकार का कोई ऐसा प्रोग्राम है जिससे बागवानी क्षेत्र में हमारे मेवात क्षेत्र में कम पानी से फल और सब्जियों की पैदावार हो सके ? क्या मंत्री जी इसके लिए अपने महकमे में कोई प्रावधान करवायेंगे कि इसको प्रॉयरटी पर लिया जाये ?

सरदार परमवीर सिंह : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि मेवात में वाटर कम्युनिटी टैक्स की खरीद के लिए काफी लोगों को सबसिडीज दी गई है। इसके अलावा 704 एकड़ कृषि भूमि में माईक्रो इरिगेशन स्कीम भी चल रही है। आर.के.वी.वाई. स्कीम में भी इम्पलीमैंट्स हैं और सारे पौधे वहाँ पर उपलब्ध करवाये जा रहे हैं । इसके अलावा जो 7 स्कीमें वर्ष 2006-07 से चलाई जा रही हैं उन पर 677.25 लाख रुपया खर्च किया जा चुका है । अगर माननीय सदस्य प्वाइंट आउट करेंगे तो हम कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा एरिया हॉर्टीकल्चर में कवर किया जा सके। इसमें सब्सिडी काफी ज्यादा है । हम चाहेंगे कि पूरे राज्य में ज्यादा से ज्यादा एरिया वेजिटेबल फार्मिंग में कवर हो और हमारे किसान उसका फायदा उठा सकें ।

Utilization of Ventilator

***129. Smt. Sumita Singh:** Will the Health Minister be pleased to state whether it is a fact that Ventilator was purchased 4-5 years ago for the Government Hospital, Karnal; if so, the reasons as to why the said Ventilator has not been utilized so far?

Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) : No Sir, However, 2 Nos. of Ventilators were purchased 7-8 years back. These Ventilators could not be utilized due to non availability of adequate number of trained anesthetics (doctors), as ventilators require round the clock anesthetics and trained Intensive Care Unit (ICU) doctors.

श्रीमती सुमिता सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूँगी कि जब उनको मालूम है कि वहाँ पर डॉक्टर ऑफ एनैस्थैटिक नहीं है तो वहाँ पर हम पहले मशीनरी क्यों खरीद लेते हैं ? करनाल हॉस्पीटल में एक बहुत ही खूबसूरत कमरा बना हुआ है जहाँ पर वैंटिलेटर और दो स्पेशल बैड लगे हुए हैं तथा बाहर से ताला लगा हुआ है । जब हमारे पास एक्सपर्ट डॉक्टर्स ही उपलब्ध नहीं हैं तो मशीनरी क्यों खरीदते हैं ? अध्यक्ष महोदय, मैं यह जानना चाहूँगी कि वह कौन से अधिकारी हैं जिन्होंने यह मशीनरी खरीदी ? क्या इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी क्योंकि इससे सरकार का पैसा वेस्ट जाता है ?

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या का धन्यवाद करना चाहूँगी कि उन्होंने इस प्रकार का प्रश्न उठाया है । सर, वाकई दो वैंटिलेटर हमारे करनाल हॉस्पीटल में वर्ष 2000-2002 के दौरान खरीदे गये थे । मुझे नहीं पता कि उस वक्त की सरकार की क्या मंशा थी क्योंकि उस वक्त भी करनाल में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे । मैं इस बारे में बताना चाहूँगी कि अनैस्थिसीया के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर वहाँ पर नहीं थे लेकिन फिर भी मशीन खरीदी गई । मैं आश्वासन देना चाहूँगी कि हमारी चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार, हरियाणा को हैल्थ के मामले में बहुत आगे ले जाना चाहती है और उसके लिए हमने नये मैडिकल कॉलेज भी खोले हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर्स हमारे यहाँ से निकल सकें । यह बड़ा ही चिन्ता का विषय है कि इस समय अवेलेबिलिटी ऑफ डॉक्टर्स कम है लेकिन हमारी सरकार ने इस बारे में प्रयास किया है और हर महीने हम 10 तारीख को एस०सीज०, बी०सीज० केटेगरीज तथा स्पेशलिस्ट के इन्टरव्यू करते हैं ताकि इस समय हमारे पास जो स्पेशलिस्ट की कमी है उसको दूर किया जा सके ।

श्रीमती सुमिता सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुख्य मंत्री जी का धन्यवाद करती हूँ कि पिछले 5 साल के समय में बहुत से डॉक्टर्स रखे गये हैं। यह भी सही है कि किसी स्पेशलिस्ट को जॉब के लिए जबरदस्ती नहीं रखा जा सकता । मैं तो मंत्री जी से यह पूछना चाहती हूँ कि जिन अधिकारियों ने यह मशीनरी खरीदी उनको यह पता था कि हमारे पास स्पेशलिस्ट नहीं हैं, उसके बावजूद भी मशीनरी खरीदी गई। क्या ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सरकार कोई कार्रवाई करेगी ताकि भविष्य में इस प्रकार की गलती न हो ?

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या को बताना चाहूँगी कि हमारे पास जहाँ से भी इन्फोर्मेशन आ रही है कि मशीनरी उपलब्ध है और जहाँ पर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स नहीं हैं वह उपलब्ध करवाने का हमारा प्रयास रहेगा, खास तौर से वैंटिलेटर के मामले में वहाँ से हम उस मशीनरी को उठा कर दूसरी जगह, जहाँ पर डॉक्टर्स उपलब्ध हैं वहाँ इसका उपयोग करेंगे । पी०जी०आई०एम०एस०, रोहतक में वैंटिलेटर मशीन की कमी है। इनटैन्सिव केयर यूनिट में इस तरह के वैंटिलेटर की जरूरत रहती है, इसलिए इस प्रकार की मशीनरी को वहाँ पर शिफ्ट करेंगे । हम इस बात की भी जाँच करवायेंगे कि यह मशीनरी किस समय और कैसे खरीदी गई ? इसी प्रकार से और भी जो मशीनरी स्पैशलिस्ट्स के अभाव में यूज नहीं हो रही है हमारा यह प्रयास रहेगा कि उसको वहाँ से निकाल कर दूसरी जगह शिफ्ट किया जाये । हमने तकरीबन 1350 डॉक्टर्स की भर्ती की है जिसमें से 666 स्पेशलिस्ट हैं और यह हमारी सरकार का ऑन गोइंग प्रोसैस है ।

श्री अध्यक्ष : नहीं, नहीं, बहन जी यह सवाल नहीं है । सप्लीमैंट्री यह है कि जिन अधिकारियों ने जानबूझकर यह मशीनरी खरीदी है और ऐक्सपर्ट नहीं थे, उनके खिलाफ आप क्या एक्शन लेंगे ?

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, जिस दौरान इन वैंटीलेटर्ज की परचेजिंग हुई, उसकी हम पूरी जाँच करवायेंगे और इस मामले में हर सम्भव कार्रवाई की जायेगी।

श्री राम पाल माजरा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इनके घोषणा पत्र में था कि डिस्ट्रिक्ट वाईज वैंटिलेटर लगवाएंगे । ये उनको उठाने की बजाए चलाने की बात करें। क्या यह सरकार हर जिले में वैंटिलेटर चलाने का काम करेगी ताकि जिस पेशंट को रैस्पीरेशन की जरूरत है, उसको बचाया जा सके ?

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, मेरे काबिल दोस्त को यह पता होना चाहिए कि वैंटिलेटर मैडिकल कालेज के अन्दर उपलब्ध होते हैं डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल्ज़ के अन्दर नहीं होते हैं । अब यह इनकी बुद्धि की बात है कि जहां जरूरत थी वहां पर तो लगाए नहीं, दूसरी जगह लगा दिए । मैडिकल कालेज खाली छोड़ दिए । जिस तरह की बुद्धि है, इन्होंने उसी तरह का काम किया है। We will put it in the right place.

श्री राम पाल माजरा : कैथल में एक मिनी पी०जी०आई० होगा तब इसकी वहां पर जरूरत होगी।

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, सम्मानित सदस्य ने जो क्वैरी लगाई है, इस बारे में मैं इनको बताना चाहूंगी कि हमारे पास इस समय एनेसथिस्टिस 74 हैं और हमारी रिक्वायरमैंट 134 की है । हमारी हरियाणा सरकार का प्रयास है कि हर सुविधा चाहे वह हमारे डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में हो , चाहे सी०एच०सीज०, पी०एच०सीज० या सब-सैन्टर्ज में हो, हम देंगे । सर, विशेष तौर से जो हमारे बड़े हॉस्पिटल्ज़ हैं, जनरल हास्पिटल्ज हैं उनमें हम सभी सुविधाएं दें, हम इस तरह का प्रयास कर रहे हैं । जहां तक कैथल की बात की गई है, वहां हमारा मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल बन रहा है । हम वहां पर भी पूरी की पूरी सुविधाएं देंगे । सर, मैं ऑन दि फ्लोर ऑफ दि हाउस मानती हूं कि वहां पर स्पैशलिस्ट्स की कमी है और यह मैं आपको आश्वासन देती हूं कि वहां पर हम स्पैशलिस्ट को जरूर लगाएंगे।

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदया जी से जानना चाहती हूं कि जो इस तरह की शिकायतें होती हैं क्या उन पर टाईम बाउन्ड मैनर में पूरी तरह से इंक्वायरी की जाएगी या नहीं ? आज चार साल बीत गए हैं, क्या आगे भी इतना ही समय लगेगा ?

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या को कहूंगी कि इस तरह की जो भी क्वैरीज़ और शिकायतें हैं उनके बारे में हमें लिखकर भिजवाएं उन पर टाईम बाउन्ड इन्क्वायरी की जाएगी ।

Repair and Construction of Roads

***85. Shri Sher Singh Barshami :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to State —

(a) the total kilometers of roads (State Highways and District roads) repaired in the areas falling under Ladwa Vidhan Sabha Constituency during the period from 1-4-2005 to date; and

(b) the total kilometers of new roads under construction/proposed to be constructed in the current and next financial year 2010-2011?

PWD (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :

(a) Sir, 297.71 km of roads (State Highways and District roads) have been repaired in the area falling under Ladwa Vidhan Sabha constituency during the period from 01-04-2005 to date.

(b) Till date, 705 km of new roads have been constructed in the current financial year in Haryana State. The work plan of construction of new roads for the year 2010-11 is under consideration.

श्री शेर सिंह बड़शामी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जिन सड़कों की रिपेयर की गई है उनको क्या आधार मानकर रिपेयर किया गया है और जब वे सड़कें बनवाई गई क्या उनके लिए कोई समय सीमा रखी गई थी या सड़क बनाने वाले ठेकेदार से ऐग्रीमैंट किया था जब उनको बनवाया गया था ?

Shri Randeep Singh Surjewala: Speaker Sir, my learned member should know that the repair of roads is always need based. However, we have added a condition to all our contracts that for up to three years after construction of the roads, the responsibility for maintenance will be of the contractor, who will be constructing the roads.

श्री शेर सिंह बड़शामी : अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल पूछने का मतलब यही था कि किसी जगह तो सड़कों की रिपेयर इक्ट्ठी ही कर दी गई हैं और कई जगह सड़कों की ऐसी हालत हो गई है कि वे बिल्कुल समाप्त हो गई हैं ।

Shri Randeep Singh Surjewala: Speaker Sir, I agree. If Hon'ble Member is expressing concern, I appreciate his concern but he should give me details of those specific roads including point to point which are non-existent or where there is an urgent need for repair. I assure him on the floor of the House that I will personally see to it that those roads are repaired on priority basis. As I have already answered that earlier there was no provision regarding maintenance responsibility. Now, our Government lead by Ch. Bhupinder Singh Hooda, has ensured it. Hon'ble Chief Minister has directed us and we have added condition to all the contracts so that contractor does not run away. Up to three years now, the maintenance responsibility will be of the contractor who constructs the road, failing which he is liable to pay penalties. However, in case of specific roads of his constituency he should write to me and I will see to it that these are repaired and if there is need for any action, we will take.

श्री राजपाल भूखड़ी : अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र में जगाधरी से पावनी जो रोड सहरवा के लिए आती है, उसको बनाते वक्त टाईम बाउंड किया गया था और इसमें यह कंडीशन भी रखी गई थी कि जिस कंट्रैक्टर ने उसको बनाया था वह पांच साल तक उसकी रिपेयर करेगा । वह सड़क टूट चुकी है मैं आदणीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या उस टाईम बाउंड के तहत ही उसकी रिपेयर करवायी जाएगी ? मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है कि वे अधिकारियों को भी निर्देश दें कि उस सड़क को ठीक करवाया जाए ।

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, I would request the Hon'ble Member to just now give it in writing to me. I will see to it and needful will be done.

Smt. Kiran Chaudhary : Speaker Sir, I would like to know from the Hon'ble Minister that how many contractors have been penalized and black listed. Secondly, I want to know whether the time period for contractors in the Pradhan Mantri Gramin Sarak Yojna is for three years or five years ?

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, perhaps the learned Member has not heard correctly. The time-period is three years.

श्री शेर सिंह बड़शामी : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने जवाब के पार्ट 'बी' में दिया है कि हरियाणा में 705 किलोमीटर नयी सड़के बनाने की योजना है । मैं आपके माध्यम से उनसे जानना चाहूंगा कि वे इस बारे में जिलावाइज ब्यौरा दे दें कि किस जिले के अंदर कितनी सड़कें बनाने की इनकी योजना है ?

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : सर, अगर मेरे काबिल दोस्त कुछ सुने तो मैं जवाब दूं। (विघ्न) सर, मुझे लगता है कि माननीय सदस्य ने सवाल का जवाब पढ़ा नहीं है। नयी सड़कें बनाने की हमारी योजना नहीं है बल्कि 705 किलोमीटर सड़कें बना दी गयी हैं । ये जवाब दोबारा से पढ़ लें ।

श्री शेर सिंह बड़शामी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि किस-किस जिले में कितनी सड़कें बनायी गयी हैं ?

Smt. Kiran Chaudhary : Speaker Sir, (voices and interruptions)

Mr. Speaker : This is not the way. Please take your seat.

श्री शेर सिंह बड़शामी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि किस-किस जिले में कितने-कितने किलोमीटर सड़कें बनायी गयी हैं? अगर एक ही जिले में सारी सड़कें बना देंगे तो बाकी जिलों का क्या होगा ? स्पीकर साहब, मंत्री जी को भी पता है कि किस जिले में कितनी सड़कें बनी हैं । सर, मैं यही जानना चाहता था ।

श्री अध्यक्ष : आपके जिले में बहुत सड़कें बनी हैं । Barshami ji, please take your seat. The Parliamentary Affairs Minister is on his legs.

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने यह कहा कि जो हमने सड़कें बनायी हैं वह किस-किस जिले के अंदर बनायी हैं । अगर ये इस बारे में सैपरेट नोटिस दे दें तो मैं उसका जबाव दे दूंगा । सर, इन्होंने कहा है कि मेरे हल्के लाडवा में कोई सड़क नहीं बनायी है लेकिन मैं आपकी अनुमति से इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि वर्ष 2005-06 से लेकर 2009-10 तक चाहे कंस्ट्रक्शन ऑफ न्यू रोड्स हों, चाहे रोड्स की वाईडनिंग और स्ट्रैंथनिंग हो, चाहे सी०सी० ब्लाक्स हों, चाहे एनुअल सरफेसिंग प्रीमिक्स हो और चाहे मेंटीनेंस हो, हमने पांच वर्षों के अंदर 5011 लाख रुपये इनकी कांस्टीच्यूएंसी में खर्च किए और जब इनका खुद का शासन था तब इनकी सरकार ने 2190 लाख रुपये खर्च किए थे । सर, डबल पैसा हमने खर्च किया है। (विघ्न)

श्री अभय सिंह चौटाला : स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि ऐलनाबाद विधान सभा का जब उप चुनाव हो रहा था तो उस समय मुख्यमंत्री महोदय सुबह-सुबह कम्पेन के लिए गांवों के अंदर जा रहे थे .....

श्री अध्यक्ष : आप अपनी सप्लीमैंट्री पूछे ।

श्री अभय सिंह चौटाला : अध्यक्ष महोदय, आप चिंता मत करें मैं सड़क की बात ही करूंगा । जो सही सवाल है मैं उसी पर आ रहा हूं .....

श्री नरेश कुमार बादली : अभय जी, 5 मार्च को हमारी सरकार को पूरे 5 साल हो गए हैं । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अभय सिंह चौटाला : ***

Shri Randeep Singh Surjewala: This is not the way. अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो ये थ्रैटनिंग लैंग्वेज यूज की है इसको कार्यवाही से निकाल दिया जाए। इनके यह बोलने का क्या मतलब है ? (शोर एवं व्यवधान)

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा): अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे अनुरोध है कि माननीय सदस्य अभय चौटाला ऐसे नहीं बोल सकते। सदस्य ने जो अशोभनीय भाषा यहां बोली है उसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए ।

श्री अध्यक्ष : श्री अभय चौटाला ने जो शब्द बोले हैं उन्हें रिकार्ड न किया जाए ।

श्री अभय सिंह चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी जब इलैक्शन कंपेन में ऐलनाबाद गए थे तो वहां लोगों ... (Interruptions)

Mr. Speaker: This is not the way. I won't allow it. Put the question in regard to road in a straight way. अभय चौटाला जी, मैं आपको कमैंट्री नहीं करने दूंगा।

श्री अभय सिंह चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय को बताना चाहूंगा कि मेरे हल्के में जब बाई इलैक्शन हो रहा था उस समय मुख्यमंत्री जी कंपेन के लिए मेरे हल्के के माधोसिंहाना गांव में गए थे वहां इनसे लोग मिले और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी आप जिस रोड से आए हैं वह ऐलनाबाद सिरसा सड़क तो गड्ढों से भरी पड़ी है, इस सड़क को क्या आप बनवाएंगे ? ये वहां पर आश्वासन देकर आए थे कि इस सड़क को दोबारा से नये सिरे से बनवाने का काम करेंगे। मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस सड़क के लिए बजट में पैसा रखा गया है और क्या इसे बनाया जाएगा ?

Shri Randeep Singh Surjewala: Speaker Sir, it is a separate question. मैं निवेदन करूंगा कि ये लिखकर दें और इस बारे में आपको नोटिस दें तो इसका जवाब हम देंगे।

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया ।

Veterinary Hospital at Safidon

***121. Shri Kali Ram Patwari :** Will the Animal Husbandry & Dairying Minister be pleased to state—

(a) whether there is any Veterinary Hospital in Safidon near Noorsar Pond; and

(b) whether any doctor is posted in the above stated hospital; if not, the reasons for not posting a doctor in this Hospital ?

कृषि मंत्री (सरदार परमवीर सिंह) :

(क) जी नहीं, श्रीमान।

(ख) श्रीमान् जी, सफीदों नगर में एक पशु चिकित्सालय कार्य कर रहा है तथा नूरसर तालाब इस नगर का ही भाग है, सरकार की नीति अनुसार एक ही स्थान पर दो पशु संस्थाएँ नहीं खोली जा सकती।

श्री कली राम पटवारी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वहां अस्पताल बना हुआ है और लोगों के अपने पैसे से बना हुआ है। जो पहले से वहां पशु अस्पताल है वह पश्चिम साइड में पड़ता है और जो नूरसर तालाब है यह पूर्व में है। इनका फासला करीब 4 किलोमीटर का है। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि शहर में इतनी आबादी है उसके बीचों बीच क्या पशु जा सकते हैं ? मैं सरकार से इस बारे में आश्वासन चाहूंगा कि वहां पर एक डॉक्टर नियुक्त किया जाए। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : मेरी आप सभी माननीय सदस्यों से प्रार्थना है कि प्लीज-आप प्राइमरी स्कूल के बच्चों की तरह से बिहेव मत करें।

सरदार परमबीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि मैं इस बारे में माननीय सदस्य को गवर्नमैंट की पॉलिसी से अवगत करवा चुका हूं कि म्यूनिसिपल लिमिट के तहत सफीदों टाउन में एक अस्पताल पहले से ही फंक्शन कर रहा है। सेम म्युनिसिपल लिमिट में दूसरा अस्पताल नहीं खोला जा सकता। जहां तक डॉक्टर की पोस्टिंग का सवाल है, वहां पहले से वी०एल०डी०ए० है।

श्री कली राम पटवारी : अध्यक्ष महोदय, वहां डॉक्टर की अत्यंत जरूरत है और पहले भी वहां डॉक्टर बैठा करता था। मैं सरकार से आश्वासन चाहूंगा कि क्या वहां पर डॉक्टर नियुक्त किया जाएगा?

Mr. Speaker : No, no. This is not the question. ऐसे 50 हॉस्पिटल लोगों ने बना रखे हैं वहां पर डॉक्टर नहीं जा सकते। जब सरकार किसी हॉस्पिटल को खोलती है तो उसकी बिल्डिंग बनाती है, डॉक्टर की पोस्ट को सैंक्शन करती है, उसके बाद वहां पर डॉक्टर भेजा जाता है ऐसे किसी डॉक्टर को नहीं भेजा जा सकता।

Haryana Roadways Bus Service

***116. Shri Pardeep Chaudhary:** Will the Transport Minister be pleased to state—

(a) whether there is any proposal to start Haryana Roadways bus Service from Nalaghat to Samlotha, Morni to Barisher and Morni to Tikartal; if so, the time by which it is likely to be started; and

(b) if not, the reasons thereof ?

परिवहन मंत्री (श्री ओम प्रकाश जैन) :

(क) जी नहीं, श्रीमान जी,

(ख) इन मार्गों की सड़कों की स्थलकृति और आयाम को देखते हुए हरियाणा रोडवेज बसों को सुरक्षित चलाने की अनुमति नहीं देते।

श्री प्रदीप चौधरी : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बड़ा अजीब सा जवाब दिया है। वहां पर 10-10, 15-15 किलोमीटर लम्बी रोड्ज हैं और ये रोड्ज 10-15 सालों से बनी हुई हैं। वहां पर पहाड़ी क्षेत्र है। चुनाव के समय वहाँ पर लोगों को आश्वासन दे दिया जाता है कि आपके एरिया में बसें चलने वाली हैं। चुनाव हो जाते हैं और वहां पर फिर कोई बस नहीं चलाई जाती है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से आश्वासन चाहूंगा कि क्या वहां पर मिनी बसिज़ का प्रावधान किया जाएगा ?

श्री ओम प्रकाश जैन : अध्यक्ष महोदय, हमारे विभाग ने नालाधाट से समलोथा तक हरियाणा रोडवेज की बस सेवा आरम्भ करने के लिए एक सर्वे किया था। उस सर्वे में यह पाया गया कि गांव काजड़ के निकट बिजली की तारें बहुत नीची हैं और गांव डुह के नजदीक वर्षा के पानी से सड़क टूटी हुई है। बस पुल के किनारे को छूती हुई निकलती है। यह सड़क बहुत अच्छी स्थिति में नहीं है। गांव डुह को पार करने के बाद मुह में एक कोहनी नुमा मोड़ है। वहां पर भी हरियाणा रोडवेज की बस लम्बी होने के कारण उसका मुड़ना मुश्किल हो जाता है। इन सबको देखते हुए यहां पर बस सेवा शुरू नहीं की जा सकती। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इसमें कोई शक की बात नहीं कि हमारी सरकार भी चाहती है कि वहां पर बस सुविधा होनी चाहिए। जहां तक माननीय सदस्य ने मिनी बस की बात की है तो हम किसी प्राईवेट पार्टी से बात करके कोशिश करेंगे कि वहां पर मिनी बस की सेवा शुरू की जाए।

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे काबिल साथी ने जो सवाल किया है यह बात ठीक है कि वहां के लोगों को आने-जाने की काफी दिक्कत है, लेकिन हरियाणा रोडवेज की बसिज बड़ी होने के कारण वहां पर न तो वे मुड़ सकती हैं और न ठीक तरह से जा सकती हैं। हम कोशिश करके शिवालिक डिवलैपमैंट बोर्ड के साथ बातचीत करके वहां पर पांच मिनी बसिज चलवायेंगे।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा कि किसी व्यक्ति से बात करके हम बसिज चला देंगे। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा ..... (विघ्न)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मैंने जवाब दे दिया है and that is over. सदन को आश्वासन दे दिया है फिर ये माननीय सदस्य ऐसी बात क्यों कर रहे हैं।

Mr. Speaker : Minister is replying. (interruptions) The Minister is speaking. आप बैठिए। मंत्री जी बोल रहे थे आप बीच में खड़े हो गए।

चौ० मोहम्मद इलियास : अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के समय में आदरणीय चौटाला साहब ने नूंह को मेवात डिस्ट्रिक्ट बना दिया था।

श्री अध्यक्ष : इस समय मोरनी क्षेत्र की बात करो। आप मेवात के क्षेत्र की बात न करें।

चौ० मोहम्मद इलियास : अध्यक्ष महोदय, ***

Mr. Speaker : No, no. Emphatically no. (interruptions). This is not the way. Nothing is to be recorded. (interruptions) I will not allow you. You are irrelevantly speaking.

Water Suply Facilities

***110. Rameshwar Dayal:** Will the Public Health Minister be pleased to state—

(a) whether it is a fact that 60% villages of Bawal Assembly Constituency have not been provided drinking water facilities by Public Health Engineering Department; and

(b) whether there is any proposal under consideration of the department to provide water supply in all the villages through Water Works in next financial year?

PWD (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :

(a) No, Sir. All villages have been provided with piped drinking water supply facilities.

(b) Question does not arise.

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह भी बताना चाहूंगा कि बावल विधान सभा के कुल 172 गांव हैं जिनमें से 43 गांव 5 कैनाल बेस्ड वाटर स्कीम्स में कवर होते हैं और 129 गांव 22 ट्यूबवैल बेस्ड वाटर स्कीम्स में कवर होते हैं । अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य और सदन की जानकारी के लिए बताना चाहूँगा कि बावल पीने के पानी के लिए और इरीगेशन वाटर के लिए डिफीकल्ट एरिया रहा है । यह डिफिकल्टी वहां आज से नहीं बल्कि जब से हरियाणा बना है तब से लगातार चल रही है । जैसे -जैसे औद्योगिक क्रांति का संचार हुआ है, दिल्ली से प्रोक्सीमिटी होने के बाद बहुत ज्यादा मजदूर और काम करने वाले लोग वहां आ गए हैं, इसलिए पानी पर प्रैशर और ज्यादा बढ़ा है । 54 गांव अभी भी ऐसे हैं जो आइडैंटीफाई किए गए हैं कि वहां पानी 40 एल०पी०सी०डी० से भी कम है । बहुत से विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जिनकी मैंने चर्चा की है कि वे डिफीकल्ट एरियाज हैं और वहां पीने के पानी की प्रोब्लम है। झज्जर का कुछ इलाका, रिवाड़ी का थोड़ा पोर्शन, महेन्द्रगढ़ का पूरा जिला, दादरी और लोहारू के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां पीने के पानी की समस्या है और बावल उनमें से एक है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री रामेश्वर दयाल राजोरिया : स्पीकर सर, आप हमारी बात तो सुनें।

---

*चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया ।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : रामेश्वर दास जी, मैं आपके विधानसभा क्षेत्र की चर्चा कर रहा हूं। वहां के जो डिफीकल्ट ऐरियाज हैं वह हमारी चिंता का विषय है । मुख्यमंत्री जी ने खुद बावल विधान सभा क्षेत्र का रिव्यू लिया था । 54 गांव ऐसे हैं जहां 40 एल०पी०सी०डी० से पानी कम है । इन 54 गांवों में से 13 गांव ऐसे हैं जहां पर 255 लाख 4 हजार रुपये की लागत से विशेष ऑगमैंटेशन स्कीमें हमने चालू की हैं । अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से इन स्कीमों की चर्चा सदन में करना चाहूंगा । मैं इस बारे में माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा क्योंकि यह इनकी जिज्ञासा भी है और सदन को जानने का अधिकार भी है । मामडिया और असामपुर में 9 लाख 15 हजार रुपये का काम अलाट किया गया है और अभी काम चालू हो जाएगा । बीढावास में 6 लाख 70 हजार रुपये के ए०आर०डब्ल्यू०एस०पी० के काम चालू किए गए हैं । मंडोरे और डामलवास के अंदर 10 लाख 25 हजार रुपये की लागत से काम चालू कर रखे हैं । लगभग 80 परसैंट काम पूरे हो गए हैं । खिजूरी में नाबार्ड की एक बहुत बड़ी स्कीम हम लेकर आए हैं । यह गांव बहुत बड़ा है और साथ में पड़ोस का इलाका भी कवर हो जाएगा । इस स्कीम पर 183 लाख 79 हजार रुपये लागत आनी थी लेकिन थोड़ा सा एक्सपैंडीचर इस पर फालतू हो गया है । इसका 80 से 85 परसैंट काम पूरा हो गया है । परागपुर के अंदर सुलखा और परागपुर के लिए 11 लाख 70 हजार रुपये की लागत से काम शुरू किए गए हैं । मेलावास के अंदर बवानगुजर और मेलावास के लिए 10 लाख 60 हजार रुपये की लागत से काम शुरू कर दिए गए हैं । पवार और मांगल तेजू दोनों गांवों के लिए 11 लाख 20 हजार रुपये की लागत से काम मंजूर किए गए हैं । जयसिंहपुर खेड़ा में भारंगी और जयसिंहपुर के लिए 11 लाख 65 हजार रुपये की लागत से काम शुरू किए हैं । माखड़िया के अंदर सहवासपुर, ढ़ाणी सेतो, राजपुरा और माखड़िया चारों गांवों के लिए लगभग 106 लाख रुपये की लागत से काम शुरू कर दिए गए हैं । यह स्कीम पूरी होने के नजदीक लग गई है । कुंडल के अंदर 7 लाख 95 हजार रुपये की लागत से काम शुरू किए हुए हैं । बसडूडा में 10 लाख 25 हजार रुपये की लागत से काम शुरू किए गए हैं । कमालपुर के अंदर 10 लाख रुपये की लागत से काम शुरू कर दिए गए हैं । चूड़ियावास में 10 लाख 40 हजार रुपये की लागत से काम शुरू हो गए हैं । खडौरा और रायसावास दोनों गांवों के लिए 13 लाख रुपये की लागत से काम शुरू कर दिए गए हैं । इससे ये गांव 40 एल०पी०सी०डी० से ऊपर आ जाएंगें ।

Mr. Speaker: Now the question hour is over.

नियम 45(1) के अधीन सदन की मेज पर रखे तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

Data of Power Thefts

***73. Shri Ashok Kumar Arora:** Will the Power Minister be pleased to state—

(a) the district-wise data of power thefts in the State for the year 2005 to january, 2010 togetherwith the amount of penalty imposed and recovered; and

(b) the number of cases, district-wise, pending with the various courts and the amount involved in these cases?

बिजली मंत्री (श्री महेन्द्र प्रताप) : सूचना के संचय में शामिल स्रोत तथा प्रयास इस सूचना से प्राप्त लाभ के अनुरूप नहीं है।

Shortage of Staff

***146. Shri Charanjeet Singh Rori:** Will the Health Minister to pleased to state whether it is a fact that there is shortage of staff, essential medicines and lack of sanitation in the Hospitals of villge Rori, Kalanwali and Baragurha of the Kalanwali Constituency, if so, the reasons thereof ?

शिक्षा मंत्री (श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल) : श्रीमान जी, कालांवाली निर्वाचन क्षेत्र के रोड़ी, कालांवाली तथा बड़ागुढ़ा गांवों के अस्पतालों में अमले की कुछ कमी है और इस सम्बन्ध में कारणों सहित स्टेटमेंट सदन के पटल पर रखी जाती है।

यद्यपि, इन अस्पतालों में जरूरी दवाइयों और सफाई की कोई कमी नहीं है।

अमले की विवरण की सूची

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़ागुढ़ा

क्रम संख्या	पद नाम	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6
1.	वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	1	1	0	
2.	चिकित्सा अधिकारी	2	1	1	शीघ्र भर लिये जाएंगे।
3.	दन्तक सर्जन	1	1	0	
4.	स्टाफ नर्स	5	4	1	पदों को भरने के लिए मांग-पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा हुआ है।
5.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)	10	10	0	
6.	बहुउद्देशीय सुपरवाईजर कार्यकर्ता (महिला)	2	2	0	
7.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष)	15	0	15	हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा साक्षात्कार लिया जा चुका है।
8.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाईजर (पुरुष)	3	3	0	
9.	औषधाकारक	2	2	0	
10.	प्रयोगशाला तकनीशियन	1	0	1	हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा साक्षात्कार लिया जा चुका है।

1	2	3	4	5	6
11.	प्रयोगशाला तकनीशियन मलेरिया	2	0	2	मांग-पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा हुआ है।
12.	आशुटंकक	1	0	1	पदों को भरने के लिए मांग-पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा हुआ है।
13.	खण्ड विस्तार शिक्षक	1	0	1	रिस्ट्रक्चरिंग के दौरान समाप्त हुए 8 पदों को रिस्टौर करने के लिए प्रस्ताव-पत्र सरकार को भेजा हुआ है।
14.	लिपिक	1	1	0	
15.	कम्प्यूटर क्लर्क	1	0	1	सेवा नियम संशोधन की प्रक्रिया में
16.	चतुर्थ श्रेणी	3	3	0	
17.	ड्राईवर	1	1	0	
18.	स्वीपर	1	1	0	
	कुल	53	30	23	

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रोड़ी

क्रम संख्या	पद नाम	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6
1.	चिकित्सा अधिकारी	2	2	0	
2.	दन्तक सर्जन	1	1	0	
3.	औषधाकारक	1	1	0	
4.	स्टाफ नर्स	1	0	1	पदों को भरने के लिए मांग-पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा हुआ है।

1	2	3	4	5	6
5.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)	8	6	2	पदों को भरने के लिए मांग-पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा हुआ है।
6.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाईजर (महिला)	1	1	0	
7.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष)	1	0	1	हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा साक्षात्कार लिया जा चुका है।
8.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाईजर (पुरुष)	1	1	0	
9.	सफाई कर्मचारी	1	0	1	शीघ्र भर लिये जाएंगे।
10.	चतुर्थ श्रेणी	1	1	0	
	कुल	18	13	5	

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कालांवली

क्रम संख्या	पद नाम	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6
1.	चिकित्सा अधिकारी	1	1	0	
2.	एल०एम०ओ०	1	1	0	
3.	दन्तक सर्जन	1	1	0	
4.	दन्तक मैकेनिक	1	1	0	
5.	औषधाकारक	1	1	0	
6.	स्टाफ नर्स	1	1	0	
7.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)	11	7	4	पदों को भरने के लिए मांग-पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा हुआ है।
8.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाईजर (महिला)	1	1	0	

1	2	3	4	5	6
9.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष)	2	1	1	हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा साक्षात्कार लिया जा चुका है।
10.	बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाईजर (पुरुष)	1	1	0	
11.	प्रयोगशाला तकनीशियन	1	0	1	हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा साक्षात्कार लिया जा चुका है।
12.	सफाई कर्मचारी	1	0	1	शीघ्र भर लिये जाएंगे।
13.	चतुर्थ श्रेणी	1	1	0	
	कुल	24	17	7	

Solid Waste Management Scheme

***150. Smt. Kavita Jain:** Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to start the solid waste management scheme in Sonepat City; and

(b) if so, the draft of the above said scheme togetherwith the time by which this scheme is likely to be started; and if not, the reasons thereof ?

बिजली मंत्री (श्री महेन्द्र प्रताप) :

(क) हाँ, श्रीमान जी।

(ख) नगरपरिषद, सोनीपत ने सोनीपत शहर की ठोस कचरा प्रबन्धन योजना के लिए 14 एकड़ 4 कनाल भूमि गांव सांदल कलां, सोनीपत में चिन्हित की है, जिसके लिए सरकार ने भू-अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा-4 व 6 के अन्तर्गत अधिसूचना जारी की है। गांव सांदल कलां, सोनीपत के निवासियों ने उपरोक्त वर्णित अधिसूचनाओं को निरस्त करने हेतु माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। क्योंकि मामला न्यायालय के विचाराधीन है, इस योजना के प्रारम्भ करने की तिथि की प्रतिबद्धता इस स्थिति में नहीं की जा सकती।

HERC Regulation

***111. Smt. Sampat Singh :** Will the Power Minister be pleased to state—

(a) the details of HERC Regulations No. HERC/04/2004, dated 16-7-2004 on Standards of Performance of disribution Licensee togetherwith the time when the above said regulation was implemented by the Discoms;

(b) the total number of persons who applied for compensation under this Regulation and amount received as compensation;

(c) the format of complaint book maintained by power utilities for the consumers and weather these complaint books are checked by any senior officials/officers of the Discoms; and

(d) the number of such compaint book which were not found properly maintained when the complaint books are checked by officials/officers of the Discoms togetherwith the action taken against erring official and number thereof ?

बिजली मंत्री (श्री महेन्द्र प्रताप) : श्रीमान, विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

विवरण

(ए) हर्क के रेगुलेशन नं० हर्क/04/2004, दिनांक 17-07-2004 का विवरण अनुबन्ध-I पर प्रस्तुत है। रेगुलेशनों के प्रावधानों के अनुसार ये रैगूलेशन 1 फरवरी, 2005 से लागू हुई थी।

(बी) शून्य।

(सी) शिकायत पुस्तिका का फारमेट अनुबंध-II पर प्रस्तुत है। शिकायत पुस्तिका की नियमित रूप से वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का दौरा करते समय जांच की जाती है।

(डी) शून्य।

हरियाणा सरकार गजट (अतिरिक्त) जुलाई 16, 2004

(ए०एस०ए०आर० 25, 1926 साका)

अनुबन्ध-1

हरियाणा विद्युत नियामक आयोग, पंचकूला

अधिसूचना

दिनांक 16 जुलाई, 2004

अधिनियम संख्या - ह०वि०नि०आ०/04/2004

वितरण लाईसैन्सधारी के लिए कार्यकुशलता के मानदण्ड

विद्युत अधिनियम, 2003 (अधिनियम संख्या 2003 की 36) की धारा 181 की उपधारा 2 (जेड ए) एवं 2 (जेड बी) के साथ पठित धारा 57 एवं 59 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों तथा इस संबंध में सभी अन्य अधिकारों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा विद्युत नियामक आयोग इन अधिनियमों के माध्यम से वितरण लाइसैन्सधारी के लिए कार्यकुशलता के मानदण्डों का उल्लेख करता है।

भाग-1

सामान्य

1. **लघु शीर्षक, प्रारम्भ एवं व्याख्या**

(1) इन अधिनियमों को हरियाणा विद्युत नियामक आयोग अधिनियम, 2004 (वितरण लाइसैन्सधारी के लिए कार्यकुशलता के मानदण्डों) के नाम से पुकारा जाए।

(2) ये अधिनियम हरियाणा राज्य में विद्युत के वितरण एवं परचून आपूर्ति में कार्यरत सभी लाइसैन्सधारियों पर लागू होंगे।

(3) इन अधिनियमों का सम्पूर्ण हरियाणा राज्य में विस्तार होगा।

(4) ये अधिनियम हरियाणा राज्य गजट में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

(5) पंजाब सामान्य धाराएं अधिनियम, 1898 (1898 का अधिनियम 1) जो हरियाणा राज्य को लागू है, इन अधिनियमों की व्याख्या के लिए लागू होगा।

2. **परिभाषाएं**

2.1 इन अधिनियमों में जब तक सन्दर्भ अन्यथा हो

(क) अधिनियम से अभिप्राय है विद्युत अधिनियम, 2003 ।

(ख) आपूर्ति का क्षेत्र से अभिप्राय है वह क्षेत्र जिसके अन्दर एक लाइसैन्सधारी को उसके लाइसैन्सधारी द्वारा विद्युत आपूर्ति करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(ग) आयोग से अभिप्राय है हरियाणा विद्युत नियामक आयोग।

(घ) उपभोक्ता से अभिप्राय है, कोई व्यक्ति जिसे एक लाईसैन्सधारी या सरकार या उस अधिनियम या अन्य नियमों जो थोड़े समय के लिए लागू हो उसके द्वारा जनता का विद्युत आपूर्ति के व्यापार में किसी व्यक्ति द्वारा उसके निजी प्रयोग के लिए विद्युत की आपूर्ति की जाती हो तथा इसमें कोई ऐसा व्यक्ति भी शामिल है। जिसके परिसर लाईसैन्सधारी सरकार या ऐसे अन्य व्यक्ति जैसा भी मामला हो, के कार्यों के साथ थोड़े समय के लिए बिजली प्राप्त करने वाले व्यक्ति के साथ जुड़े हों।

(ङ) अतिरिक्त उच्च टैंशन/अतिरिक्त उच्च वोल्टेज से अभिप्राय है सामान्य स्थितियों के अन्तर्गत 33000 वोल्टस से अधिक वोल्टेज।

(च) उच्च टैन्शन/उच्च वोल्टेज से अभिप्राय है 400 वोल्ट से अधिक परन्तु 33000 वोल्ट्स से 400 अधिक नहीं।

(छ) लाइसैन्सधारी से अभिप्राय है वितरण तथा/या परचून आपूर्ति लाइसैन्सधारी।

(ज) कम टैन्शन/कम वोल्टेज से अभिप्राय है सामान्य स्थितियों में 400 वोल्ट्स से कम वोल्टेज।

(झ) कम भार की अवधि से अभिप्राय है एक अवधि जिसके दौरान मांग आपूर्ति से अधिक हो तथा फालतू मांग को पूरा करने के लिए कोई स्पेयर/रिजर्व क्षमता उपलब्ध नहीं हो तथा एस०एल०डी०सी० ने लाईसैन्सधारी को निर्देश दिए हों कि भार को कम किया जाए या ओवरलोडिंग से बचा जाए। इस अवधि के दौरान लाईसैन्सधारी को उचित लोड शैडिंग

पर कायम रहना चाहिए या कोई अन्य साधन अपनाने चाहिए ताकि जैसा कि नियमन में उल्लिखित है। उससे अधिक समय के लिए एक ही उपभोक्ता का नुकसान न हो। इसके अन्तर्गत ग्रिड के असफल होने की अवधि शामिल नहीं है।

(ट) अनुसूची (शेडयूल्ड) आउटेज की अवधि से अभिप्राय है इस अवधि जिसके दौरान एक उत्पादन इकाई विद्युत केन्द्र या सम्प्रेषण प्रणाली का भाग खराब होने पर या वितरण प्रणाली आवश्यक मरम्मतों एवं एक योजनाबद्ध तरीके से बचाव अनुरक्षण करने पर कैपेसिटर की कमी करनी पड़े।

(ठ) इसमें प्रयोग में लाई गई सभी अभिव्यक्तियां जो इसमें विशेष रूप से परिभाषित नहीं की गई परन्तु अधिनियम में परिभाषित की गई है उनका अर्थ अधिनियम में उनको दर्शाया गया है, वही होगा। एतद् द्वारा यहां प्रयुक्त अन्य अभिव्यक्तियां एतद् परन्तु जो इन अधिनियमों या ऐक्ट में विशिष्ठ रूप से परिभाषित नहीं की गई है परन्तु हरियाणा विद्युत सुधार अधिनियम के अन्तर्गत परिभाषित की गई हैं उनका अर्थ वही होगा जो उपरोक्त अधिनियम में दिया गया है, शर्ते कि हरियाणा विद्युत सुधार अधिनियम, 1997 में ऐसी परिभाषाएं विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के विरुद्ध न हो।

अध्याय-2

कार्यकुशलता के मानदण्ड

कार्यकुशलता का गारन्टीशुदा एवं समग्र मानदण्ड

3.1 निर्दिष्ट कार्यकुशलता के मानदण्ड के सन्दर्भ में सेवाओं की गुणवत्ता निरन्तरता एवं विश्वसनीयता। वह होगा जो एक लाइसैन्सधारी अपने कर्त्तव्यों को निभाने में लाइसैन्सधारी के रूप में प्राप्त करेगा। वही सेवा का न्यूनतम मानदण्ड होगा।

3.2 अनुसूची में निर्दिष्ट कार्यकुशलता के मानदण्ड कार्यकुशलता के उन गारन्टीशुदा मानदण्डों से संबंध रखते हैं जिसके लिए ऐसे उपभोक्ता जिनके विरुद्ध उल्लंघन की तिथि पर कोई बकाया नहीं है वे लाईसैन्सधारी द्वारा कार्यकुशलता के मानदण्डों को प्राप्त करने में असफल होने पर अनुसूची में व्यवस्थित तरीके में मुआवजा के लिए पात्र है।

3.3 कृषि श्रेणी (कृषि) पम्पसैट के अन्तर्गत इच्छुक आवेदनों के मामले में लाइसैन्सधारी की बाध्यता एक वित्तीय वर्ष के लिए कृषि सम्बन्धी कनैक्शन जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा निश्चित लक्ष्य के अन्दर आने वाले कनैक्शनों की संख्या तक सीमित होगी। एक आगामी वर्ष के लिए लक्ष्य वर्ष के शुरू होने से कम से कम 2 महीने पूर्व निर्धारित करके जनता को सूचित किए जाने चाहिए। यदि आवेदकों का मामला वर्ष के लिए निश्चित कृषि पम्प सैट कनैक्शनों के कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जा सकता तो आवेदकों के आवेदनों की प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर लाईसैन्सधारी आवेदकों को लिखित में सूचित करेगा।

3.4 अनुसूची-II कार्यकुशलता के उन समग्र मानदण्डों से संबंधित है जो लाइसैन्सधारी के रूप में लाइसैन्सधारी अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में प्राप्त करने की अपेक्षा करने वाली कार्यकुशलता के स्तर को दर्शाता है।

4. **संशोधन का अधिकार**

आयोग अनुसूची I, II, III की विषय सूची सहित इन अधिनियमों के किसी प्रावधानों को किसी समय जोड़ भिन्न, परिवर्तन संशोधन या बदल सकता है।

5. **छूट**

5.1 इन अधिनियमों में उल्लिखित कार्यकुशलता के मानदण्ड आकस्मिक उत्पन्न मजबूरन स्थितियों जैसे युद्ध, उपद्रव, मारकाट, दंगे, बाढ़, तूफान, आसमानी बिजली गिरने, भूकम्प या लाइसैन्सधारी के नियंत्रण से परे किसी कारण उत्पन्न स्थिति तथा हड़ताल, तालाबन्दी, लाइसैन्सधारी की संस्थापनाओं एवं क्रियाकलापों को प्रभावित करने वाली आगजनी के दौरान स्थगित करेंगे।

5.2.1 आयोग सामान्य या विशेष आदेश के द्वारा जो लाइसैन्सधारी या प्रभावित उपभोक्ता समूह की सुनवाई करने के बाद इस उद्देश्य के लिए जारी किए गए हों यदि आयोग सन्तुष्ट हो जाए कि ऐसी चूक लाइसैन्सधारी की ओर से न होकर अन्य कारणों से हुई है तथा लाइसैन्सधारी के नियंत्रण से परे है तथा आगे लाइसैन्सधारी ने अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रयत्न किए हैं तो लाइसैन्सधारी को कार्यकुशलता के किसी मानदण्ड में किसी चूक के लिए उपभोक्ताओं की क्षतिपूर्ति के दायित्व से मुक्त कर सकता है।

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY

अध्याय-III

मुआवजा

6. **मुआवजा**

6.1 यदि लाइसैन्सधारी अनुसूची में निर्दिष्ट कार्यकुशलता के मानदण्डों को पूरा करने में असफल होता है तो लाइसैन्सधारी को प्रभावित ऐसे उपभोक्ता जिनके विरुद्ध उल्लंघन की तिथि पर कोई बकाया नहीं हो उनको अनुसूची-I में कार्यकुशलता के मानदण्डों के सम्मुख दर्शाए गए मुआवजे का भुगतान करना होगा।

6.2 लाइसैन्सधारी एक उपभोक्ता की प्रत्येक शिकायत को पंजीकृत करेगा। लाइसैन्सधारी स्वत: उत्तरदायिनी मशीन के माध्यम से उपभोक्ता की प्रत्येक शिकायत के पंजीकरण को कम्प्यूट्रीकृत करेगा या किसी अन्य साधनों के द्वारा से ऐसा करके उपभोक्ता को शिकायत संख्या स्वत: सूचित करेगा।

6.3 सभी उपभोक्ताओं को उचित सेवाएं देने तथा मानदण्डों के उल्लंघन से संबंधित किसी विवाद से बचने के लिए लाइसैन्सधारी कार्यकुशलता मानदण्डों से संबंधित उपभोक्ता अनुसार रिकार्ड रखेगा।

6.4 मुआवजे की सभी भुगतान विद्युत आपूर्ति के लिए वर्तमान चालू तथा या भावी बिलों के विरुद्ध समंजन करके किया जाएगा।

बशर्ते कि जहां दावेदार निगम का उपभोक्ता होने की समाप्ति की स्थिति में मुआवजा नकद/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा।

बशर्ते कि मुआवजा कार्यकुशलता के गारन्टीशुदा मानदण्डों की उल्लंघना की तिथि से 90 दिन के अन्दर किया जाएगा। यदि मुआवजा बिजली की आपूर्ति के वर्तमान चालू

तथा/या भावी बिलों में समंजन योग्य नहीं हो तो उसे नकद/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा भुगतान किया जाएगा। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मुआवजा कार्यकुशलता को गारन्टीशुदा मानदण्डों की उल्लंघन तिथि से 90 दिन के अन्दर दिया गया है।

7. **मुआवजे के भुगतान के लिए तरीका**

7.1 मुआवजे के लिए दावा निम्न तरीके से निपटाया जाएगा।

7.2 स्वत:

इस भुगतान के तरीके के अनुसार लाइसैन्सधारी को एक विशेष मानदण्ड की अनुपालना करने पर प्रभावित उपभोक्ता को स्वत: आगामी बिलों के क्रम में मुआवजा धनराशि का भुगतान करना होगा।

7.3 दावा जो किया जाना है

भुगतान के इस तरीके में आवश्यक है कि उपभोक्ता लाइसैन्सधारी के ध्यान में लाये कि मानदण्ड की उल्लंघना हुई है तथा तदनुसार वह लाइसैन्सधारी से मुआवजे की राशि का दावा करेगा। लाइसैन्सधारी एक निर्णय लेगा तथा यदि उत्तरदायी पाया गया तो उपभोक्ता को कार्यकुशलता के एक गारन्टी शुदा मानदण्डों की उल्लंघना की तिथि से 90 दिनों के अन्दर मुआवजे का भुगतान करेगा।

अध्याय-IV

सूचना देना, आदेश जारी करना

8. **कार्यकुशलता के मानदण्डों पर सूचना**

8.1 प्रत्येक लाइसैन्सधारी निम्नलिखित सूचना अनुसूची-III में प्रस्तुत प्रोफोर्मा में आयोग को भेजेगा।

(क) इन अधिनियमों की अनुसूची I एवं II के अन्तर्गत आने वाले मुद्दों के संबंध में प्राप्त कार्यकुशलता का स्तर त्रैमासिक प्रस्तुत किया जाएगा।

(ख) इन अधिनियमों के अन्तर्गत भुगतान किए गए मुआवजों की संख्या तथा प्रत्येक मामले में मुआवजे की धनराशि त्रैमासिक प्रस्तुत की जाएगी।

8.2 आयोग जैसा उचित समझे उस तरीके में कम से कम वर्ष में एक बार उपरोक्त सूचना के प्रकाशन के लिए व्यवस्था करेगा।

8.3 विश्वसनीयता संकेतिका

(क) 1998 के इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियर्स संस्थान (आई०ई०ई०ई०) स्टैण्डर्ड्ज 1366 द्वारा निम्नलिखित विश्वसनीयता/आउटेज इन्डिसिज निर्धारित की गई है, 2004-05 से आगे लाईसैन्सधारी निम्नलिखित निर्दिष्ट फार्मूला एवं तरीके के अनुसार इन इन्डिसिज के मूल्य की रिपोर्ट की गणना तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा:-

(i) प्रणाली औसत बाधा फ्रिक्वैन्सी इन्डैक्स (एस०ए०आई०एफ०आई०)

(ii) प्रणाली औसत बाधा अवधि इन्डैक्स (एस०ए०आई०डी०आई०)

(iii) क्षणिक औसत बाधा फ्रिक्वैन्सी इन्डैक्स (एस०ए०आई०एफ०आई०)

(ख) वितरण प्रणाली विश्वसनीयता इंडिसिज की गणना का तरीका :—

वितरण लाईसैंसधारी के लिए स्टेकिंग द्वारा समग्र रूप में प्रत्येक मास आपूर्ति क्षेत्र में सभी 11 के०वी० फीडरों के लिए इन्डिसिज की गणना की जाएगी इसमें कृषि संबंधी भारों की प्रमुखता वाली शामिल नहीं होगी तथा तब उस मास में प्रत्येक फीडर के लिए सभी बाधाओं की अवधि तथा संख्यात को जोड़ दिया जाएगा। उसके बाद इन्डिसिज को निम्नलिखित फार्मूला प्रयोग में लाते हुए गणना की जाएगी।

1. एस०ए०आई०एफ०आई० $\dfrac{\sum_{i=1}^{n} (A_i * N_i)}{N_t}$

A_i = प्रत्येक मास के लिए 1 फीडर पर आई रुकावटों (प्रत्येक 5 मिनटों से अधिक) की कुल संख्या

N_i = प्रत्येक रुकावट के कारण फीडर सहित सम्बद्ध भार

N_t = वितरण लाइसैन्सधारी के आपूर्ति क्षेत्र में 11 के०वी० के कुल सम्बद्ध भार

n_i = आपूर्ति की लाइसैन्स प्रदत्त क्षेत्र में 1 के०वी० फीडरों की संख्या (प्रमुख रूप से कृषि भारों की सेवारत्त को शामिल न करके)

2. एस०ए०आई०डी०आई० $\dfrac{\sum_{i=1}^{n} (B_i * N_i)}{N_t}$

जहां,

B_i = एक मास के लिए ith फीडर पर आई सभी रुकावटों की कुल अवधि

3. एम०ए०आई०एफ०आई० $\dfrac{\sum_{i=1}^{n} (C_i * N_i)}{N_t}$

C_i = मास के लिए ith फीडर पर क्षणिक रुकावटों (प्रत्येक 5 मिनटों से कम या बराबर) की कुल संख्या

नोट :- फीडरों को ग्रामीण एवं शहरी में पृथक किया जाए तथा प्रत्येक मास के लिए इन्डिसिज का मूल्य पृथक रूप से रिपोर्ट किया जाए। टी०आर० के कारण भार बाधाएं, विजलकंट शट डाऊन इन्डिसिज की गणना करते समय हिसाब से नहीं लिया जाएगा।

(i) लाईसैन्सधारी इन इन्डिसिज की कृषि संबंधी भारों की प्रमुखता वाले फीडरों के लिए पृथक मूल्य की गणना करेगा। इन्डिसिज की गणना के लिए तरीका वही होगा जो अन्य फीडरों के मामले में है।

(ii) लाईसैन्सधारी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर आयोग इन इन्डिसिज के लिए वार्षिक लक्ष्य स्तर अधिसूचित करेगा।

9. **आदेशों तथा अभ्यास निर्देशों का जारी करना**

ऐक्ट एवं इन अधिनियमों के प्रावधानों के शर्त पर आयोग समय-समय पर अनुगम किए जाने वाले नियमों एवं तरीकों के क्रियान्वय से संबंधित आदेशों अभ्यास निर्देश जारी करेगा।

10. **मुश्किलों को दूर करने का अधिकार—**

10.1 इन अधिनियमों के प्रावधानों को कार्यारूप देने में यदि कोई मुश्किल सम्मुख आती है तो आयोग सामान्य या विशेष आदेश द्वारा ऐक्ट के प्रावधानों के प्रतिकूलन होने वाली कुछ भी करने जो मुश्किलों को दूर करने के उद्देश्य के लिए आवश्यक या त्वरित है, के निर्देश दे सकता है।

10.2 इन अधिनियमों के क्रियान्वयन में आने वाली किसी मुश्किल को दूर करने के लिए लाईसैन्सधारी आयोग को एक आवेदन पत्र उचित आदेश देने के लिए प्रस्तुत कर सकता है।

11. **क्रियान्वयन / ट्रान्जीशन अवधि**

आयोग द्वारा पहले ही स्वीकृत दस्तावेजों के साथ सेवा देने के लिए अधिकतम समय सीमा दर्शाने वाला मानदण्ड मेल खाता है। उसको क्रियान्वयन के लाईसैन्सधारी को कोई मुश्किल नहीं आनी चाहिए। लाईसैन्सधारी को इस अधिनियम की अधिसूचना की तिथि से आवश्यक संरचना उत्पन्न करने के लिए 6 मास की अवधि की अनुज्ञा दी जाएगी / प्रणाली को पूर्णरूपेण सही तथा क्रियान्वयन योग्य बनाने के लिए प्रथम फरवरी, 2005 से मोक अभ्यास किया जाएगा। इन अधिनियमों के प्रावधानों के संदर्भ में उपभोक्ता को मैट्रिक मुआवजा का भुगतान शहरी उपभोक्ताओं के लिए प्रथम अगस्त, 2005 तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए प्रथम अगस्त, 2006 से शुरू होगा।

12. **सेविंग्ज (छूट देना)**

इन अधिनियमों में उपभोक्ता के अधिकारों एवं अवसरों को उपभोक्ता सुरक्षा एक्ट, 1986 (1986 का ऐक्ट 68) सहित कोई अन्य कानून के अन्तर्गत प्रभावित नहीं करेगा।

अनुसूची-I

कार्यकुशलता के गारन्टीशुदा मानदण्ड

क्र. सं.	सेवा की प्रकृति		मानदण्ड (सेवा देने के लिए अधिकतम समय सीमा दर्शाते हुए)		प्रभावित उपभोक्ता को देय योग्य मुआवजे की धनराशि	भुगतान का तरीका
1.	सामान्य फ्यूज बन्द	शहरों एवं कस्बों में	4 घण्टों के अन्दर	शिकायत मिलने के 2 घंटे के अन्दर। यदि शिकायतकर्ता ने पूछा हो तो शिकायतकर्ता को आपूर्ति बहाल करने में लगने वाले सम्भावित समय के बारे में सूचित किया जाएगा।	प्रत्येक फाल्ट मामले में 100 रुपए	स्वत:
		ग्रामीण क्षेत्रों में	8 घण्टों के अन्दर		प्रत्येक प्रभावित उपभोक्ता को 100 रुपये	स्वत:
2.	लाइन ब्रेकडाऊन	शहरों एवं कस्बों में	8 घण्टों के अन्दर (यदि पोल टूटा हो तो 12 घण्टों में)			
		ग्रामीण क्षेत्रों में	16 घण्टों के अन्दर (यदि पोल टूटा हो तो 24 घण्टों में)			
3.	वितरण ट्रांसफार्मर फेल हो जाना	शहरों एवं कस्बों में	24 घण्टों के अन्दर		प्रत्येक सम्भावित उपभोक्ता को प्रतिदिन 100 रुपए या उसका भाग अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर	स्वत:
		ग्रामीण क्षेत्रों में	48 घण्टों के अन्दर			
4.	प्रमुख विद्युत फेल हो जाना जिसमें विद्युत ट्रांसफार्मर उपकरण शामिल हैं	शहरों एवं कस्बों में	7 दिनों के अन्दर			
		ग्रामीण क्षेत्रों में	24 घण्टों के अन्दर विद्युत			

			आपूर्ति के वैकल्पिक प्रबन्ध किए जाएं।			
5.	लोड शैडिंग अवधि	लगातार 4 दिनों के लिए 4 घंटे प्रतिदिन से अधिक नहीं	सामान्य आपूर्ति 72 घंटों में बहाल की जानी है		प्रत्येक सम्भावित उपभोक्ता को प्रतिदिन 100 रुपए या उसका भाग अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर	स्वत:
6.	निर्धारित आऊटेजिज की अवधि	एक समय पर अधिकतम	किसी भी दिन 8 घंटों से अधिक नहीं	उपभोक्ता को 24 घंटे पूर्व सूचना दी जाए	प्रत्येक प्रभावित उपभोक्ता को 200 रुपए	स्वत:
		आपूर्ति को बहाल करना	किसी भी दिन 6 बजे सायं तक			
7.	वोल्टेज भिन्नताएं एलटी=+/-6% एचवी=+6% एवं -9% ईएचवी=+10% एवं -12.5%	जहां कोई विस्तार कार्य शामिल न हो	शहरी एवं कस्बों में 4 घंटे के अन्दर तथा	शिकायत प्राप्ति के 2 घंटे के अन्दर	डिफाल्ट के प्रत्येक मामले में 100 रुपए	स्वत:
			ग्रामीण क्षेत्र में 8 घण्टों के अन्दर	शिकायतकर्ता को शिकायत निवारण में लगने वाले सम्भावित समय के बारे में सूचित किया जाएगा।		
		जहां एलटी वितरण प्रणाली का अपग्रेडेशन की आवश्यकता है	60 दिनों के अन्दर		प्रत्येक सम्भावित उपभोक्ता को प्रतिदिन 100 रुपए या उसका भाग अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर	
		जहां उच्च टेन्शन/ईएचटी वितरण प्रणाली का अप ग्रेडेशन की आवश्यकता है	180 दिनों के अन्दर			

		आपूर्ति वोल्टेज की 2% से अधिक न्यूट्रल तथा न्यूट्रल वोल्टेज का खोलना	4 घण्टों के अन्दर		डिफाल्ट के प्रत्येक मामले में 100 रुपए	
8.	मीटर शिकायत से	सही होने को निरीक्षण तथा चैक करना	मीटर टैस्टिंग फीस की प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर		देरी के प्रत्येक दिन के लिए 100 रुपए अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर	स्वत:
		धीमें/तीव्र मीटरों का बदलना	चैकिंग पर ऐसा पाये जाने के 7 दिनों के अन्दर			
		रुके हुए की क्रीपिंग को बदलना	चैकिंग पर ऐसा पाये जाने के 7 दिनों के अन्दर			
		यदि उपभोक्ता का कसूर न हो तो जले हुए मीटर को बदलना	शिकायत प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर		डिफाल्ट के प्रत्यरोक मामले में 200 रुपये	स्वत:
		अन्य सभी मामलों में जले हुए मीटरों का बदलना			उपभोक्ता द्वारा प्रभारों के भुगतान के 24 घण्टों के अन्दर	
9.	नये कनेक्शन/ अतिरिक्त भार/ अस्थाई कनेक्शन के लिए आवेदन पत्र	जहां वर्तमान नेटवर्क से आपूर्ति करने का औचित्य बनता है वहां आपूर्ति जारी करना	निर्धारित प्रभारों सहित सभी तरह से पूर्ण आवेदन पत्र की प्राप्ति के एक मास के अन्दर		एक्ट के भाग 44 तथा अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रत्येक दिन के लिए 200 रुपए	स्वम:
		कनेक्शन देने के लिए वितरण नेटवर्क विस्तार/नये उपकेन्द्र की स्थापना की आवश्यकता है	विस्तार/स्थापना के बाद शीघ्र या आयोग द्वारा जैसा निर्दिष्ट किया गया हो उस अवधि के अन्दर		एक्ट के भाग 44 की शर्त पर एलटी के मामले में 200 रुपए प्रतिदिन एचटी एवं	दावा किया जाना है

		वहां बिजली की आपूर्ति जारी करना		इएचटी के मामले में 500 रुपए प्रतिदिन तथा नये उपकेन्द्र की स्थापना में डिफाल्ट के मामले में 1000 रुपए प्रतिदिन	
		कृषि पम्प सैटों	वरिष्ठता प्राप्त करने के बाद 30 दिनों के अन्दर (नये कनैक्शनों की संख्या वर्ष के लिए निश्चित किए गए लक्ष्य पर सीमित होंगे)	एक्ट के भाग 44 तथा अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	स्वत:
10.	मालिकाना का ट्रांसफर करना, श्रेणी का बदल जाना		सभी तरह से पूर्ण आवेदन पत्र की प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर	अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	स्वत:
11.	एलटी सिंगल फेश से एल थ्री फेश का कन्वर्शन, एलटी से एचटी तथा विपरीत (वाइस वरसा) कन्वर्शन		प्रभारों के भुगतान की तिथि से 30 दिनों के अन्दर	अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	स्वत:
12.	उपभोक्ता की बिलों से संबंधित शिकायतों का निपटान करना	यदि कोई अतिरिक्त सूचना की आवश्यकता नहीं है	शिकायत प्राप्ति के 24 घण्टों के अन्दर	अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	
		यदि अतिरिक्त सूचना की आवश्यकता है	शिकायत प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर		

13	कनैक्शन कटने के बाद आपूर्ति को पुन: कनैक्शन देना	शहरों तथा कस्बों में	उपभोक्ता के भुगतान की प्राप्ति के 6 घण्टों के अन्दर	अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	स्वत:
		ग्रामीण क्षेत्रों में	उपभोक्ता के भुगतान की प्राप्ति के 12 घण्टों के अन्दर		
14.	अग्रिम उपभोक्ता डिपोजिटस/उपयोग प्रतिभूति मीटर प्रतिभूति का वापस भुगतान (रिफंड) करना		अनुरोध की प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर	अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	दावा किया जाना है
15.	अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना		अनुरोध की प्राप्ति के अगले दिन सायं 5 बजे तक	अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	दावा किया जाना है
16.	मोटर/सर्विस कनैक्शन की शिफ्टिंग	मोटर/सर्विस कनैक्शन की शिफ्टिंग	निर्धारित प्रभारों सहित अनुरोध प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर	अधिकतम 3000 रुपए की शर्त पर डिफाल्ट के प्रतिदिन के लिए 100 रुपए	स्वत:
	लाइन/उपकरण	एलटी/एचटी लाइनों की शिफ्टिंग	निर्धारित प्रभारों के साथ अनुरोध प्राप्ति के बाद 45 दिनों के अन्दर		दावा किया जाना है
		ट्रांसफार्मर संरचना की शिफ्टिंग	निर्धारित प्रभारों सहित अनुरोध प्राप्ति के 60 दिनों के अन्दर		

अनुसूची-II

कार्यकुशलता के समग्र मानदण्ड

क्र. सं.	सेवा की प्रकृति		मानदण्ड (सेवा देने के लिए समय सीमा दर्शाते हुए)	कार्यकुशलता का समग्र मानदण्ड
1.	सामान्य फ्यूज बन्द	शहरों एवं कस्बों में	4 घण्टों के अन्दर	99%
		ग्रामीण क्षेत्रों में	8 घण्टों के अन्दर	
2.	लाइन ब्रेकडाऊन	शहरों एवं कस्बों में	8 घंटों के अन्दर (यदि पोल टूटा हुआ हो तो 12 घण्टों में)	95%
		ग्रामीण क्षेत्रों में	16 घंटों के अन्दर (यदि पोल टूटा हुआ हो तो 24 घण्टों में)	
3.	वितरण ट्रांसफार्मर असफल होने पर	शहरों एवं कस्बों में	24 घण्टों के अन्दर	95%
		ग्रामीण क्षेत्रों में	48 घण्टों के अन्दर	
4.	विद्युत ट्रांसफार्मर /उपकरण इत्यादि सहित वृहद विद्युत असफल होने पर	शहरों एवं कस्बों में	7 दिनों के अन्दर प्रभावित क्षेत्र को बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए 24 घंटों के अन्दर वैकल्पिक प्रबन्ध किए जाने हैं।	95%
		ग्रामीण क्षेत्रों में		
5.	लोड शैडिंग की अवधि	4 दिनों के लिए निरन्तर प्रतिदिन 4 घंटों से अधिक नहीं	72 घंटों के अन्दर-अन्दर सामान्य आपूर्ति बहाल की जानी है।	95%
6.	निर्धारित आऊटेजिज की अवधि	एक समय पर अधिकतम	किसी भी दिन 8 घंटों से अधिक नहीं	99%
		आपूर्ति बहाल करना	किसी भी दिन 6 बजे सायं तक	
7.	वोल्टेज भिन्नताएं	जहां नेटवर्क का कोई विस्तार आवश्यक न हो	शहरों एवं कस्बों में 4 घंटे के अन्दर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 8 घण्टों के अन्दर	95%
		जहां एलटी वितरण प्रणाली का अपग्रेडेशन की आवश्यकता है	60 दिनों के अन्दर	90%
		जहां उच्च टेन्शन/ ईएचटी वितरण प्रणाली की अपग्रेडेशन की आवश्यकता है	180 दिनों के अन्दर	85%
		आपूर्ति वोल्टेज से अधिक न्यूट्रल तथा न्यूट्रल वोल्टेज का खोलना	4 घण्टों के अन्दर	99%

8.	मीटर शिकायत से	सही होने की निरीक्षण तथा चैक करना	मीटर टैस्टिंग फीस की प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर	95%
		धीमे/तीव्र मीटरों का बदलना	चैकिंग में ऐसा हुआ पाये के 7 दिनों के अन्दर	
		रुके हुए की क्रीपिंग को बदलना	शिकायत मिलने के 7 दिनों के अन्दर	
		उपभोक्ता का कसूर न हो तो जले हुए मीटर को बदलना	शिकायत प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर	
		अन्य सभी मामलों में जले हुए मीटरों का बदलना	उपभोक्ता द्वारा प्रभारों के भुगतान के 24 घण्टों के अन्दर	
9.	नये कनैक्शन/ अतिरिक्त भार / अस्थाई कनैक्शन के लिए आवेदन पत्र	जहां वर्तमान नेटवर्क से सेवा देने का औचित्य है वहां आपूर्ति जारी कर दी जाती है	निर्धारित प्रभारों सहित सभी तरह से पूर्ण आवेदन पत्र की प्राप्ति के एक मास के अन्दर	95%
		कनैक्शन देने के लिए वितरण नैटवर्क विस्तार/ नये उप केन्द्र की स्थापना की आवश्यकता है वहां बिजली की आपूर्ति जारी करना	विस्तार/स्थापना या ऐसी अवधि जो आयोग द्वारा निर्दिष्ट की गई है के पश्चात शीघ्र	95%
		कृषि पम्प सैटों	वरिष्ठता प्राप्त करने के बाद 30 दिनों के अन्दर (नये कनैक्शनों की संख्या वर्ष के लिए निश्चित किए गए लक्ष्य पर सीमित होंगे)	80%
10.	मालिकाना का ट्रांसफर करना, श्रेणी का बदल जाना		सभी तरह से पूर्ण आवेदन पत्रों की प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर	99%
11.	एलटी सिंगल फेश से एल थ्री फेश का कन्वर्शन, एलटी से एचटी तथा विपरीत (वाईस वरसा) कन्वर्शन		प्रभारों के भुगतान की तिथि से 30 दिनों के अन्दर	99%
12.	उपभोक्ता को बिलों से संबंधित शिकायतों का निपटान करना	यदि अतिरिक्त सूचना की आवश्यकता नहीं है	शिकायत प्राप्ति के 24 घण्टों के अन्दर	99%
		यदि अतिरिक्त सूचना की आवश्यकता है	शिकायत प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर	99%

13.	कनैक्शन कटने के बाद आपूर्ति को पुन: कनैक्शन देना	शहरों तथा कस्बों में	उपभोक्ता के भुगतान प्राप्ति के 6 घण्टों के अन्दर	99%
		ग्रामीण क्षेत्रों में	उपभोक्ता के भुगतान प्राप्ति के 12 घण्टों के अन्दर	99%
14.	अग्रिम उपभोक्ता डिपाजिटस/उपभोग प्रतिभूति मीटर प्रतिभूति का वापस भुगतान (रिफंड) करना		उपभोक्ता से प्रार्थना पत्र की प्राप्ति के पश्चात 30 दिनों के अन्दर	
15.	अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना		प्रार्थना की प्राप्ति के अगले दिन सायं 5 बजे तक	99%
16.	मीटर/सर्विस कनैक्शन/ लाईनों / उपकरणों की शिफ्टिंग	मीटर/सर्विस कनैक्शन की शिफ्टिंग	निर्धारित प्रभारों सहित प्रार्थना पत्र की प्राप्ति के पश्चात 15 दिनों के अन्दर-अन्दर	95%
		एलटी / एचटी लाइनों की शिफ्टिंग	निर्धारित प्रभारों सहित प्रार्थना पत्र की प्राप्ति के पश्चात 45 दिनों के अन्दर	
		ट्रांसफार्मर संरचना की शिफ्टिंग	निर्धारित प्रभारों सहित प्रार्थना पत्र की प्राप्ति के पश्चात 60 दिनों के अन्दर-अन्दर	
17.	वितरण ट्रांसफार्मर असफल होने पर	शहरी क्षेत्र में		5% वार्षिक से अधिक नहीं होगा
		ग्रामीण क्षेत्र में		10% वार्षिक से अधिक नहीं होगा
18.	दोषयुक्त मीटरों (एम.एम.आर., जले हुए, कम चलने वाले इत्यादि)			मीटर वाली संस्थापनाओं की 1% से अधिक नहीं
19.	बिलिंग त्रुटियां			बिल जारी किए उपभोक्ताओं का 0.1% से अधिक नहीं
20.	आपूर्ति प्वाईंट पर वोल्टेज भिन्नताएं			वोल्टेज भिन्नताएं निम्न प्रकार से निर्धारित सीमाओं में रहेंगी। ए) एलटी सिस्टम +6% से

				-6% के बीच बी) एचटी सिस्टम +6% से -9% के बीच सी) ईएचटी सिस्टम +10% से 12.5% के बीच
21.	विश्वसनीयता इन्डिसिज	निम्न उल्लिखित विश्वसनीयता इन्डिसिज शहरी एवं ग्रामीण फीडरों के लिए पृथक रूप से पूर्ण किए जाएंगे ए) 11 केवी फीडों में बाधाओं की औसत संख्या बी) 11 केवी फीडों में बाधाओं की औसत अवधि सी) प्रति उपभोक्ता बाधाओं की औसत संख्या डी) प्रति उपभोक्ता बाधाओं की औसत अवधि		आयोग बाद में पृथक रूप से मानदण्ड निर्धारित करेगा।

अनुसूची-III

कार्यकुशलता के समग्र मानदण्ड
लाइसैन्सधारी

लाइसैन्सधारी का नाम ..... मास के लिए रिपोर्ट
सर्विस की कुल संख्या
वितरण ट्रांसफार्मरों की कुल संख्या

क्र. सं.	सेवा की प्रकृति		प्राप्त शिकायतों की संख्या	कार्यवाही की गई शिकायतों की संख्या	अटैंडिड प्रतिशतता	समग्र कार्यकुशलता के मानदण्ड
1.	सामान्य फ्यूज बन्द	शहरों एवं कस्बों में				99%
		ग्रामीण क्षेत्रों में				
2.	लाइन ब्रेकडाऊन	शहरों एवं कस्बों में				95%
		ग्रामीण क्षेत्रों में				
3.	वितरण ट्रांसफार्मरों की असफल	शहरों एवं कस्बों में				95%
		ग्रामीण क्षेत्रों में				
4.	विद्युत ट्रांसफार्मर/ उपकरण इत्यादि सहित वृहद विद्युत फेल होना	शहरों एवं कस्बों में				95%
		ग्रामीण क्षेत्रों में				
5.	लोड शैडिंग की अवधि	4 दिनों के लिए निरन्तर प्रतिदिन 4 घंटों से अधिक नहीं				95%
6.	निर्धारित आऊटेजिज की अवधि	एक समय पर अधिकतम				99%
		आपूर्ति का बहाल करना				
7.	वोल्टेज भिन्नताएं	जहां नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता नहीं है				95%
		जहां एलटी वितरण प्रणाली का अपग्रेडेशन की आवश्यकता है				90%
		जहां एचटी/ईएचटी वितरण प्रणाली की अपग्रेडेशन की आवश्यकता है				85%

		आपूर्ति वोल्टेज की 2% से अधिक न्यूट्रल तथा न्यूट्रल वोल्टेज की ओपनिंग				99%
8.	मीटर शिकायतें	सही होने का निरीक्षण तथा चैक करना				95%
		कम/अधिक चलने वाले मीटरों को बदलना				
		रुके हुए की क्रीपिंग को बदलना				
		यदि उपभोक्ता का कसूर न हो तो जले हुए मीटर को बदलना				
		अन्य सभी मामलों में जले हुए मीटरों को बदलना				
9.	नये कनैक्शन/ अतिरिक्त भार/ अस्थाई कनैक्शन के लिए आवेदन पत्र	कनैक्शन देने के लिए वितरण नेटवर्क विस्तार / नये उपकेन्द्र की स्थापना की आवश्यकता है वहां बिजली आपूर्ति जारी करना				95% 95%
		कृषि पम्प सैटों				80%
10.	मालिकाना का ट्रांसफर करना, श्रेणी का बदल जाना					99%
11.	एलटी सिंगल फेज से एल थ्री फेज का कन्वर्शन, एलटी से एचटी तथा विपरीत (वाईस वरसा) कन्वर्शन					99%
12.	उपभोक्ता की बिलों से संबंधित शिकायतों का निपटान करना	यदि अतिरिक्त सूचना की आवश्यकता नहीं है				99%
		यदि अतिरिक्त सूचना की आवश्यकता है				99%

13.	कनैक्शन कटने के बाद आपूर्ति को पुन: कनैक्शन देना	शहरों तथा कस्बों में				99%
		ग्रामीण क्षेत्रों में				99%
14.	अग्रिम उपभोक्ता प्रतिभूति मीटर भुगतान (रिफंड)	डिपोजिटस/उपभोग प्रतिभूति का वापस करना				
15.	अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना					99%
16.	मीटर/सर्विस कनैक्शन/लाइनों /उपकरणों की शिफ्टिंग करना	मीटर/सर्विस कनैक्शन की शिफ्टिंग				95%
		एलटी/एचटी लाइनों की शिफ्टिंग				
		ट्रांसफार्मर संरचना की शिफ्टिंग				
17.	वितरण ट्रांसफार्मरों का फैल होना	शहरों तथा कस्बों में				5% वार्षिक से अधिक नहीं होंगे
		ग्रामीण क्षेत्रों में				10% वार्षिक से अधिक नहीं होंगे
18.	दोषयुक्त मीटरों (एम.एन.आर., जले हुए, कम चलने वाले इत्यादि)					मीटर लगी संस्थापनाओं की 1% से अधिक नहीं होगा
19.	बिलिंग त्रुटियां					बिल जारी किए उपभोक्ताओं का 0.1% से अधिक नहीं
20.	आपूर्ति प्वाइंट पर वोल्टेज भिन्नताएं					वोल्टेज भिन्नताएं निम्न निर्धारित सीमा के अन्दर-अन्दर होगी । ए) एलटी सिस्टम +6% से -

				6% के बीच बी) एचटी सिस्टम +6% से -9% के बीच सी) ईएचटी सिस्टम +10% से 12.5% के बीच
21.	विश्वसनीयता इन्डिसिज	निम्न उल्लिखित विश्वसनीयता इन्डिसिज शहरी एवं ग्रामीण फीडरों के लिए पृथक रूप से पूर्ण किए जाएंगे ए) 11 केवी फीडों में बाधाओं की औसत संख्या बी) 11 केवी फीडों में बाधाओं की औसत अवधि सी) प्रति उपभोक्ता बाधाओं की औसत संख्या डी) प्रति उपभोक्ता बाधाओं की औसत अवधि		आयोग बाद में पृथक रूप से मानदण्ड निर्धारित करेगा।

अनुबंध-II

शिकायत पुस्तिकाओं का फारमेट

क्र. सं.	शिकायत का नाम	पता	शिकायती का टेलीफोन नं.	शिकायत की प्रवृत्ति	उप मंडल का नाम	शिकायत दर्ज करने की तिथि व समय	प्राप्तकर्ता	अग्रेषितकर्ता	तिथि एवं समय	निपटान की तिथि व समय	शिकायत की कार्यवाही में लिया गया समय

Number of Posts Lying Vacant in the State

***13. Shri Ram Pal Majra :** Will the Education Minister be pleased to state the category-wise details of total number of posts of J.B.T. teachers, C&V, Masters, Lecturers, Headmasters and Principals lying vacant in the State?

शिक्षा मंत्री (श्रीमती गीता भुक्कल मालनहेल) : श्रीमान जी, वक्तव्य सदन के पटल पर रख दिया गया है।

वक्तव्य

अध्यापकों के रिक्त पदों का श्रेणीवार विवरण निम्न प्रकार से है :-

क्रमांक	पद का नाम	कुल रिक्त पद	सामान्य	अनुसूचित जाति	पिछड़ी जाति		भूतपूर्व सैनिक/आश्रित	विकलांग
1.	प्राचार्य	295	--	--	--		--	--
	सीधी भर्ती	116	70	24	11		07	04
	पदोन्नति	179	--	--	--		--	--
2.	मुख्याध्यापक	569	--	--	--		--	--
	सीधी भर्ती	04	--	04	--		--	--
	पदोन्नति	565	--	--	--		--	--
3.	प्राध्यापक	3028		--	--		--	--
	सीधी भर्ती	1518	941	304	152		76	45
	पदोन्नति	1510	1510	--	--		--	--
					बी०सी०-ए०	बी०सी०-बी०		
4.	मास्टर	9142	--	--	--	--	--	--
	सीधी भर्ती	4085	2043	817	654	449	--	122
	पदोन्नति	5057	4046	1011	--	--	--	--
5.	सी०एंड०वी० अध्यापक	6649	--	--	--	--	--	--
	सीधी भर्ती	5280	2640	1050	840	570	158	22
	पदोन्नति	1369	689	260	210	150	42	18
6.	जे०बी०टी० अध्यापक	11129	4820	2127	1640	1160	733	649

Shortage of Drinking Water

***159. Shri Jagdish Nayar:** Will the Public Health Engineering Minister be pleased to state whether there is shortage of drinking water in the Villages, Banchari, Saundah, Hodal City, Dhadak, Boshka and Garhi Patti Hodal of Hodal Constituency; if so, the steps being taken by the Government for the proper arrangements of drinking water in the said villages?

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : नहीं श्रीमान, गांव ढाडक को छोड़ कर, जिसकी पेयजल आपूर्ति में सुधार करने के लिए 12.50 लाख रुपए की लागत से बूस्टिंग स्टेशन बनाने की एक योजना पर अगले वित्त वर्ष में कार्य शुरू किया जाएगा।

Mutation and Registration of Sale Deeds etc.

***32. Shri Anil Vij :** Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) Whether it is a fact that building site plans, mutation and registration of sale deeds are not being sanctioned for the last four years in Ambala Cantt. Municipal Council; and

(b) If so, the reasons thereof togetherwith the time by which the aforesaid process is likely to be started again?

मुख्यमंत्री (श्री भुपेन्द्र सिंह हुड्डा) :

(क) जी नहीं।

(ख) उपर्युक्त 32(क) के उत्तर के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

Shortage of Drinking Water

***166. Shri Ghanshyam Saraf :** Will the Public Health Engineering Minister be pleased to state whether there is shortage of drinking water in the villages of Bhiwani Constituency; if so, the steps being taken to meet out the shortage of drinking water?

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : जी हां श्रीमान्, भिवानी निर्वाचन क्षेत्र के 26 गांवों में से 3 गांवों, नामत: बामला, फूलपुरा और नौरंगाबाद में पीने के पानी की कमी है। इन तीन गांवों के लिए 70 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की एक बढ़ोतरी योजना प्रगति पर है, जिसके 31 दिसम्बर, 2010 तक पूरा होने की संभावना है।

Plying of Buses

***51. Smt. Kiran Choudhry :** Will the Transport Minister be pleased to state whether Haryana Roadways is plying buses to all the villages of Tosham Constituency regularly; if so, the details thereof?

परिवहन मंत्री (श्री ओम प्रकाश जैन) : हरियाणा रोडवेज तोशाम निर्वाचन क्षेत्र के 74 गांवों में नियमित बस सेवा प्रदान कर रहा है, इसकी विस्तृत जानकारी अनुछेद में दी गई है।

अनुच्छेद

तोशाम विधान सभा क्षेत्र में आने वाले निम्नलिखित गांवों में हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा बस सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिनकी सूची इस प्रकार है

क्र. सं.	गांव का नाम	राज्य परिवहन सेवा	ट्रिप
1.	ढाणी मिरान	एच० आर०, भिवानी	10
2.	मिरान	एच० आर०, भिवानी	10
3.	ढाणी धरियापुर	एच० आर०, भिवानी	8
4.	चनाना	एच० आर०, हिसार	8
5.	धरियापुर	एच० आर०, हिसार	2
6.	छपार जोगीयान	एच० आर०, हिसार	2
7.	गारनपुरा कलां	एच० आर०, हिसार	2
8.	गारनपुरा खुर्द	एच० आर०, हिसार	2
9.	छपार रांगडान	एच० आर०, भिवानी	10
10.	झुली	एच० आर०, भिवानी	8
11.	सिडाणा	एच० आर०, भिवानी	8
12.	भेरा	एच० आर०, भिवानी	8
13.	देवावास	एच० आर०, भिवानी	8
14.	ईसरवाल	एच० आर०, भिवानी	14
15.	कतवार	एच० आर०, भिवानी	14
16.	खावा	एच० आर०, भिवानी	4
17.	मंडाणा	एच० आर०, भिवानी	8
18.	जैनावास	एच० आर०, भिवानी	4
19.	भारीवास	एच० आर०, भिवानी	10
20.	पटौदी खुर्द	एच० आर०, भिवानी	14
21.	धिलोड	एच० आर०, भिवानी	14
22.	सरल	एच० आर०, भिवानी	10
23.	झांदरी	एच० आर०, भिवानी	20

24.	खरकड़ी माखवान	एच० आर०, भिवानी	20
25.	आलमपुर	एच० आर०, भिवानी	10
26.	सुंगरपुर	एच० आर०, भिवानी	10
27.	रांडवा	एच० आर०, भिवानी	4
28.	बुसान	एच० आर०, भिवानी	6
29.	साहलेवाला	एच० आर०, भिवानी	4
30.	रोडां	एच० आर०, भिवानी	14
31.	हसान	एच० आर०, भिवानी	16
32.	देवराला	एच० आर०, भिवानी	10
33.	खापड़वास	एच० आर०, भिवानी	10
34.	धारवाणवास	एच० आर०, भिवानी	4
35.	खारियावास	एच० आर०, भिवानी	4
36.	कैरू	एच० आर०, भिवानी	14
37.	बिजलानावास	एच० आर०, भिवानी	2
38.	नन्दीवाली	एच० आर०, भिवानी	2
39.	लाडीयांवाली	एच० आर०, भिवानी	2
40.	डाबडाणी	एच० आर०, भिवानी	2
41.	पोडकरवास	एच० आर०, भिवानी	20
42.	जुई कलां	एच० आर०, भिवानी	20
43.	लालावास	एच० आर०, भिवानी	2
44.	बाबरवास	एच० आर०, भिवानी	10
45.	चन्दावास	एच० आर०, भिवानी	10
46.	झुण्डावास	एच० आर०, भिवानी	10
47.	जुई खुर्द	एच० आर०, भिवानी	20
48.	ललहाना	एच० आर०, भिवानी	20
49.	गोलागढ़	एच० आर०, भिवानी	20

50.	लेघांभानान	एच० आर०, भिवानी	10
51.	जीतवाणवास	एच० आर०, भिवानी	10
52.	शीमली	एच० आर०, भिवानी	4
53.	मनसरवास	एच० आर०, भिवानी	4
54.	दुल्हेड़ी	एच० आर०, भिवानी	10
55.	खरकड़ी सोहान	एच० आर०, भिवानी	10
56.	लोशाम	एच० आर०, भिवानी	60
57.	अलखपुरा	एच० आर०, भिवानी	12
58.	सागवान	एच० आर०, भिवानी	20
59.	बीरण	एच० आर०, भिवानी	20
60.	लेधां हेतवाण	एच० आर०, भिवानी	10
61.	हेतमपुरा	एच० आर०, भिवानी	10
62.	टिटाणी	एच० आर०, भिवानी	10
63.	भाखड़ा	एच० आर०, भिवानी	2
64.	गोलपुरा	एच० आर०, भिवानी	2
65.	खानक	एच० आर०, भिवानी	20
66.	खानक	एच० आर०, हिसार	
67.	किरावड़	एच० आर०, भिवानी	22
68.	किरावड़	एच० आर०, हिसार	
69.	भुरटाना	एच० आर०, हिसार	22
70.	लोहानी	एच० आर०, भिवानी	30
71.	लक्ष्मणपुरा	एच० आर०, भिवानी	24
72.	ढाणी पूनिया	एच० आर०, भिवानी	10
73.	बापौड़ा	एच० आर०, भिवानी	20
74.	पटौदी खुर्द	एच० आर०, भिवानी	14

अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर

Bus Services from Palwal Sub-Depot

17. Shri Subhash Coudhary: Will the Transport Minister be pleased to state—

(a) whether the Government and private buses are plying regularly on the all sanctioned routes in the Palwal Sub-Depot;

(b) if not, the names of the routes on which the public is facing inconvenience; and

(c) the reasons for as to why the full status of depot has not been given to Palwal Sub-Depot?

परिवहन मंत्री (श्री ओम प्रकाश जैन) :

(क) पलवल जिले में हरियाणा राज्य परिवहन तथा निजी सहकारी परिवहन समितियों की बसें नियमित बस सेवा उपलब्ध करवा रही हैं।

(ख) सवाल ही नहीं उठता।

(ग) पलवल उपकेन्द्र का दर्जा बढ़ाकर उसे पूर्ण डिपो बनाने के लिये सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

Amount Released by H.R.D.F.

11. Shri Ram Pal Majra : Will the Chief Minister be pleased to state the Blockwise and Districtwise details of the amount released by the Haryana Rural Development Fund (H.R.D.F.) for the development works during the period from March, 2005 till to-date?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : श्रीमान जी, वांछित सूचना अनुबन्ध 'क' पर रखी है।

अनुबन्ध 'क'

एच०आर०डी०एफ० बोर्ड द्वारा जारी की गई राशि का ब्यौरा

(जिलावार / खण्डवार)

अवधि 11.3.2005 से 28.2.2010 तक

(रू० लाखों में)

जिला	खण्ड	11/03/2005 To 28/02/2010
अम्बाला	अम्बाला-I	981.61
	अम्बाला-II	704.81
	बराड़ा	648.45

	नारायणगढ़	294.01
	साहा	511.00
	शहजादपुर	289.95
अम्बाला कुल		**3429.84**
भिवानी	बाढड़ा	1253.50
	बवानीखेड़ा	635.19
	बहल	239.72
	भिवानी	1928.04
	दादरी-I	1325.84
	दादरी-II	1504.19
	कैरू	561.15
	लोहारू	550.61
	सिवानी	330.28
	तोशाम	996.98
भिवानी कुल		**9325.52**
फरीदाबाद	बल्लभगढ़	1106.60
	फरीदाबाद	1058.86
	हसनपुर	265.44
	हथीन	0.00
	होडल	524.10
	पलवल	739.91
फरीदाबाद कुल		**3694.91**
फतेहाबाद	भट्टुकलां	409.27
	भूना	449.46
	फतेहाबाद	713.08
	जाखल	224.63
	रतिया	478.73
	टोहाना	459.02
	उकलाना	15.31
	अग्रोहा	0.00
फतेहाबाद कुल		**2749.50**

गुड़गांव	फारूखनगर	232.21
	फिरोजपुर झिरका	8.05
	गुड़गांव	775.58
	नगीना	0.00
	नूंह	0.00
	पटौदी	387.99
	पुन्हाना	0.00
	सोहना	423.45
	तावडू	0.00
गुड़गांव कुल		**1827.27**
हिसार	आदमपुर	490.70
	अग्रोहा (हिसार)	347.79
	बरवाला (हिसार)	870.39
	भट्टूकलां	12.32
	भूना	0.00
	हांसी-I	982.78
	हांसी-II	838.11
	हिसार-I	810.81
	हिसार-II	571.94
	नारनौंद	817.57
	सिवानी	0.00
	उकलाना	842.20
हिसार कुल		**6584.61**
झज्जर	बहादुरगढ़	4399.43
	बेरी	3525.00
	झज्जर	3639.36
	मातनहेल	2804.63
	साल्हावास	2440.98
झज्जर कुल		**16809.40**
जीन्द	अलेवा	479.82
	जीन्द	1258.52

	जुलाना	627.15
	नरवाना	1926.45
	पिल्लूखेड़ा	482.79
	सफीदों	747.42
	उचाना	1350.54
जीन्द कुल		**6872.69**
कैथल	गुहला	539.70
	कैथल	2727.81
	कलायत	770.16
	पुण्डरी	1016.42
	राजौन्द	1306.50
	सिवन	354.27
कैथल कुल		**6714.87**
करनाल	असन्ध	802.09
	घरौन्डा (भाग)	274.79
	इन्द्री	546.66
	करनाल	618.11
	नीलोखेड़ी	601.85
	निसिंग एट चिडाओ	585.22
करनाल कुल		**3428.71**
जिऊंगा तब तक मुख्यमंत्री रहूंगा। वे हालात कब और कैसे बदल गये यह तो सभी जानते हैं लेकिन मैं यह बात दावे के साथ कह सकता हूं कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जब तक जीवित रहेंगे तब तक इस हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री रहेंगे । डिप्टी स्पीकर सर, आखिर में मैं यह कहना चाहूंगा कि अगर मैं हल्के की समस्याओं से सरकार को अवगत नहीं कराऊंगा तो मैं अपने फर्ज़ से कोताही बरतूंगा । डिप्टी स्पीकर सर, जहां तक मेरे बेरी हल्के की बात है मैं यह कहना चाहूंगा कि वैसे तो माननीय मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की पूरे हरियाणा प्रदेश के विकास पर समान रूप से नज़र है फिर भी जो माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने हमारे बेरी हल्के को सब डिवीज़न बनाया है इसके लिए मैं अपनी ओर से और बेरी हल्के की समस्त जनता की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं । यह जो सब डिविजन बना है इसके साथ ही साथ जो टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग का प्लान ऑफ एक्शन है उसको भी जल्द फाईनल करवाया जाये । वहाँ पर एच.एस.आई.आई.डी.सी. और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का सैक्टर भी कटवाया जाये । बेरी पहले एक कौने में था लेकिन अब यह महम से गुड़गाँव वाया झज्जर फरूखनगर जो नया नैशनल हाईवे मंजूर हुआ है, उस पर आ गया है इसलिए वहाँ पर लघु सचिवालय के निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाये । इसी प्रकार से वहाँ पर एक कम्यूनिटी सैन्टर का निर्माण भी करवाया जाये । चूंकि बेरी नैशनल हाईवे पर आ गया है इसलिए वहाँ पर ट्यूरिज्म कम्पलैक्स के निर्माण का प्रावधान भी करवाया जाये। इसी प्रकार से उपाध्यक्ष महोदय, वहाँ गवर्नमैंट गर्ल्ज कॉलेज और पॉलिटैक्निक की भी बहुत जरूरत है इसलिए उनका भी प्रावधान किया जाये । मेरे बेरी हल्के में 53 गाँव हैं लेकिन कुछ गाँव नामत: दहकोरा, रोहद, आसंडा, भापड़ौदा, खरहर, छारा, रिवाड़ीखेड़ा, मालन, छुडानी, खरमाण, सिलौठी, डाबोदा, दुल्हेड़ा, छोछी, बरहाणा, सिवाना और चिमनी ये 17 गाँव हैं जहाँ पर सिंचाई के पानी की किल्लत है । इस पानी की किल्लत को दूर करने के लिए छारा माईनर, रिवाड़ीखेड़ा माईनर, आसंडा माईनर और भदानी माईनर हैं । अगर इन माईनरों की रिमॉडलिंग करके एक्सटैन्शन की जाये तो इन लोगों की नहरी पानी की समस्या का समाधान हो सकता है । इसी तरह से इन 17 गाँवों में पीने के पानी की भी समस्या है । जहाँ तक रोड्स की बात है तो लिंक रोड डीघल से छोछी, दिमाणा से भम्भेवा, खरमाण से रिवाड़ीखेड़ा, दहकौरा से नयाबांस, मिलकपुर से दूबलधन, बेरी दूबलधन रोड से बाबा टूटा का मन्दिर, बेरी-सेरिया से पतलिया मन्दिर और बेरी-दुजाना रोड़ से निराधिया मन्दिर, इन सड़कों के बनने की भी लोगों को बहुत उम्मीद है । बरहाणा, धौड़, रिवाड़ीखेड़ा, भापड़ौदा, सिलौठी, बिसान और मिलकपुर आदि कुछ गाँवों में स्वास्थ्य विभाग की डिस्पैंसरीज नहीं हैं । अत: वहाँ पर डिस्पैंसरीज खुलवाने की कृपा करें ताकि लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें । उपाध्यक्ष महोदय, छारा और एम.पी. माजरा दो ऐसे बड़े गाँव हैं ज़हाँ पर किलाबंदी और कंसोलिडेशन का काम नहीं हुआ है जिससे वहाँ पर लोग बहुत परेशान हैं । अगर वहाँ पर किलाबंदी या चकबंदी हो जाये तो लोग बहुत राहत महसूस करेंगे। वैसे तो पूरे हल्के का ड्रेनेज सिस्टम ठीक है लेकिन धौड़, सेरिया, गोच्छी, अच्छेज और पहाड़ीपुर इन पांच गाँवों में पानी निकासी की दिक्कत है । अत: यहाँ पर ड्रेनेज सिस्टम को इम्प्रूव किया जाये ताकि लोगों की फसलों को डूबने से बचाया जा सके । मांगावास, रोहद, सिलौठी, मिलकपुर और रिवाड़ीखेड़ा गाँवों में पशु चिकित्सालय डिस्पैंसरीज खोली जायें ताकि लोग अपने पशुधन की रक्षा कर सकें । इसी प्रकार से कुछ गाँवों में स्कूल के अपग्रेडेशन की भी जरूरत है जिनमें खरमाण कन्या उच्च विद्यालय को कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अपग्रेड किया जाये । धौड़ उच्च विधालय को भी वरिष्ठ माध्यमिक विधालय का दर्जा दिया जाये । भापड़ौदा हाई स्कूल को भी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दर्जा दिया जाये । उपाध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं आपका भी और अध्यक्ष महोदय का भी आभार प्रकट

[डॉ० रघुवीर सिंह]

करता हूँ । मैं हरियाणा सरकार, माननीय मुख्य मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और वित्त मंत्री जी को एक बार फिर से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ और आभार प्रकट करता हूँ कि इन्होंने एक ऐसा बजट पेश किया है जो कि हरियाणा प्रदेश को नम्बर 1 की ओर ले जायेगा । धन्यवाद ।

चौ० ओमप्रकाश चौटाला (उचाना कलां) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ । देश में हरियाणा एक अग्रणी प्रदेश है और जैसा कि अभी प्रस्तावक ने भी बताया और बजट में भी प्रावधान किया गया है कि परकैपिटा इन्कम के हिसाब से भी हरियाणा की पहचान दूसरे नम्बर पर मानी गई है । वर्तमान सरकार ने तो बहुत लम्बे समय तक नम्बर 1 हरियाणा होने का ढोल पीटा परन्तु कल जब वित्त मंत्री ने सदन के पटल पर राज्य के बजट के रूप में दिवालियापन के जो दस्तावेज रखे हैं एक हरियाणवी होने के नाते मुझे भी इस बात की बड़ी पीड़ा है । **(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)** अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री ने अपने बजट में दुस्साहस करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ऐतिहासिक जनादेश लेकर सरकार बनी है। अध्यक्ष महोदय, यह जग जाहिर है कि यह सरकार माइनोरिटी की सरकार है जनता ने तो पूरी तरह से नकार दिया था । 90 विधान सभा सदस्यों में से ..... (शोर एवं व्यवधान)

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : स्पीकर साहब, जब ये बोल रहे थे तो हमने बिल्कुल एक बार भी किसी को नहीं टोका। (शोर एवं व्यवधान)

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : स्पीकर सर, यह किस बात का प्वायंट आफ आर्डर है। (शोर एवं व्यवधान) ये किस तरह से बोलते हैं। (शोर एवं व्यवधान) हम इनको नहीं टोकते। अध्यक्ष महोदय, इनकी यह क्या आदत पड़ी हुई है। (शोर एवं व्यवधान) इस तरह से थोड़े ही हाऊस चलेगा। ये अपने आप को क्या दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान) इनके आदमी बोल रहे थे तो हमारी तरफ से कोई टोका टाकी नहीं की गई । (शोर एवं व्यवधान) अब ये बिना बात के बीच में बोलने के लिए खड़े हो जाते हैं । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : इस तरह से यह बात नहीं चलेगी। (शोर एवं व्यवधान)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : सर, कोई प्वायंट आफ आर्डर हो सकता है। आप मेरी बात सुनिए, सही न हो तो रिजैक्ट कर दीजिएगा। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, I have a right as a Member of House to raise a point of order. (Interruptions). Sir, it is only point of order that I am raising. It is my right as a Member of this House to raise a point of order. मैंने माननीय सदस्य को कुछ कहा ही नहीं। वे पता नहीं क्यों चिन्ता में हैं कि मैं कुछ कहने वाला हूं। (शोर एवं व्यवधान) इसमें डरने वाली कोई बात नहीं है। मैं इनको कुछ नहीं कहने वाला।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, वित्तमंत्री जी ने बजट पेश करते हुए स्वयं यह बात कही है जिसको मैं दोहरा रहा हूं। (शोर एवं व्यवधान)

Shri Randeep Singh Surjewala : Sir, on a point of order. माननीय ओम प्रकाश चौटाला जी ने मौजूदा सरकार को माईनोरिटी गवर्नमैंट कहा है। कल भी इस माईनोरिटी गवर्नमैंट का

इन्होंने इम्तिहान लिया और इनकी 36 वोट्स ही आई और हमारी 52 आई हैं। इन्होंने यूनिवर्सिटी के चुनाव में भी देखा - - - (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : This is not the way. This is not relevant. (interruption)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : आप चाहें तो दोबारा फिर चुनाव करा लें। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे मोहतबाना अर्ज़ करूंगा कि बिना वजह से टोका-टाकी बर्दाश्त नहीं होगी। हाऊस को ठीक ढंग से चलाने की व्यवस्था की जाये। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, फिर वही बात, यह किस हैसियत से खड़ा हुआ है। (शोर एवं व्यवधान)

Shri Randeep Singh Surjewala : How he can say it is not a majority Government? (Noises & Interruptions) If it is not a majority Government how was he sitting here? (Noises & Interruptions).

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, कल कैप्टन अजय सिंह जी ने अपनी स्पीच पढ़ी कोई बोला नहीं और आज भी डाक्टर साहब बोले किसी ने टोका नहीं। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : एक आदमी ने भी टोका-टाकी नहीं की। इनका यह कोई तरीका है, उठाके लाट साहब बनकर खड़े हो जाते हैं। (शोर एवं व्यवधान) अपने आपको ज्यादा सयाना ज़ाहिर करने की कोशिश करते हैं। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री जी की बात मैं दोहरा रहा हूँ। वित्त मंत्री जी ने बजट प्रस्तुत करते वक्त यह बात कही है कि यह सरकार नए सिरे से जनता का समर्थन लेकर के इस विधान सभा में आई है। अध्यक्ष महोदय, आप भी स्वयं इस पार्टी के मेम्बर हैं। 90 विधान सभा हल्कों में से 40 पर कांग्रेस पार्टी जीत कर आई है। यह ठीक है कि * * * * (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : This is not to be recorded. (Noise & Interruptions)

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, I object to this thing. अध्यक्ष महोदय, हाऊस की गरिमा बनाई रखी जाये। इस प्रकार से इनको बोलने की इज़ाजत नहीं दी जायेगी। आप कोई सुझाव दें, आपका स्वागत होगा। खरीद-फरोख्त करने वाले सामने बैठे हैं। ये भी वोट खरीदकर जीते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, आप इनको कंट्रोल करें । इस तरह से हाऊस नहीं चल सकता है । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : चौटाला साहब, आप बजट पर बोलें। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : आप असलियत को कैसे नकारोगे। (शोर एवं व्यवधान) ये बैठे-बैठे किस बात पर बोल रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान) इनसे पूछें ये कौन से सिम्बल पर जीत कर आया है। (शोर एवं व्यवधान) ये कोई तरीका नहीं है। आप पंजे के निशान पर 40 जीते हैं या ज्यादा जीते हैं। पंजे के निशान पर कितने जीते हैं ? (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : इस तरह की बात ठीक नहीं है। (शोर एवं व्यवधान) I will not allow it.

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया ।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, ये ठीक तरह से बात करें। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, ये भी विपक्ष के नेता हैं और इनको सदन की गरिमा बनाये रखनी चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : ये हाउस की गरिमा बनाये रखें। ये कांग्रेस पार्टी के 40 सदस्य जीतकर आये हैं। ये हाऊस की गरिमा बनाए रखेंगे, क्या यहां पर कोई हाऊस की गरिमा की बात हो रही है ?

श्री अध्यक्ष : फार्मर स्पीकर बोले, वे रैलेवेंट बोले, वे बजट पर बोले और ये टू दि प्वायंट बोले। आप टू दि प्वायंट आओ, क्रिटिसाईज करने की बजाए टू दि प्वायंट बजट पर आओ। (शोर एवं व्यवधान)

चौ. ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं टू दि प्वायंट बोलूंगा । मैं बजट से अलग कोई बात नहीं करना चाहूंगा लेकिन मैं आपको एक बात बता दूं कि यह टोका-टाकी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे । (शोर एवं व्यवधान) आप बैठ जाएं । आज तो महिला शताब्दी दिवस है। बैठ जा, बैठ जा, महिला सैंचरी साल है । आप बीच में मत बोलो । (शोर एवं व्यवधान) यह क्या तरीका है । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : बैठ जा बीबा । (शोर एवं व्यवधान) No-No. आप भी बैठिए । (शोर एवं व्यवधान)

श्री धर्मवीर सिंह : सर, 1999 में केवल 22 आदमी ही आए थे और उनके बल पर आप मुख्यमंत्री बने थे । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आप सभी अपनी सीटों पर बैठ जाएं । (शोर एवं व्यवधान) इनको बोलने दें । (शोर एवं व्यवधान)

12.00 बजे **चौ० ओम प्रकाश चौटाला :** धर्मबीर तेरे ही प्रयासों से मैं मुख्यमंत्री बना था । अगर उस समय कोई जोड़-तोड़ थी तो उस जोड़ तोड़ में आप भी शामिल थे।(विघ्न) बजट के अंदर दर्शाया गया है कि वर्ष 2005 में जब इनेलो ने सत्ता कांग्रेस पार्टी को सौंपी तो उस समय राजकोषीय कर्जा लगभग 23 हजार करोड़ रुपये का था । अध्यक्ष महोदय, यह फैक्ट्स की बात मैं बता रहा हूं । हम उस वक्त सरकारी खजाने में 1572 करोड़ रुपये की राशि नकद छोड़कर गए थे लेकिन कांग्रेस के पांच वर्षो के शासनकाल में यह कर्जा बढ़कर 44 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा । यह भी फैक्ट्स की बात है इसमें नकारने की कोई बात नहीं है । यह कर्जा बढ़कर 44 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा । अगर इसी गति से यह सिस्टम चलता रहा और अगर पूरे पांच साल तक इनको शासन करने का अवसर मिला तो इस प्रदेश के हर एक नागरिक का एक एक बाल कर्जदार हो जाएगा । अध्यक्ष महोदय, कर्जा किस बात का होता है ? कर्जा लिया जाता है लोगों के विकास के लिए लेकिन इन्होंने तो विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगायी है । अध्यक्ष महोदय, मैं आपको एक छोटा सा इंस्टांस देना चाहूंगा । जैसा कि कादियान साहब ने हुडा के नये सैक्टर बनाने का जिक्र किया । पांच साल के अर्से में इस सरकार ने पूरे प्रदेश में एक भी हुडा का सैक्टर नहीं काटा है । अध्यक्ष महोदय, हुडा का सैक्टर सस्ता होता है और वहां पर लोगों को ज्यादा सुविधाएं मिलती हैं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, इनका यह क्या तरीका है ? मैं आपको फैक्ट्स बता रहा हूं कि इस सरकार के पांच साल के शासन में हुडा का एक भी नया सैक्टर नहीं काटा गया है । दफा चार के तहत नोटिस तो दिये गये हैं लेकिन अंदरखाने इनके अपने लोगो ने औने पौने दामों पर किसानों से जमीनें खरीदी हैं और बाद में उसको विदड्रा कर लिया जाता है और फिर उसी जमीन को प्राईवेट डीलर्ज को, प्रोपर्टी डीलर्ज को और बिल्डर्ज को दे दिया जाता है । अध्यक्ष महोदय, यह तो रिकार्ड

की बात है क्या ये इसको भी नकारेंगे ? अध्यक्ष महोदय, एस०ई०जैड० के नाम से जमीन ली गयी थी और लोगों को कहा गया था कि लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा । एस०ई०जैड० के तहत जमीन लेने की एक शर्त थी कि 25 प्रतिशत जमीन सरकार तब देगी जब 75 प्रतिशत जमीन एस०ई०जैड० लगाने वाला अपनी लेगा । अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले गुड़गांव की एच०एस०आई०आई०डी०सी० की लगभग 1500 एकड़ जमीन औने पौने दाम पर दी गयी । वह जमीन कितने रुपये में दी गयी उसके बारे में मैं बताना चाहता हूं । वह जमीन सिर्फ 1500 करोड़ रुपये में दी गयी थी और उसी के साथ लगती चार एकड़ जमीन ओपन ऑक्शन में जब एच०एस०आई०आई०डी०सी० ने नीलाम की तो वह 290 करोड़ में की गयी। अध्यक्ष महोदय, चार एकड़ जमीन 290 करोड़ रुपये में और 1500 एकड़ जमीन सिर्फ 1500 करोड़ रुपये में यह जमीन जो है वह किस हिसाब से दी गयी ? अध्यक्ष महोदय, यह मैं नहीं कह रहा हूं बल्कि वर्ल्ड बैंक की जो रिपोर्ट है उसमें कहा गया है कि इसमें लाखों करोड़ों रूपयों का नुक्सान है। इस तरह से हरियाणा प्रदेश की यह हालत है । प्राईवेट लोगों से जमीने खरीदी गयीं । अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री ने बार बार आश्वासन दिया कि किसान की जमीन अगर ली जाएगी तो उस पर दस हजार रूपये हर महीने दिया जाएगा। (शोर एवं व्यवधान)

बैठक का स्थगन

श्री नरेश कुमार बादली : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, इनकी फिर वही बात है, ये किस बात का प्वायंट ऑफ ऑर्डर मांग रहे हैं। इसका और प्वायंट ऑफ ऑर्डर का क्या मेल है ? (शोर एवं व्यवधान) मैंने आपको पहले ही कह दिया था कि बजट पर ठीक बात होनी चाहिए । (विघ्न) ये कोई बात है स्पीकर साहब। (विघ्न) बैठ जा, **** न हो तो । इनका यह कोई तरीका है। इस तरह से तो हाऊस नहीं चल पाएगा।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, आप यह **** वर्ड तो रिकार्ड से निकलवा दें।

श्री अध्यक्ष : ठीक है, **** इस वर्ड को रिकार्ड न किया जाए।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : यह कोई अच्छी रिवायत थोड़े ही है। ये किस बात का प्वायंट ऑफ आर्डर मांग रहे हैं । यह प्वायंट ऑफ आर्डर के मुतल्लक कुछ भी नहीं जानता । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आप सभी हाउस को चलने भी दो । अगर ऐसे करोगे तो हाउस कैसे चलेगा?

श्री नरेश कुमार बादली : स्पीकर साहब, इन्होंने 2 लाख 60 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से एस०ई०जैड० की जमीन ली थीं। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, ये तो **** आदमी है । इसको तो पता ही नहीं हैं कि क्या बना है और कहां बना है । अध्यक्ष महोदय, ये लोग हाऊस का समय बर्बाद कर रहे हैं । (शोर एवं व्यवधान)

श्री नरेश कुमार बादली : अध्यक्ष महोदय, ये झूठ बोल रहे हैं । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : बैठ जा **** न हो तो । इसको तो पता ही नहीं कि यह क्या बोल रहा है और किस बात पर बोल रहा है। यह इनका बोलने का कोई तरीका है । (शोर एवं व्यवधान)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया ।

Mr. Speaker: No, No. This is not the way. आप सब बैठ जाओ । Take your seats. (विघ्न) इस ****वर्ड को रिकार्ड न किया जाए। (विघ्न) आप क्या करते हो ?

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, आप हम सबको तो एक कलम से पूरे सदन के लिए निष्कासित कर देते हैं और जो ये लोग गैर जरूरी बातों पर सदन का समय बर्बाद करते हैं उन पर कोई ऐक्शन नहीं ले रहे हैं । अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे फिर मोहतबाना अर्ज करना चाहता हूं कि अगर मुझे बोलने देना है तो मैं तथ्य पर आधारित बात करने जा रहा हूं ।

श्री अध्यक्ष : आप जब भी शुरु होते हो, शोर मचता है। आप तथ्यों पर आओ ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : मैंने तथ्यों पर बात की तो उस पर नरेश बादली ने प्वायंट ऑफ ऑर्डर उठा दिया । यह क्या बात हुई ? यह कोई ठीक बात नहीं है कि ये इस तरह बोलें।

श्री अध्यक्ष : चौटाला साहब, आप भी तथ्यों से इधर-उधर हो जाते हो । आप केवल बजट पर बोलो तो ठीक बात रहेगी । (शोर एवं व्यवधान) मैडम, आप बैठिये।

श्रीमती अनीता यादव : अध्यक्ष महोदय, ये हमारे को कुछ भी बोलते रहेंगे और हम बैठ जाएंगे, यह क्या बात हुई ?

श्री अध्यक्ष : अनीता जी, आप प्लीज बैठ जाएं।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अनीता जी, क्या आप असलियत को नकारोगे ? अध्यक्ष महोदय, ये किस बात पर बोल रही हैं और किसने इनको अलाऊ किया है । (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker: Madam, please take your seat.

श्री नरेश कुमार बादली : अध्यक्ष महोदय, ये हाउस को गुमराह कर रहे हैं। हमारी खुद की जमीन एस०ई०जैड० में गई हुई है । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, ये **** आदमी क्या कह रहा है, ये कोई तरीका है इसका ।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, ये शब्द तो कार्यवाही से निकलवा दें।

श्री अध्यक्ष : यह शब्द जो चौटाला जी ने कहा है इसे रिकार्ड न किया जाए ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, बेहूदगी वे कर रहे हैं और आप लांछन हम पर लगा रहे हैं । इनसे पूछो कि प्वायंट ऑफ ऑर्डर क्या होता है । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : यह तो कमाल हो गया है। इधर यह और उधर यह कुछ कहता है। कोई हाऊस चलने ही नहीं देता ।

(इस समय सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई सारे माननीय सदस्य एक साथ खड़े हो गए और जोर जोर से बोलने लगे।)

Mr. Speaker : I will not proceed like this. The House is adjourned for half-an-hour.

(The Sabha then adjourned at 12.06 P.M. and re-assembled at 12.36 P.M.)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया ।

वर्ष 2010-2011 के लिए बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री अध्यक्ष : आनरेबल मैम्बर्स, जैसा कि मैंने डिस्कशन शुरू होने से पहले एक बात कही थी कि सभी माननीय सदस्य बजट पर ही बोलें, किसी भी माननीय सदस्य ने बोलते हुए एक-दूसरे के खिलाफ कुछ नहीं बोलना है। अब मैं फिर कहता हूं कि आप सभी कृपा करके केवल बजट पर ही बोलें, एक दूसरे के बारे में कुछ भी पर्सनल रिमार्क्स न करें क्योंकि जब ऐसा माहौल हो जाता है तो मेरे लिए हाऊस चलाना बहुत मुश्किल हो जाता है।

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, मैं कांग्रेस विधायक दल के साथियों की तरफ से और इस सदन की तरफ से भी आपको एक आश्वासन देना चाहता हूं कि सरकार भी और मुझे भी यह विश्वास है कि सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी चाहे भारतीय जनता पार्टी के साथी हों चाहे लोकदल पार्टी के साथी हों और चाहे दूसरे हमारे साथी हों, हम सब की मन्शा है कि यहां पर आपस में जो चर्चा हो वह एक हैल्दी, डैमोक्रेटिक ट्रेडीशन के अन्दर हो। मेरा आपसे नम्र निवेदन भी है कि किसी सदस्य को दूसरे सदस्य का अनादर करने का, गाली देने का और गन्दी भाषा का प्रयोग करने का कोई अख्तियार नहीं है।

श्री अध्यक्ष : ठीक बात है, कोई अधिकार नहीं है।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : एक सम्मानित सदस्य ने दूसरे सम्मानित सदस्य को पागल कहा। एक महिला मंत्री को कहा कि तुम बेवकूफ हो, एक सम्मानित सदस्य को कहा कि मैं तुम्हें देख लूंगा। सर, वह भाषा हरियाणा के लोगों ने बदल दी। वह समझना पड़ेगा। दो चुनाव हो चुके हैं और कांग्रेस पार्टी की सरकार को सत्ता में आए 6 साल हो चुके हैं।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी क्या सुझाव दे रहे हैं, यह कोई स्पीच नहीं है।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अरोड़ा साहब, मैं आपकी बात नहीं कह रहा आप फिर क्यों चिन्ता में पड़े हुए हैं?

Mr. Speaker : He had assured for your party.

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : स्पीकर सर, इन्हें अपना रवैया, अपना चरित्र, चेहरा और तरीका सारे ठीक करने पड़ेंगे।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी आपसे अर्ज की है और अब मैं फिर कह रहा हूं कि हमारी तरफ से कभी भी इस प्रकार की कोई कोशिश नहीं हुई है। कादियान साहब भी जब बोल रहे थे तो किसी ने टोका-टाकी नहीं की। ज्यों ही मैंने बोलना शुरू किया, विशेष रूप से जो हाऊस में सुझाव देने की बात करता है वह सबसे ज्यादा गड़बड़ करता है। आपको मैं एक बात और कह दूं कि हम आपको पूरी तरह से कोआपरेट करते हैं। हमारी वजह से अगर आपको पीड़ा हुई है तो हम इसके लिए क्षमा मांगते हैं। सदन का कोई भी सम्मानित सदस्य अगर किसी सदस्य पर किसी

[चौ० ओम प्रकाश चौटाला]

प्रकार का आक्षेप करने की कोशिश करता है तो यह हम टोलरेट नहीं करेंगे। मैं बजट से बाहर जाकर बात नहीं करूंगा लेकिन जब ऐसे लोग खड़े हो जाते हैं जिन्हें यही पता नहीं कि प्वायंट ऑफ आर्डर क्या होता है तो ठीक नहीं है। अध्यक्ष महोदय, यह बात आप देखेंगे कि प्वायंट ऑफ आर्डर बनता है कि नहीं बनता। मेरे समय को खराब करके फिर प्वायंट ऑफ आर्डर की आड़ लेकर ये लम्बे-लम्बे भाषण देने शुरू कर देते हैं। यह कोई अच्छी रवायत नहीं है। आप हाऊस के कस्टोडियन हैं हाऊस को अच्छे ढंग से चलाओ। अध्यक्ष महोदय, मैं एस०ई०जैड० का जिक्र कर रहा था । हरियाणा प्रदेश की मौजूदा सरकार ने 46 एस०ई०जैड० सैंक्शन किए हैं लेकिन किसी एक में भी धुंआ निकलने वाली चिमनी कहीं नहीं लगी है। बात यह की गई थी कि लाखों युवकों को रोजगार मिलेगा । रोजगार के नाम के ऊपर जैसे मैंने बताया कि रिलांयस को 1500 एकड़ भूमि 370 करोड़ रूपये में दे दी और वह भूमि जो एच०एस०आई०आई०डी०सी० की लोगों की भलाई के लिए अधिग्रहण की गई थी, उसी जमीन का एक हिस्सा 4 एकड़ का 290 करोड़ रूपये में नीलाम हुआ। (शोर एवं व्यवधान)

श्री धर्मपाल: अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर है । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, जब आप इनको अवसर देंगें तो ये अपनी बात बता देंगें । (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मेरी बात का जवाब देने का इनको अवसर मिलेगा । आप जिसको चाहे बुलवा लें लेकिन ये मुझे बीच में न टोकें । (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker: Please, let me hear.

श्री अशोक कुमार अरोड़ा: अध्यक्ष महोदय, जब सरकार रिप्लाई देगी उस समय ये अपनी बात बता लेंगे । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, ये कौन से रूल्ज के तहत प्वांयट ऑफ आर्डर पर बोलना चाहते हैं ?(शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, इनसे पूछिए कि ये प्वांयट ऑफ आर्डर पर बोलना चाहते हैं या इनका कोई सुझाव है ? (शोर एवं व्यवधान)

श्री धर्मपाल: अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर है । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, अगर इनका प्वांयट ऑफ आर्डर है तो वैल एण्ड गुड लेकिन ये सुझाव नहीं दे सकते । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: ये सुझाव देने नहीं बल्कि प्वांयट ऑफ आर्डर पर बोलने के लिए खड़े हुऐ हैं।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, सुझाव के लिए जब आप अवसर देंगें तब ये बोल लेंगे। (शोर एवं व्यवधान) ये प्वांयट ऑफ आर्डर नहीं है । ये प्वांयट ऑफ आर्डर जानते ही नहीं है । (शोर एवं व्यवधान)

श्री धर्मपाल: अध्यक्ष महोदय, बात को घुमाया जा रहा है और सदन को गुमराह किया जा रहा है। (शोर एवं व्यवधान) मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर है । मैं कुछ तथ्य आपके सामने रखना चाहता हूं । जैसा चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी सदन में एस०ई०जैड० के बारे में ब्यान कर रहे थे और इस पर शोर शराबा भी हुआ । एस०ई०जैड० की पहली नोटिफिकेशन इन्हीं की सरकार में 29 जनवरी को हुई थी। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, ये प्वांयट ऑफ आर्डर नहीं है । ये प्वांयट आफ आर्डर जानते ही नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अशोक कुमार अरोड़ा: अध्यक्ष महोदय, यह प्वांयट ऑफ आर्डर नहीं है । यह तो स्टेटमैंट है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री धर्मपाल: अध्यक्ष महोदय, ये उस स्टेटमैंट को घुमाकर कह रहे थे लेकिन मैं वास्तविकता सदन के पटल पर रखना चाहता हूं । (शोर एवं व्यवधान) I want to put the real record of SEZ by whom it was started. I do not know what was the intention of that Government?

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, इनको समझाइए कि ये प्वांयट ऑफ आर्डर पर बोलें, सुझाव न दें । रिप्लाई और सुझाव देने का काम मुख्यमंत्री का है ।(शोर एवं व्यवधान)

श्री धर्मपाल: अध्यक्ष महोदय, 29 जनवरी, 2003 को चौ० ओम प्रकाश चौटाला की सरकार थी, इन्होंने सैक्शन 4 की नोटिफिकेशन की । उसके बाद 28 जनवरी, 2004 को सैक्शन 6 की नोटिफिकेशन हुई । हमारी सरकार ने सैक्शन 9 की और----(शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो रेट फिक्स किए थे वे खांडसा गांव के 7 लाख रूपये प्रति एकड़ और निरसिंहपुर गांव के 9 लाख रूपये प्रति एकड़ थे। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, यह प्वांयट आफ आर्डर कहां से आ गया?

श्री धर्मपाल: अध्यक्ष महोदय, इन्होंने कहा कि हमने जमीन कोड़ियों के भाव में दी। अध्यक्ष महोदय, जमीन कोड़ियों के भाव में तो इन्होंने दी थी । हमने तो इनसे तिगुने रेट जमीन के दिए थे । हमारी सरकार ने आर.आर. यानि रिहैबलीटेशन और रिसैटलमैंट की पोलिसी बनाई । उस पोलिसी के तहत बच्चों को रोजगार देना था । एस.ई.जैड के लिए जिन गांवों की जमीन जा रही थी उन गांवों के लोगों को सराउंडिंग में एक-एक कमर्शियल शॉप भी देनी थी। इस तरह से हर तरह की सुविधा एस.ई.जैड में होने जा रही थी ।

Mr. Speaker: Thank you. ठीक है अब आप बैठिए ।

श्री धर्मपाल: अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो रेट फिक्स किए थे हमारी सरकार ने उनसे तिगुने रेट जमीनों के दिए । किसी आदमी ने भी एक्वायर की गई जमीन के मुआवजे के लिए मना नहीं किया । सबने अपना मुआवजा ले लिया । (शोर एवं व्यवधान) इस तरह बात को घुमाकर कहना कि एस.ई.जैड के लिए जमीन कोड़ियों के भाव दी गई, ठीक नहीं है । हमने जमीन कोड़ियों के भाव नहीं दी । कोड़ियों के भाव में तो इनकी सरकार लेने जा रही थी । हमारी सरकार ने, हमारे माननीय मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने मुख्यमंत्री बनते ही इस बारे में ऐलान किया था ।

Mr. Speaker: your point is clear. अब आप बैठिए ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, क्या मुझे बोलने की अनुमति है क्योंकि मैं अभी तक बोल नहीं पाया? अभी तो मैं शुरू कर रहा हूं फिर आप बीच में घंटी बजाना शुरू कर देते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं उसी बात को फिर दोहराना चाहता हूं जो रिकार्ड की बात है । एच.एस.आई.आई.डी.सी. ने जो जमीन अधिग्रहण की थी उसमें से लगभग 1500 एकड़ जमीन रिलायंस को दी गई। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: यह बात पहले हो गई है ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला: अध्यक्ष महोदय, ये बात पहले नहीं हुई । जो बेकायदगियां हुई मैं उन्हीं के बारे में बता रहा हूं । राव धर्मपाल जी को भी तथ्यों का ज्ञान नहीं है । (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं रिकार्ड की बात बताऊंगा उसमें से 25 परसैंट जो जमीन सरकार ने रिलांयस को देनी थी वह पहले ही दे दी । उन्होंने यह जमीन खरीदी नहीं थी वो जमीन जो थी केवल मात्र 370 करोड़ रुपये में दी और उस जमीन का एक हिस्सा चार एकड़ का एच०एस०आई०आई०डी०सी० ने ओपन ऑक्शन में नीलाम किया तो 290 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ है । अब आप स्वयं देख लें कि इसमें कितना भारी घपला हुआ है जबकि एक भी कारखाना नहीं लगा है। उस जमीन की जो चारदीवारी की गई है, केसिंग की गई है, आज भी हरियाणा पुलिस उसका पहरा दे रही है। जिन जमींदारों से यह जमीन ली गई थी उनको यह कहा गया था कि 10 हजार रुपये महीने के हिसाब से आपको हर महीने मिलेगा किसी एक जमींदार को भी नहीं मिला है। (विघ्न) किसी एक को भी नहीं मिला है। मुख्यमंत्री जी इस पर श्वेत पत्र जारी कर दें ताकि पूरे प्रदेश के लोगों की तसल्ली हो जाये । अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार का एक और केस है। अध्यक्ष महोदय, एक प्राईवेट बिल्डर को गुड़गांव में जनहित में सरकारी खर्च पर वर्ष 2003-04 में अधिग्रहण की गई लगभग 300 एकड़ भूमि एक मात्र टैण्डर पर दे दी। कोई दूसरा टैण्डर नहीं था एक मात्र टैण्डर पर ही एक बिल्डर को 1500 करोड़ रुपये में वह जमीन वर्ष 2009 में दी गई। अध्यक्ष महोदय, आज उस जमीन की कीमत 10 हजार करोड़ रुपये से ऊपर है। अब आप स्वयं इसकी इन्क्वायरी करें कि इसमें कितना बड़ा घोटाला हुआ है। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार के घपले अगर मैं गिनाने शुरू करूंगा तो सारे घपले गिनाने में बहुत लम्बा समय लग जायेगा। एस०ई०जैड० की आड़ में किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई और किसान को यह आश्वासन दिया गया कि तुम्हें हर वर्ष दस हजार रुपये मिलेगा लेकिन किसी को एक दवन्नी नहीं दी गई। अध्यक्ष महोदय, एच०एस०आई०आई०डी०सी० की तरफ से जो इण्डस्ट्रियल प्लाट दिए जाते हैं उन इण्डस्ट्रीज प्लाट्स के लिए दरखास्तें मांगी जाती हैं और उन दरखास्तों में ये सारी सूचना देनी पड़ती है कि इसका उद्योग में कितना अनुभव है, क्या इसके पास असासा है, कहां-कहां इसने उद्योग स्थापित किए हैं ? अध्यक्ष महोदय, किसी भी एक इण्डस्ट्रिलिस्ट को कोई भी प्लाट इस प्रकार नहीं दिया गया बल्कि ऐसे लोगों को दिया गया जिनका उद्योग से कोई वास्ता ही नहीं है। इसमें कितना पैसा कमाया गया होगा, आप अंदाजा लगायें। इसी प्रकार से अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी कही थी अब फिर दोहरा रहा हूं ये तो रिकार्ड की चीज है कि पांच साल के अर्से में एक भी हुडा का सैक्टर हरियाणा प्रदेश में नहीं कटा। (खांसी)

Chief Parliamentry Secretary (Shri Dharambir Singh) : On a point of order, Speaker Sir, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि 2005 से लेकर 2010 तक 15194 एकड़ जमीन पर रैजीडैंशियल सैक्टर काटे हैं। (विघ्न)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं बता दूंगा, धर्मबीर।

श्री धर्मबीर सिंह : नहीं, कम से कम हाउस को बरगलाना नहीं चाहिए स्पीकर सर, अकेला यह नहीं 2 लाख 29 हजार 500 प्लाट 100-100 गज के महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती स्कीम के तहत दिये हैं। (विघ्न)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : यही मैं बताने जा रहा हूं।

Dr. Raghuvir Singh : Speaker Sir, it is a breach of privilege of the House. Wrong facts are being given on the table of the House. (interruptions)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिसका उल्लेख किया है मैं आपके नोटिस में आपके द्वारा फिर आश्वास्त करना चाहूंगा कि हमारी सरकार के वक्त में जो हुडा के प्लाट काटे गये थे उनमें जो-जो प्लाट बाकी रह गये थे वो प्लाट ही सरकार ने दिए हैं कोई नया सैक्टर नहीं काटा गया है।

P.W.D. (B & R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) : Sir, on a point of order.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : मैं floor of the House कह रहा हूं कोई नया सैक्टर नहीं कटा। सैक्टर काटने के लिए दफा 4 के नोटिस दिए जाते हैं (विघ्न) प्राईवेट बिल्डर ----

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला: सर, यहां पर लिखा है कि हमें हमेशा सच बोलना चाहिए और on the floor of the House मैंबर ने बात कही है कि कोई हुडा ने जमीन एक्वायर नहीं की है और कोई सैक्टर नहीं काटा। मेरी यह आपसे दरख्वास्त है जब कोई सदस्य हाऊस को बरगलाता है तो it's a breach of privilege. You constitute a House Committee. Sir, It's a clear breach of privilege on the part of Shri Om Parkash Chautala. मैं जमीन एक्वायर करने की डेट दे रहा हूं सर। 1.4.2005 से लेकर 31 मार्च, 2006 के बीच में हरियाणा सरकार ने, हुडा ने 6210 एकड़ जमीन एक्वायर की है। 1.4.2006 से लेकर 31 मार्च, 2007 के बीच में हुडा ने 1303 एकड़ जमीन एक्वायर की है। 1.4.2007 से लेकर 31.3.2008 के बीच में 2268 एकड़ भूमि हुडा ने एक्वायर की है। 1.4.2008 से लेकर 31.3.2009 के बीच में हुडा ने 559.62 एकड़ भूमि एक्वायर की है और 1.4.2009 से लेकर 23 फरवरी, 2010 इस साल तक 4853.1 एकड़ भूमि एक्वायर की है।

स्पीकर सर, पिछले पांच साल में हुडा ने 15,194 एकड़ भूमि एक्वायर की । जो माननीय सदस्य श्री ओम प्रकाश चौटाला जी ने कहा है वह सरासर असत्य है । यह उन द्वारा एक प्रकार से सदन को बरगलाने की कोशिश की गई है । स्पीकर सर, हमने कुल मिलाकर 29500 प्लाट्स दिये हैं। इनमें से हमने 28879 रैजीडैंशियल प्लाट्स दिये हैं, 169 इंस्टीच्युशनल प्लाट्स दिये हैं, 90 इण्डस्ट्रियल प्लाट्स दिये हैं । यह मैंने हुडा की एस्टेट के बारे में बताया है । इसके अलावा हमने ग्रुप हाऊसिंग साईट्स के 321 प्लाट्स दिये, हॉस्पिटल साईट्स के लिए 10 प्लाट्स दिये, 31 प्लाट्स पैट्रोल पम्प साईट्स के लिए दिये । स्पीकर सर, इस प्रकार से हमने कुल 29500 प्लाट्स दिये। Speaker Sir, I request let constitute a House Committee. I challenge Ch. Om Prakash Chautala. (Noise and Interruptions) It is a clear case of breach of privilege and misleading this House.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं यही कहने जा रहा हूं कि जब से यह हुड्डा सरकार सत्ता में आई उसके बाद से दफा 4 के नोटिसिज़ देकर भूमि तो अधिग्रहित की गई लेकिन हुडा का एक भी नया सैक्टर नहीं काटा गया । (शोर एवं व्यवधान) स्पीकर सर, यह रिकार्ड की बात है । इसको कैसे नकारा जा सकता है । अगर फिर भी किसी को इस बारे में कोई शक है तो आप सदन की कमेटी मुकर्रर करें वह इसकी इंक्वायरी कर लेगी । हम इससे सहमत हैं। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं यह खुद कह रहा हूं कि दफा 4 के नोटिसिज़ तो दिये गये और ज़मीन का अधिग्रहण भी किया गया ।

[चौ० ओम प्रकाश चौटाला]

उसके बाद औने-पौने दामों में अंदरखाते किसानों से ज़मीन खरीदकर प्राईवेट बिल्डर्ज़ को दे दी गई । स्पीकर सर, इतना सब करने के बाद दफा 4 के नोटिस को विद्ड्रा कर लिया गया और फिर उन प्राईवेट बिल्डर्ज़ को वहां पर प्लाट्स काटकर हाऊसिज़ की कंस्ट्रक्शन करने के लिए लाईसैंस दिये गये । स्पीकर सर, इस प्रकार से कितनी ज़मीनों पर हाऊसिज़ बनाने के लाईसैंस प्राईवेट बिल्डर्ज़ को दिये गये इससे सम्बंधित मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। स्पीकर सर, इतना ही नहीं कोर्ट की तरफ से हर रोज़ सरकार के खिलाफ स्ट्रीक्चर पास हो रहे हैं लेकिन फिर भी ये इस बात को नकारते जा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह कहने जा रहा था कि किस प्रकार से किसान की बहुमूल्य ज़मीनें बेदर्दी से लूटी जा रही हैं। अध्यक्ष महोदय, जैसे कि मैं बता रहा था कि एक दूसरी कम्पनी को फायदा पहुंचाने के कारण 10 हज़ार करोड़ रूपये का स्टेट का नुकसान हुआ है । अध्यक्ष महोदय, आज मौजूदा सरकार के लोग किसानों का हितैषी होने की बात करते हैं । ये कहते हैं कि हमने किसान को बहुत राहतें प्रदान की हैं। अध्यक्ष महोदय, आप भी एक किसान हैं और आप कृषि मंत्री भी रहे हैं । मैं इस बात के अंदर नहीं जाता कि हरियाणा प्रदेश के किसानों ने कितना उत्पादन किया ? मैं इस बात में भी नहीं जाना चाहता कि हरियाणा प्रदेश की सरकार की तरफ से केन्द्रीय पूल में कितना अन्न दिया गया है लेकिन अध्यक्ष महोदय, इन चार सालों के अरसे में अगर कहीं पर बारिश हो गई हो और अगर किसान ने अपने प्रयासों से डीज़ल फूंककर अपनी फसल पका ली हो लेकिन हम इस बात का अंदाज़ा नहीं लगा सकते कि उसको अपनी फसल को पकाने में कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ा होगा । अध्यक्ष महोदय, अभी एक प्रश्न के उत्तर में कृषि मंत्री महोदय ने यह कहा था कि हमारे पास खाद की कमी नहीं है । अध्यक्ष महोदय, यह रिकार्ड की बात है कि एक-एक थैला खाद के लिए किसान को राशन कार्ड हाथ में लेकर बी.डी.ओ. के दफ्तर के आगे लाईन में लगकर खड़ा होना पड़ता था। लेकिन इसके बावजूद भी रात को उसे खाली हाथ घर लौटना पड़ता था । अध्यक्ष महोदय, बिजाई के मौके पर डी.ए.पी. खाद उपलब्ध नहीं है और फसल को पकाने के लिए यूरिया उपलब्ध नहीं है । यूरिया खाद ब्लैक में मिलता है । स्पीकर सर, इस सबके बावजूद भी अगर प्रभु की कृपा से किसान की फसल पक जाये और किसान अपनी फसल को बेचने के लिए मार्किट में लेकर जाये तो उस किसान को भी इन्होंने चोर बना दिया । इनकी सरकार ने यह फैसला किया कि किसान अगर अपनी फसल के उत्पादन को मण्डी में बेचने के लिए जायेगा तो उसे अपनी ज़मीन की फर्द अपने साथ लेकर यह प्रमाणित करना पड़ेगा कि यह मेरे खेत का ही उत्पादन है । अध्यक्ष महोदय, यह हालत आज हरियाणा प्रदेश की हो रही है । अध्यक्ष महोदय, आज प्रदेश के अंदर सिंचाई की भी कोई व्यवस्था नहीं है । अध्यक्ष महोदय, आप हैरान होंगे यह जानकर कि तीन-तीन महीने तक नहरों में पानी नहीं आता । पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है । अध्यक्ष महोदय, एडहॉक बेसिज़ पर पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट में पम्प ऑपरेटर नियुक्त किये गये और उन्हें महेन्द्रगढ़ और रेवाड़ी में ड्यूटी ज्वाईन करके बैठा दिया गया । वे लोग एक दिन के लिए वहां पर गये और अपनी ड्यूटी ज्वाईन करके आ गये। स्पीकर सर, उसके बाद उनमें से कोई भी अपनी ड्यूटी पर नहीं जाता है । इसके बावजूद भी वे अपनी तनख्वाह घर पर बैठकर ले रहे हैं क्योंकि वे एक व्यक्ति विशेष के हल्के के लोग हैं। इसलिए ये वहां पर नौकरी करते हुए भी वे अपने घर बैठकर मौज़ लूट रहे हैं । हालत यह है कि कहीं पर भी कोई पम्प काम नहीं कर रहा है, नहरों में पानी नहीं है, लोग प्यासे मर रहे हैं । अध्यक्ष महोदय, इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात क्या हो सकती है कि हरियाणा प्रदेश के लोगों को राजस्थान से पीने का पानी लेकर आना पड़ता है । इसके अलावा कहीं-कहीं पर लोग गंदा पानी पीने के लिए भी मज़बूर हो रहे हैं। इस सबके बावजूद भी हमारे मंत्री महोदय लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की बात करते हैं । लेकिन सच्चाई यही है कि इन्होंने स्वास्थ्य के नाम पर कहीं कुछ भी नहीं किया । कहीं पर भी एक नया हॉस्पिटल नहीं बनाया और जिन हॉस्पिटल में डॉक्टर्ज़ के पद खाली पड़े हैं उनको भी नहीं भरा गया है । स्पीकर सर,

हॉस्पिटल्ज़ में दवाईयां उपलब्ध नहीं हैं । उचित ईलाज और दवाईयों के अभाव में लोग मर रहे हैं। सरकार को इस बात की कोई चिंता नहीं है। स्पीकर सर, पीलिया जैसी नामुराद बीमारी जिसका कोई ईलाज नहीं है वह भी हरियाणा प्रदेश में फैल रही है । अध्यक्ष महोदय, शायद आपको भी इसकी सारी इन्फर्मेशन होगी। आज ये लोग बिजली की बात भी बड़े गर्व के साथ करते हैं कि हमने बिजली का बहुत उत्पादन किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा समय तो नहीं लेना चाहूंगा लेकिन तथ्यों पर आधारित कुछ बातें मैं आपके सामने ज़रूर रखना चाहूंगा । अध्यक्ष महोदय, बिजली के मामले में भी सरकार ने बड़े बुलंद दावे किये हैं । अध्यक्ष महोदय, ये कहते हैं कि हमने बिजली का उत्पादन बढ़ाया है । अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार के समय में राज्य में बिजली का उत्पादन बढ़ा था यह रिकॉर्ड की बात है । इनकी सरकार बनने के बाद हरियाणा में कहीं एक यूनिट बिजली भी पैदा नहीं हुई । यमुनानगर में दीनबंधु सर छोटूराम नाम का जो थर्मल पॉवर प्लांट लगा था उसका सारा श्रेय हमारी सरकार को जाता है । हमने उसको रिलायन्स को दिया था और प्रदेश के हितों की रक्षा करते हुए पैसा बचा कर दिया था । उनके साथ शर्तें रखी थी । उनके साथ एग्रीमैंट किया था । मैंने बतौर मुख्य मंत्री उसकी आधारशिला रखी थी ताकि उसका काम चालू हो सके । अध्यक्ष महोदय, जो यूनिट उन्होंने लगाई है उसमें चाईना की एक कम्पनी की हिस्सेदारी थी । हमारे एग्रीमैंट के मुताबिक वे उसको बदल नहीं सकते थे । हमारी सरकार के समय में उन्होंने दरख्वास्त दी थी कि हमें इस कम्पनी को बदलने की अनुमति दी जाये लेकिन हमने उसको बदलने की अनुमति नहीं दी । उसके बाद कांग्रेस की सरकार बनी और उन्होंने दोबारा से दरख्वास्त दी लेकिन कांग्रेस की सरकार ने भी उसको रिजैक्ट कर दिया । उसके बाद एक महीने में ही दोबारा नई दरख्वास्त लेकर उनको कम्पनी बदलने की अनुमति दे दी गई । कैसे दे दी गई यह तो आप पता कर सकते हैं या सरकार इस बारे में श्वेत पत्र जारी करे । अध्यक्ष महोदय, जो अंदेशा हमें था कि यह कम्पनी ठीक नहीं है, इसकी वजह से नुकसान होगा और वही हुआ । आज यह प्रमाणित हो गया है कि वह कम्पनी ठीक नहीं थी । यमुनानगर की जो यूनिट अब बन्द पड़ी है वह बंद इसलिए पड़ी है क्योंकि जो मशीनरी वहाँ पर लगाई गई है वह ठीक नहीं है । अध्यक्ष महोदय, यमुनानगर थर्मल पॉवर प्लांट में जो एश पैपर लगी हैं जो वेस्ट राख को पानी में मिलाकर बाहर फैंकते हैं यमुना पास लगती है कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए थी लेकिन उन पर लोड पड़ गया और वह टूट गई और उसकी वजह से Electric Static Prospection बेकार हो गई, सारी की सारी यूनिट बेकार पड़ी है। अखबारों में खबर छपती है जिसमें सरकार कहती है कि 15 दिन में वह तैयार हो जायेगी लेकिन अध्यक्ष महोदय, वह 6 महीने में भी तैयार नहीं हो पायेगी । इससे प्रदेश का 5 करोड़ रुपये रोजाना का नुकसान हो रहा है । अध्यक्ष महोदय, मैंने माननीय मुख्य मंत्री जी को एक चिट्ठी लिखी थी और उनको यह कहा था कि जिस कम्पनी को आप यमुनानगर थर्मल पॉवर प्लांट को देने जा रहे हैं उसको आपकी सरकार ने भी रिजैक्ट कर दिया था और हमने भी रिजैक्ट कर दिया था । अतः उनको आप मत दीजिए, उनसे बिजली का उत्पादन नहीं होगा । अध्यक्ष महोदय, जब हमारी सरकार गई थी, उस समय मैंने रैजिगनेशन देने से पहले एक बात कही थी कि चूंकि जनता ने हमें समर्थन नहीं दिया इसलिए हम त्याग पत्र देते हैं तथा सरकार को आश्वासन देते हैं कि प्रदेश के हितार्थ अगर सरकार कोई अच्छे काम करेगी तो हम उसको पूरा सहयोग और समर्थन करेंगे । उस सहयोग और समर्थन के बलबूते पर हमने सरकार को एक चिट्ठी लिखी और उस चिट्ठी का जो जवाब माननीय मुख्य मंत्री जी ने दिया है आपकी अनुमति से मैं उसको पढ़ कर सुनाना चाहूँगा । अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार के जवाब दिये जाते हैं । जिस चिट्ठी में मैंने सुझाव दिया था उसका जो जवाब दिया उसमें मुख्य मंत्री जी लिखते हैं कि

> "Dear Shri Chautala, I have received your letter No.---- dated 9.11.2006. The tone and tenor of your letter saddened and amused me as well."

[चौ० ओम प्रकाश चौटाला]

इनको दुख: भी हुआ तथा प्रसन्नता भी हुई ।

'Saddened because as a former Chief Minister you ought to understand the procedures and process of open international competitive bidding which the HPGCL is following in a totally transparent manner.'

(noises & interruptions)

श्री अध्यक्ष : चौटाला साहब, यह बजट से संबंधित बात नहीं है । एक चिट्ठी उन्होंने लिखी उसका जवाब तो आपको गोपनीय रखना चाहिए था । ऐतबार की बात तो यह थी कि उसका जवाब आप छाती से लगा कर रखते । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओमप्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, आप जरा सुनिए तो सही कि चिट्ठी का जवाब कैसे दिया गया है ? आप थोड़ी सी पेशैंस रखें (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, हमने प्रदेश के हित के लिए सुझाव दिया । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : नहीं, आप इसको रहने दो चौटाला साहब । (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओमप्रकाश चौटाला : एक मिनट सुनो, अध्यक्ष महोदय, जो वर्डिंग है वह आप सुनो ।

'Therefore, your apprehensions of any favour or any deviation from the laid down system are totally misplaced and unfounded. Similarly, your allegations regarding SEZ and Yamunanagar Thermal Plant are germane to either your ignorance of the issues or deliberate attempt to mislead the people. Amused because it looks like the case of a blind man groping in a dark room to search for a black cat, which is not there.'

अध्यक्ष महोदय, यह मुख्य मंत्री की भाषा है और अध्यक्ष महोदय, वह ब्लैक कैट फिर रही है । वह चौराहे पर फिर रही है । अध्यक्ष महोदय, वह बंद पड़ा है और 5 करोड़ रूपये रोजाना सरकार का नुकसान है । किसान को बिजली नहीं मिल पा रही है । उस चिट्ठी में आगे लिखा है कि -

"I know that you within your heart are fully convinced that this Government's programmes, policies and actions are transparent and fair which were never before."

13.00 बजे अध्यक्ष महोदय, क्या यह मुख्यमंत्री की भाषा है ? हमने एक सुझाव दिया था और उसका इस तरह से जवाब दिया जाता है । मैंने इस चिट्ठी को उजागर नहीं किया, प्रैस को यह चिट्ठी रिलीज़ नहीं की। मैंने सोचा कि जिस प्रकार की भाषा का ये इस्तेमाल करते हैं, उसी कैटगरी में मैं शामिल न हो जाऊं। मैंने फिर भी इनकी बातों को निभाने का प्रयास किया । (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, जहां तक बिजली उत्पादन का ताल्लुक है आज सारी की सारी बिजली की यूनिट्स खराब पड़ी हैं । अध्यक्ष महोदय, 600 मैगावाट वाले दीन बन्धु सर छोटू राम थर्मल पावर प्लांट का सितम्बर, 2004 में हमारे शासन काल में रिलायंस कम्पनी को काम दिया गया था । एग्रीमैंट के मुताबिक इस प्रोजैक्ट को 27 से 30 माह के अन्दर पूरा किया जाना था और बिजली बननी चाहिए थी लेकिन सरकार की नीति केवल निजी कम्पनी को लाभ पहुंचाने की है । क्योंकि आज भी उसकी वही हालत है । अध्यक्ष महोदय, उपरोक्त थर्मल पावर प्लांट के 300-300 मैगावाट के दो यूनिट्स को मार्च, 2007 और जून, 2007 में एग्रीमैंट के मुताबिक चलना चाहिए था । इनकी सरकार ने अप्रैल, 2008 और जून 2008 में उनको शुरू किया

था और अभी भी वे ठीक ढंग से नहीं चल पाए हैं । अध्यक्ष महोदय, इस देरी की वजह से 428 यूनिट्स बिजली के उत्पादन का नुकसान हुआ है । आप इसी से अन्दाजा लगाएं कि कितना किसान का नुकसान हुआ होगा और कितना सरकार का नुकसान हुआ होगा । इसके अतिरिक्त रिलांयस कम्पनी द्वारा स्वीकृत पैमाने के अनुसार थर्मल पावर प्लांट का प्लांट लोड फैक्टर 80 प्रतिशत होना था जो कि 69 प्रतिशत ही हुआ है। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : आपको बोलते हुए 30 मिनट से ज्यादा का समय हो गया है । आप कन्क्लयूड करो। (विघ्न)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं खत्म करता हूं ।

P.W.D. (B.&R) Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala) : Sir, I want your ruling on one issue. Chautala Sahib can refer to papers when he delivers his speech. But can he read the written speech? Speaker Sir, I want your ruling about it.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं रिकार्ड बता रहा हूं । आज पानीपत थर्मल पावर प्लांट की तीन यूनिट्स बंद पड़ी हुई हैं । आज इस वक्त किसानों को बिजली की अति आवश्यकता है । आज किसान की फसल को लास्ट पानी चाहिए । बिजली की कमी की वजह से उसे कितना भारी नुकसान होगा, उसके क्या परिणाम निकलेंगे इस बात की चिन्ता सरकार को नहीं है । अध्यक्ष महोदय, आज आम आदमी को बिजली नहीं मिल रही है । लोग ढाणियों में और डेरों में इसलिए गए हैं कि उनको बिजली नहीं मिलती है । ट्रिपिंग की वजह से बिजली आते ही चली जाती थी । लोगों ने वहां पर जाकर डेरे इसलिए लगाए ताकि जब भी बिजली आए तो उसका वे इस्तेमाल करें । अध्यक्ष महोदय, आज उन डेरों के लोगों को डोमैस्टिक बिजली नहीं मिल रही है और कॉमर्शियल बिजली जो एग्रीकल्चर के हिसाब से मिलती है वह महंगी मिलती है । वह चार-पांच घंटे ही आती है । उन लोगों की क्या हालत होगी इस पर किसी ने विचार नहीं किया है ।

श्री अध्यक्ष : टाईम हो गया है । आप प्लीज बैठ जाएं । (विघ्न)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : नहीं नहीं, अध्यक्ष महोदय, अभी कहां टाईम हुआ है ।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, ऑन ए प्वायंट ऑफ आर्डर । मैं चौटाला जी को कहना चाहूंगा कि एग्रीकल्चर की बिजली कामर्शियल नहीं होती है । एग्रीकल्चर बिजली 25 पैसे प्रति हार्स पावर के हिसाब से दी जाती है । इन्होंने कहा कि डेरों में जो कमर्शियल बिजली होती है एग्रीकल्चर के हिसाब से दी जाती है । कमर्शियल बिजली फैक्टरियों को दी जाती है। एग्रीकल्चर बिजली का डिफरैंट रेट है । (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, आप चाहें तो इस बारे में रिकार्ड निकलवाकर देख लें । (विघ्न)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मेरा टाईम ये इसी तरह से खराब करते हैं । (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, ये बिजली की खरीद की बात करते हैं तो बिजली की खरीद बहुत महंगे दामों पर हो रही है जिस वजह से स्टेट को बहुत नुकसान हो रहा है । हजारों करोड़ों रूपयों का बोझ उपभोक्ता पर पड़ रहा है । अध्यक्ष महोदय, इन्होंने एक नया सिस्टम और बनाया है । ट्यूबवैल्ज़ के उपर लो टैंशन तारों को हाई टैंशन तारों में बदल रहे हैं । इससे नुकसान हो रहा है और तारें भी ढीली पड़ रही है । किसानों की जिंदगी खतरे में है और इनको इस बात की चिन्ता ही नहीं है ।

श्री अध्यक्ष : चौटाला जी, थैंक यू ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : नहीं-नहीं, अभी नहीं । मेरा टाईम तो ये लोग ले गए हैं ।

श्री अध्यक्ष : आपका समय हो गया है ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : स्पीकर सर, मुझे बोलते हुए अभी 10 मिनट भी नहीं हुए हैं । मेरा अधिकत्तर समय तो ये ले गए हैं ।

श्री अध्यक्ष : चौटाला जी, आपको बोलते हुए 43 मिनट हो गए हैं । अब तो सभी शान्ति से बैठे हुए हैं । अब तो कोई बीच में बोल ही नहीं रहा है ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, सवाल बोलने का या न बोलने का नहीं है । सवाल तो यह है कि मैं अपनी बात लोगों तक कैसे पहुंचा सकूंगा ।

श्री अध्यक्ष : आपकी बात तो शाम तक नहीं मुकेगी ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : बिल्कुल नहीं मुकेगी । जब तक आप दूसरों को बीच में भाषण देने की अनुमति दोगे तो नहीं मुकेगी । (विघ्न) अगर आप इस तरह से इनको बीच में बोलने की इजाजत दोगे तो कैसे चलेगा । (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, ये उद्योग की बात करते हैं, हरियाणा में बड़े दावे किए गए थे कि इतना बड़ा निवेश आया है । मुख्यमंत्री जी कई मर्तबा विदेशों में भी जाकर आए हैं । हरियाणा में एक भी नया निवेश नहीं हुआ है । हरियाणा के उद्योग प्लायन करके जा रहे हैं क्योंकि सारी सुविधाएं उन लोगों को नहीं मिल पा रही हैं। हमारे बच्चे बेरोजगार फिर रहे हैं और सरकारी नौकरियों में धांधली मची हुई हैं कहीं रिलांयस के नाम पर, कहीं एस.ई.जैड के नाम पर और कहीं उद्योग के नाम पर।

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला): अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है । जो लिबर्टी फैक्ट्री करनाल की थी उसके सामने न तो हमने गड्ढे खुदवाए और न हम टर्न ओवर के हिसाब से टैक्स मांगा करते हैं । 38 सालों में हरियाणा में 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश हुआ जबकि हमारे समय में 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश जमीन पर हो चुका है और 60 हजार करोड़ रूपये का निवेश पाईप लाईन में है।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, इस तरह से तो नहीं चलेगा । ये कौन होते हैं, ये किस हैसियत से बार बार सुझाव देने के लिए खड़े हो जाते हैं ? इनको कुछ सीमा रखनी चाहिए, थोड़ा सा हाउस का डैकोरम बनाए रखना चाहिए । अध्यक्ष महोदय, यह आपकी जिम्मेवारी भी है।

श्री अध्यक्ष : चौटाला साहब,मेरे साथ आपकी भी जिम्मेवारी है ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं उस जिम्मेवारी को पूरी तरह से समझता हूं । आपकी जो पीड़ा है उसमें मैं स्वंय भी पीड़ित हूं । मैं चाहता हूं कि आपकी पीड़ा समाप्त हो जाए । आपकी पीड़ा दूर करने का तो मेरे पास हक नहीं है लेकिन मेरी आपके साथ हमदर्दी जरूर है । अध्यक्ष महोदय, मौजूदा सरकार अपने आपको बहुत ज्यादा मजूदर हितैषी होने का दावा करती है । मैं आपको एक छोटी सी बात कहना चाहता हूं । हमारी सरकार के वक्त 950 एकड़ जमीन पर मानेसर में मजदूरों और कर्मचारियों के लिए आवास बनाने के लिए एक योजना बनायी गयी थी और उस जमीन का अधिग्रहण करने के लिए हम जब बिल लाए थे तो उस समय आज के मुख्यमंत्री विपक्ष के नेता हुआ करते थे। इन्होंने उस समय उस पर बहुत शोर मचाया था और कहा था कि वह जमीन कौड़ियों के भाव दी जा रही

है । अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार चली गयी और इनकी सरकार आ गयी । वही जमीन जो कर्मचारियों और मजदूरों के आवास बनाने के लिए मिलनी थी उसका अवार्ड मुकर्रर हो गया था और एक दिन पहले डिप्टी कमिश्नर को 50 करोड़ रुपये उनको तख्सीम के लिए भेज दिये गये थे लेकिन अगले ही दिन उन्होंने सारी की सारी जमीन का अधिग्रहण वापिस ले लिया और ऐसे लोगों को वह जमीन दे दी जिन्होंने उसमें बेइन्तहा पैसा कमाया । आप सोचिए कि कितना भारी घपला हुआ होगा ? अध्यक्ष महोदय, इसलिए इसके बारे में भी एक कमेटी मुकर्रर कर दें ताकि इसकी भी इंक्वायरी हो जाए ।

श्री अध्यक्ष : ठीक है चौटाला साहब, अब आप अपनी बात जल्दी खत्म करें।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत जल्दी अपनी बात खत्म करने जा रहा हूं । ये कहते हैं कि इन्होंने किसानों को गन्ने का भाव बहुत अच्छा दिया । इन्होंने महामहिम राज्यपाल महोदय को भी गुमराह किया । गवर्नर साहब के अभिभाषण में एक बात कही गयी है कि सरकार ने हरियाणा के किसान को गन्ने के दाम सबसे ज्यादा दिए हैं । अध्यक्ष महोदय, आज भी हरियाणा प्रदेश के गन्ने के दाम सबसे ज्यादा नहीं बल्कि दूसरे प्रदेशों जैसे महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु में हमारे से ज्यादा गन्ने के दाम मिलते हैं । हमारे प्रदेश के किसान को गन्ने के दाम ज्यादा नहीं मिलते हैं । किस प्रकार से मुख्यमंत्री जी ने 31 दिसम्बर को अपने जिले में एक शूगर मिल का उद्घाटन किया था और यह दावा किया था कि यह शूगर मिल एशिया में सबसे अच्छी शूगर मिल है । इससे सबसे ज्यादा चीनी का उत्पादन होगा क्योंकि इसमें सबसे अच्छी मशीनरी लगायी गयी है । अगले ही दिन वह शूगर मिल बंद हो गयी । उस मिल को वहां के कर्मचारियों और अधिकारियों ने यह कहकर बंद कर दिया कि उसकी मशीनरी नकारा है इसलिए यह मिल चल नहीं पाएगी। लोगों ने जब विरोध किया तो सरकार ने बचने के लिए उसको चलाने का काम किया । एशिया की सबसे अच्छी मिल को चलाने के लिए ऐसा किया गया। अध्यक्ष महोदय, उसमें 4 लाख 18 हजार क्विंटल गन्ने की पिराई की गयी लेकिन उस पिराई में साढे चार परसैंट के हिसाब से चीनी की रिकवरी हुई जबकि हरियाणा में दूसरी जगहों पर यह रिकवरी साढे नौ परसैंट से लेकर दस परसैंट तक है ।

श्री अध्यक्ष : चौटाला साहब, अब आप बैठें ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, इस तरह से नहीं चल पाएगा । अभी तो मैं आपके हित की बात करने जा रहा हूं । अध्यक्ष महोदय, और सारी बातों को तो आप छोड़िए । मैं आपको एक और बात बताना चाहता हूं । धान औने पौने दाम पर खरीदा गया । केन्द्र सरकार की तरफ से किसान को धान पर बोनस दिया गया और वह पैसा हरियाणा सरकार के पास आ भी गया । पंजाब के लोगों को या दूसरे प्रदेशों के लोगों को वह बोनस बांट भी दिया गया लेकिन हमारे किसान को उस बोनस का अब तक भी एक नया पैसा नहीं दिया गया । वह पैसा इसलिए उनको नहीं मिला क्योंकि वह पैसा सरकार ने दूसरे मदों पर खर्च कर दिया ।

Pandit Kuldip Sharma: Sir, Mr. Chautala is a very senior member of this House and his statement so far has been totally misleading and away from facts. (noise & interruptions)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, ये कैसे बोल रहा है, आपकी अनुमति से बोल रहा है क्या ?

Mr. Speaker: Chautala Sahib, you please sit down and improve your language (Noises & Interruptions)

Pandit Kuldip Sharma: Sir, I want to tell you that he read out the letter of the Chief Minister and he added the contents thereof. Probably English is a language of under-statement and he does not understand it firmly as to what it was written therein. He says that industries ran away from Haryana. I belong to a constituency like Gannuar where a BST unit was there which was giving rich remuneratives to the State. (Noise & interruptions). In his regime, due to their criminal attitude on their part, it was stopped from functioning since 25 years. (Noise & Interruptions) Speaker Sir, because the Hon'ble Member said that the industry was deserting from Haryana.

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : ये बताएं कि क्या किसी को बोनस दिया है? (शोर एवं व्यवधान)

Pandit Kuldip Sharma: Sir, he has no right to speak.

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : ये कोई प्वॉयंट ऑफ ऑर्डर नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

ये हर बार ऐसे ही खड़े हो जाते हैं । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : पंडित जी, आप बैठ जाइए। अरोड़ा साहब, आप भी बैठ जाइए। (शोर एवं व्यवधान)

Pandit Kuldip Sharma: Sir, He is not making the truth. Sir, total wrong statement of facts. सर, नरेश शर्मा ठीक ही था बस उसको यह नहीं बोलना चाहिए था कि चौटाला साहब झूठ बोल रहे हैं बल्कि ये कहना चाहिए था कि ये सच नहीं बोल रहे हैं ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, ये कैसे बोल रहा है आपकी अनुमति लेकर बोल रहा है क्या ? (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं । अध्यक्ष महोदय, किसानों की जमीनों को किस प्रकार बेदर्दी से लूटा जा रहा है । हमारी सरकार के वक्त में हिसार में एक जमीन का टुकड़ा मार्किटिंग बोर्ड ने अधिग्रहित किया था, वहां हमने एक अच्छी सब्जी मंडी बनाने का निर्णय लिया था, उस जमीन को इन्होंने औने- पौने दाम पर एक ऐसे उद्योगपति जो संयोग से आजकल पार्लियामैंट का सदस्य है, को दे दिया। उसके लिए लोगों ने शोर भी मचाया था। आज के दिन ट्रेजरी बैंचिज में बैठे कांग्रेस पार्टी के चौ० संपत सिंह ने इस मुद्दे को सबसे ज्यादा उभरकर उठाया था । उनसे पूरी जानकारी हासिल कर लेना कि किस तरह से लूट मचाई गई ? (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मुझे पांच मिनट का समय और दे दें।

श्री अध्यक्ष : थैंक यू।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मुझे आप सिर्फ पांच मिनट का समय और दे दें। मैं जल्दी खत्म कर दूंगा ।

श्री अध्यक्ष : पांच मिनट नहीं, आप जल्दी खत्म करने की बात करो, जल्दी खत्म करो।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : ठीक है सर, यहां ग्रामीण विकास की बात की जाती है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, ये कुछ भी कहे जा रहे हैं। एक ऐसा व्यक्ति जो आज इस सदन का सदस्य भी नहीं है उसके बारे में ये यहां कहने लग रहे हैं। इन्होंने बजट पर एक लाइन भी नहीं बोली है।

श्री अध्यक्ष : थैंक यू चौटाला साहब, जो बजट आया है आप उस पर बोलें।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, अब मैं बजट से बाहर नहीं जा रहा हूं।

श्री अध्यक्ष : बजट पर तो आप हैं ही नहीं ।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, बजट स्पीच के पैरा नं. 55 पर ग्रामीण विकास की बात कही गई है । (शोर एवं व्यवधान) अब बताओ, क्या करूं मैं। (शोर एवं व्यवधान) ग्रामीण विकास के नाम पर हरियाणा प्रदेश में 98 विलेज सरकार ने मॉडल विलेज घोषित किए। आप सुनकर हैरान होंगे कि 98 को यूं मानकर चल लें कि एक कांस्टीच्यूएंसी में से एक मॉडल विलेज हो गया, लगभग इतना ही हुआ। लेकिन हुआ क्या कि अम्बाला में 5 गांवों को मॉडल विलेज के लिए चुना गया, फरीदाबाद में 1,फतेहाबाद में 1, गुड़गांव में 1, हिसार में 9,झज्जर में 15, जींद में 6,कैथल में 6, करनाल में 1, कुरुक्षेत्र में 3 ,मेवात में 1, पलवल में 2, पानीपत में 1, रिवाड़ी में 4, रोहतक में 18, सोनीपत में 7 और यमुनानगर में 1 और 4 जिले ऐसे हैं जिनमें एक भी मॉडल विलेज नहीं है। क्या दोष किया है उन्होंने ? मैं जानना चाहता हूं कि उनका कौन सा गुनाह है कि एक पार्लियामैंट्री क्षेत्र में 33 विलेज मॉडल घोषित किए जाते हैं और समूचे हरियाणा प्रदेश में 4 जिले ऐसे हैं जिनमें 1 भी मॉडल विलेज नहीं है और वहां सबसे ज्यादा बैकवर्ड लोग हैं जैसे महेन्द्रगढ़ है, सिरसा है, पंचकूला है।

श्री राम किशन फौजी : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : मैं तेरे बारे में नहीं बोल रहा हूं। मैं वाइंड अप करना चाहता हूं, लेकिन कोई करने दे तब न।

श्री अध्यक्ष : बस, चौटाला साहब, अब आप बैठ जाएं। (विघ्न) Now, I am calling the other Member to speak.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, दो बड़े जरूरी मसले हैं मैं उन पर जरूर चर्चा करना चाहूंगा। वैट के नाम पर हमारी सरकार चली गई क्योंकि हमने प्रदेश के हितार्थ वैट लागू किया था। यह हमारा सब्जैक्ट नहीं था। केन्द्र सरकार ने वैट के बारे में तय किया था और हमने उसको मान्यता प्रदान की, हमने वैट लगाया उसकी वजह से सरकार के रिर्सोसिज बढ़े, केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनी और कांग्रेस की सरकार के वित्तमंत्री ने वित्त मंत्रियों की कान्फ्रैंस बुलाई। हमारे वित्त मंत्री प्रो० सम्पत सिंह जी उस मीटिंग में थे। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने भूरी-भूरी प्रशंसा की और ऑन दि फ्लोर ऑफ दि हाउस पार्लियामैंट में यह कहा कि अगर वैट का लाभ देखना है तो हरियाणा प्रदेश में देखो। उसके बाद जब विधान सभा के चुनाव हुए तो कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में यह लिखा कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो वैट को समाप्त कर दिया जायेगा। उसे भी सरकार ने एक परसैंट और बढ़ा दिया। जिन 101 चीजों पर हमने रियायत दी थी उन पर रियायतें और बढ़ा दी। अध्यक्ष महोदय, नमक पर भी वैट लगाया। राष्ट्रपिता महात्मा गान्धी जी ने डांडी मार्च करके नमक का आन्दोलन किया था। कांग्रेस के नाम पर और गांधी जी के नाम पर राज करने वाले लोगों को थोड़ा बहुत भी संकोच नहीं हुआ कि नमक पर भी वैट बढ़ा दिया।

श्री अध्यक्ष : अच्छा जी, थैंक यू चौटाला साहब।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, अभी दो प्वायंट और रह गये हैं।

श्री अध्यक्ष : नहीं, नहीं, Thank you very much. नहीं, अब नहीं।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, इस तरह से कैसे काम चलेगा? आपने आधे घण्टे की बात कही है।

श्री अध्यक्ष : आपको बोलते हुए 50 मिनट हो गये हैं, अब आप बैठ जाइये।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं समाप्त करने जा रहा हूं। बजट के ऊपर वित्त मंत्री जी ने कहा है कि हम सरचार्ज लगायेंगे लेकिन यह नहीं बताया कि कितना सरचार्ज लगायेंगे और यहां से जाकर के प्रैस गैलरी में जाकर कहते हैं कि हम 5 प्रतिशत लगायेंगे। अध्यक्ष महोदय, बजट सैशन में बजट प्रस्तुत किया जा रहा है और वित्त मंत्री यह कहता है कि सरचार्ज लगायेंगे। कितना लगायेंगे यहां उसका उल्लेख नहीं है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने से पहले बजट को लीक कर दिया। आपने हमारी प्रिवीलेज मोशन को नहीं माना। आपका अधिकार है नहीं मानेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

वित्त मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव) : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अरे, आप अपने रिप्लाई में कह देना। आपको तो वक्त मिलेगा। अगर मैं गलत कह रहा हूं तो बैठ जाऊंगा। आप अपने रिप्लाई में कह देना। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : थैंक यू चौटाला साहब। प्लीज, आप समाप्त कीजिए।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, आज महिला सशक्तिकरण की शताब्दी है।

श्री अध्यक्ष : नहीं जी, बस कीजिए।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, पार्लियामैंट में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का बिल कांग्रेस पार्टी की तरफ से पास किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, महिलाओं के नाम पर एक नये पैसे की राशि इस बजट में नहीं दी गई है।

श्री अध्यक्ष : अच्छा चौटाला साहब, Please wind up. No more.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, यह असलियत है, इसको आप कैसे नकारोगे? इसके लिए आप लोग कहोगे। महिला सशक्तिकरण वर्ष है। मुख्यमंत्री जी ने खड़े होकर इस बारे में कहा था। मैंने उस वक्त भी कहा था कि इन्सान अतीत से सीखता है, भविष्य की कल्पना करता है। मैंने कहा था कि मुख्यमंत्री जी अतीत से सीखकर कुछ करोगे। उसके बाद बजट पेश हुआ तब भी उसमें कोई उल्लेख नहीं।

Mr. Speaker : Any how, thank you very much.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं समाप्त करने जा रहा हूं। युवाओं के लिए एक नये पैसे का बजट में प्रावधान नहीं है।

Mr. Speaker : Thank you very much Chautala Sahib. प्लीज, आप बैठिये। आपको बोलते हुए काफी समय हो गया। I am calling frm BJP now. (interruptions) Mr. Gujjar to start. चौटाला साहब, आप पिछले पन्द्रह मिनट से कह रहे हैं कि पांच मिनट में बैठता हूं।

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, मैं आखरी मद पर अपनी बात कहना चाहूंगा। यह बड़ी इम्पोर्टेंट है। अध्यक्ष महोदय, इसके ऊपर जरूरी बात है।

Mr. Spealer : Mr. Gujjar to Start.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, कानून-व्यवस्था प्रदेश का अहम मुद्दा है। अध्यक्ष महोदय, आज प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूर्ण रूप से बिगड़ी हुई है। अगर मैं उसका लेखा-जोखा देने लग जाऊं तो लम्बा समय लग जायेगा। (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : From here onwards Shri Gujjar's speech is recorded only. चौटाला साहब, आप बैठ जाइये। अब श्री कृष्णपाल गुर्जर जी बोलेंगे। चौटाला साहब की कोई बात रिकार्ड न की जाए। (व्यवधान) Nothing to be recorded.

चौ० ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, ******

Mr. Speaker : No, No, I have not permitted it. नहीं जी, मैं यह इजाजत नहीं दूंगा। Nothing is to be recorded. (Interruptions) Not to be recorded. Nothing is going to be recorded (Interruptions) No more, No more. (Interruptions) Mr. Gujjar may start now. (Interruptions) Everybody to take the seats please. Mr. Gujjar is on his legs. (Interruptions) No, no. It is not going to be recorded. I have given the instructions. It is not going to be recorded. (Interruptions) Thank you very much. मेरे लिए सब मैंबर्स एक जैसे है। All the Members are similar. ये बात नहीं है। (Interruptions) It is not going to be recorded. Mr. Gujjar may start now.

श्री कृष्ण पाल गुर्जर(तिगांव): अध्यक्ष महोदय, कल वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया उस पर आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करना चाहूंगा । अध्यक्ष महोदय, बजट में जो खामियां हैं मैं उन पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है वह निराशाजनक और किसान विरोधी बजट है । इस बजट में हरियाणा के लिए कुछ नहीं रखा गया। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं बोलने से पहले सभी सम्मानित साथियों से एक बात कहना चाहूंगा कि जो ब्राह्मण को खाते हुए टोकता है, गुर्जर को बोलते हुए टोकता है उसको बहुत बड़ा पाप लगता है ।(विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मेरे बोलने का मकसद किसी पर व्यक्तिगत आरोप लगाना नहीं है । इस सरकार की जो नाकामयाबियां हैं मैं उनके बारे में कुछ अच्छे सुझाव देना चाहता हूं । अध्यक्ष महोदय, अगर इनको मेरे सुझाव अच्छे लगें तो मान लें और अगर अच्छे न लगें तो न मानें लेकिन मुझे बीच में न टोकें । अध्यक्ष महोदय, इन्होंने कहा है कि यह बजट बड़ा विकास वाला बजट है लेकिन बजट में देखेंगें तो पाएंगें कि बजट में जो कुल राशि है उसका 25 फीसदी रिपेमैंट और इंट्रस्ट पर जा रहा है । इंट्रस्ट और रिपेमैंट कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है । उसको कम करने के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं इस बारे में सरकार बताए । अध्यक्ष महोदय, फिसकल डैफीसिट लगातार बढ़ रहा है । अर्थशास्त्र का सीधा सा सिद्धांत है कि जब भी फिसकल डैफीसिट बढ़ेगा, इन्फलेशन यानि मुद्रास्फीति कभी भी कम नहीं हो सकती । अध्यक्ष महोदय, इस हिन्दुस्तान का और हरियाणा का आम आदमी नहीं जानता कि मुद्रास्फीति क्या है, विकास दर क्या है । वह सिर्फ यही जानता है कि मुझे आटा किस रेट पर मिल रहा

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया ।

[श्री कृष्ण पाल गुर्जर]

है, मुझे चीनी किस रेट पर मिल रही है और तेल किस रेट पर मिल रहा है । देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री माननीय मनमोहन सिंह जी जब इस देश के सबसे बड़े पद पर विराजमान हुए थे तो लोगों को उनसे बड़ी उम्मीदें बंधी थी लेकिन उन्होंने इस देश और प्रदेश के लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और उनको निराश कर दिया । जब प्रदेश में मेरे मित्र कैप्टन अजय सिंह यादव जी वित्त मंत्री बने थे तो उनसे हमें कोई उम्मीदें थीं ही नहीं और इस बात को उन्होंने यह बजट पेश करके सिद्ध भी कर दिया है क्योंकि यह इनका विषय ही नहीं रहा। अध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा बजट में बहुत सी चीजों को बढ़ावा देने की बात की गई है। मैं उद्योगों के बारे में चर्चा करना चाहूंगा। बजट में उद्योगों को भी बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा गया है कि सरकार नई उद्योग नीति लेकर आयेगी जिसके तहत बेरोजगारों को रोजगार भी मिलेगा, लेकिन उद्योगों के लिए बजट में राशि कम कर दी गई है। बजट में उद्योगों के लिए राशि कम करने से प्रदेश में उद्योग कहां से लगेंगे? इसी प्रकार से बजट में दर्शाया गया है कि सोशल वैल्फेयर और एस.सीज., एस.टीज. के उत्थान के लिए बहुत काम किए जायेंगे लेकिन budget at a glance में देखेंगे तो पता चलता है कि उनके लिए भी राशि में कटौती की गई है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से आप को-ओपरेशन में देखिये, रोड्ज और बिल्डिंग में देखिये, हर फील्ड में राशि कम की गई है। आज के दिन प्रदेश में सड़कों की हालत बहुत खराब है। मेरे काबिल दोस्त श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला जी जो कि पी.डब्ल्यू.डी. (बी. एंड आर.) मिनिस्टर हैं, हरियाणा को नम्बर-1 बनाने की बात करते हैं। ये यमुनानगर से खिजराबाद, यमुनानगर से देवधर वाली रोड्ज पर जायें तब पता चल जायेगा कि नम्बर-1 किसको कहते हैं। अध्यक्ष महोदय, अच्छी सड़कों के बिना किसी भी प्रदेश के विकास की बात करना बेमानी है लेकिन सड़कों की राशि में भी कटौती की गई है। अध्यक्ष महोदय, ये लोग उच्च शिक्षा की बात करते हैं, यूनिवर्सिटी लाने की बात करते हैं लेकिन उसकी भी राशि बजट में कम कर दी गई है। इसी तरह से बुढ़ापा पैंशन सरकार ने 300 से 500 रुपये और 700 रुपये कर दी। बुढ़ापा पैंशन के लिए बजट में प्रावधान वर्ष 2009-10 के लिए करीबन 2190 करोड़ रुपये का था जिसमें केवल मात्र 110 करोड़ रुपये की बढ़ौत्तरी करके 2300 करोड़ रुपये किया गया है इसलिए मेरी समझ में नहीं आता कि यह पैंशन किस तरह से बढ़ाई गई है? इसमें राशि की बढ़ौत्तरी होनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, सरकार बजट में विकास की बात कर रही है लेकिन आम आदमी पूछता है कि विकास किसका हो रहा है। आज के दिन गरीब आदमी और गरीब होता जा रहा है तथा अमीर आदमी का बैंक बैलेंस बढ़ता जा रहा है। यह सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण हो रहा है। अध्यक्ष महोदय, चुनाव से पहले सरकार कहती थी कि उनका खजाना लबा-लब भरा हुआ है लेकिन अब पता नहीं कहां से खाली हो गया। सैशन दूर नहीं था नजदीक था इसलिए किसी चीज के रेट बढ़ाने थे तो सैशन में बढ़ा देते लेकिन ये सारे काम चोर दरवाजे से करते हैं। मौजूदा सरकार ने सत्र से पहले चुनाव में वैट की समाप्ति की बात की थी लेकिन उसको 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दिया और कल बजट में सरचार्ज भी लगा दिया। इसी तरह से चुनाव से पहले पैट्रोल और डीजल के भाव घटाये और चुनाव होने के बाद फिर बढ़ा दिये। मैं परसों सदन में नहीं था उस समय मेरे काबिल दोस्त सुरजेवाला जी कह रहे थे कि एन.डी.ए. के राज में डीजल और पैट्रोल के दाम बढ़े थे। अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मैं मानता हूं कि एन.डी.ए. के राज में पैट्रोल और डीजल के दाम बढ़े थे लेकिन उस समय अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पैट्रोल और डीजल की कीमतें 160 रुपये प्रति बैरल हो गई थी। कांग्रेस के राज में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पैट्रोल और डीजल के भाव 40 रुपये प्रति बैरल तक आ गये

थे। लेकिन पैट्रोल और डीज़ल के दाम कम नहीं किये गये हैं । आज भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में पैट्रोल और डीज़ल के दाम 70 से लेकर 75 डालर प्रति बैरल हैं लेकिन फिर भी डीज़ल और पैट्रोल के दाम 2.50 रूपये से लेकर 3 रूपये प्रति लीटर तक बढ़ा दिये गये । अध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि केन्द्र सरकार का यह कदम न तो किसान के हित में है और न ही मज़दूर के हित में है क्योंकि पैट्रोल और डीज़ल के दाम बढ़ाने से महंगाई किसी भी प्रकार से कम होने वाली नहीं है बल्कि इससे महंगाई और बढ़ेगी । अध्यक्ष महोदय, पिछले 6 महीने के दौरान महंगाई में 20 से 30 फीसदी का इजाफा हुआ है । अध्यक्ष महोदय, आज आम आदमी त्राहि-त्राहि कर रहा है । अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत से विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । अध्यक्ष महोदय, आप देखिए आज सरकार के लैवल पर किसानों और मज़दूरों के साथ बहुत ज्यादा ज्यादतियां की जा रही हैं । अध्यक्ष महोदय, किसान और मज़दूर गुरबत में और बीमारी की हालत में भी अपनी ज़मीन और गहनें दोनों चीज़ों को प्रत्येक प्रकार की बुरी परिस्थितियों में इसलिए सम्भाल कर रखता है कि ये चीज़ें बुरे वक्त में उसके काम आयेंगी । अध्यक्ष महोदय, आज किसान और मज़दूर को बड़ी बुरी तरह से लूटा जा रहा है । अध्यक्ष महोदय, मैं किसी के ऊपर सिर्फ आरोप लगाने के लिए ही आरोप नहीं लगा रहा हूं । अध्यक्ष महोदय, आज आप देखिए कि फरीदाबाद में गांवों की जिन ज़मीनों का आज के संदर्भ में मार्किट रेट 2.50 से लेकर 3 करोड़ रूपये प्रति एकड़ है लेकिन सरकार द्वारा आई.एम.टी. के नाम पर ये ज़मीनें केवल 16-16 लाख रूपये में ले ली गई हैं । अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद में जो सैक्टर काटे गये हैं उनके रोड्ज़ बनाने के लिए अभी फरीदाबाद में 1100 एकड़ ज़मीन और अधिगृहित होनी है । अध्यक्ष महोदय, इससे किसान बहुत परेशान है इसलिए सबकी नज़रें हरियाणा प्रदेश के यहां बैठने वाले नुमाइंदों पर लगी हुई हैं । ये ज़मीने ढाई से तीन करोड़ रूपये कीमत की हैं । सारे रोड्ज़ उनमें बनाये जाने हैं । मैं चाहूंगा कि माननीय मुख्यमंत्री जी उन ज़मीनों का मुआवज़ा ढाई से तीन करोड़ रूपये दें और अगर इतना मुआवज़ा वे नहीं दिला सकते तो कम से कम डेढ़ करोड़ रूपये प्रति एकड़ का मुआवज़ा दिलवाने का बंदोबस्त तो वे अवश्य करें क्योंकि इन ज़मीनों का जो कलैक्टर रेट है वह भी 50 लाख रूपये प्रति एकड़ है । सबकी नज़रें सरकार पर लगी हुई हैं क्योंकि यहां पर सभी किसान के बेटे बैठे हैं इसलिए मैं चाहूंगा कि पूरे हाऊस में सर्वसम्मति से यह फैसला किया जाये कि जो भी एन.सी.आर. में किसानों की ज़मीनें हैं सर्वप्रथम तो ये प्राईवेट बिल्डर्ज़ के लिए अधिगृहित न की जायें। चाहे वे खुली मार्केट में किसी तरह भी बिकें और अगर उन्हें प्राईवेट बिल्डर्ज़ के लिए अधिगृहित किया भी जायेगा तो उनकी कीमत कम से कम ढाई से तीन करोड़ रूपये हो और सरकार उसको कम से कम डेढ़ करोड़ मुआवज़ा दे, यह किसान के हित में होगा। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से गुड़गांव में बहुत से गांव हैं । बहुत सी चीज़ें सरकार के ध्यान में नहीं हो सकती इसलिए मैं यह सब सरकार के ध्यान में लाने के लिए कह रहा हूं । अध्यक्ष महोदय, पंचायतों की ज़मीनों को किस तरह से लूटने की कोशिश हो रही है यह मैं बताना चाहता हूं। ऐसा करने के लिए सस्ती ज़मीनों को महंगी ज़मीनों में एक्सचेंज किया जा रहा है । मैं यहां पर माननीय सदस्य राव धर्मपाल जी को बधाई देना चाहूंगा कि उन्होंने बादशाहपुर गांव में इसी प्रकार से एक्सचेंज की गई ज़मीन को पंचायत को वापिस करवाया था । यह काम उन्होंने पंचायत के हित के लिए किया था इसलिए वे निश्चित रूप से इसके लिए बधाई के पात्र हैं । मैं यह चाहता हूं कि अगर आगे से कोई इस प्रकार से 5 लाख रूपये की ज़मीन को 5 करोड़ रूपये से एक्सचेंज कर ले तो इसमें सरकार और पंचायत दोनों को बहुत बड़ा नुकसान है । हम चाहते हैं कि मार्केट रेट में सारी ज़मीनें तबदील हो जायें इससे हमें कोई एतराज़ नहीं है। सरकार के सामने यह मेरा सुझाव है कि उसको मार्केट रेट पर ही तबदील किया जाये । अध्यक्ष

[श्री कृष्ण पाल गुर्जर]

महोदय, इसी तरह से बहुत से केसिज हाईकोर्ट में लम्बित हैं । मैं उस विषय में नहीं जाना चाहता लेकिन मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि एक नीति बनाई जाये कि पूरे हरियाणा में सैक्शन 4 और सैक्शन 6 के नोटिस हो जाने के बाद कोई जमीन नहीं छोड़ी जायेगी । आज क्या हो रहा है? मैं गुड़गाँव के बारे में बताना चाहता हूँ । सैक्शन 4 लगने से पहले जिस जमीन की कीमत साढ़े 3 और 4 करोड़ रूपये थी लेकिन सैक्शन 4 लगा दिया गया तो किसान तो मजबूर और मजलूम है वह सोचता है कि यह तो अर्जित हो रही है । फिर उसके पास बिल्डर लॉबी के लोग पहुंचते जाते हैं । आज भी गुड़गाँव में 2 करोड़ रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से उन सैक्शन 4 का नोटिस हुई जमीनों के एग्रीमैंट हो रहे हैं । एग्रीमैंट किस तरह के हो रहे हैं उसकी एक प्रति मैं यहाँ पर लेकर आया हूँ । इस एग्रीमैंट के हिसाब से किसान बच नहीं सकता क्योंकि इसमें किसान पर बहुत शर्तें लगाई गई हैं । इसमें लिखा है कि अगर सैक्शन 4 हट गया तो आपकी पेमैंट कर देंगे और अगर सैक्शन 4 लग गया तो मुआवजा हम लेंगे । इसी प्रकार से और भी बहुत सी शर्तें हैं मैं सभी शर्तों को यहाँ पर नहीं बता सकता क्योंकि इतना समय नहीं है । अध्यक्ष महोदय, मेरा कहने का तात्पर्य यह है और मैं बार-बार इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि हम ज्यादातर लोग किसान कम्यूनिटी से आये हैं । इसलिए अगर 2 करोड़ रूपये में 4 करोड़ रूपये की जमीन वे लोग खरीद रहे हैं तो ऐसे किसानों को लुटने से बचाया जाये । मैं कहना चाहता हूँ कि यह जो खेल हो रहा है इससे किसान को बचाने के लिये या तो किसानों को खुले बाजार में अपनी जमीन बेचने दी जाये और यदि सैक्शन 4 का नोटिस हो गया है तो उनको मार्केट रेट का मुआवजा देकर सरकार अपने सैक्टर बनाये, किसी को अलॉट करे ताकि किसान को उसका लाभ मिल सके । इस बारे में किसी को कोई ऐतराज नहीं है । अध्यक्ष महोदय, जहाँ तक बजट की बात है, घाटा निरन्तर बढ़ता जा रहा है। हम वित्त मंत्री जी से यह जानना चाहते हैं कि घाटे को रोकने के सरकार क्या उपाय करेगी ? अध्यक्ष महोदय, महंगाई पर बोलूंगा तो बहुत समय लग जायेगा लेकिन आज किसान के लिए बिजली और पानी सबसे अहम हैं । आज बिजली की हालत ठीक नहीं है । मुझे आज भी याद है कि जब माननीय मुख्य मंत्री जी ने पहली बार सत्ता सम्भाली थी तो इन्होंने कहा था कि 3 साल बाद हम 24 घंटे बिजली देंगे लेकिन 5 साल गुजर गये और आज भी बिजली मंत्री जी वही बात कह रहे हैं कि हम 2 साल बाद 24 घंटे बिजली देंगे ।

श्री अध्यक्ष : आप जल्दी कीजिए आपको 20 मिनट हो गये हैं।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, मैं किसी पर व्यक्तिगत आरोप तो नहीं लगा रहा और न ही मेरा कोई ऐसा मकसद है । अध्यक्ष महोदय, 2000 से 2005 तक हम और माननीय मुख्य मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी भी हमारे साथ ओपोजीशन में बैठते थे तो उस वक्त कांग्रेस के टाईम में से मुझे बोलने के लिए समय देने के लिए कहा करते थे अगर आज मुझे थोड़ा सा समय और दे दिया जायेगा तो कोई हर्ज नहीं है क्योंकि मैं सुझाव ही दे रहा हूँ । स्पीकर सर, हम यह जानना चाहते हैं कि बिजली का कोई महीना, कोई तारीख या कोई साल तो तय कर दिया जाये कि ये दो साल या तीन साल उक्त तारीख को पूरे हो जायेंगे । अध्यक्ष महोदय, 2 साल कहने से बिजली मिलने वाली तो है नहीं । अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में क्या होता है ? आप अब देखिये लोग कहीं पर महीने में सैलीब्रेट करते हैं और कहीं पर दो महीने में सैलीब्रेट करते हैं । अध्यक्ष महोदय, जब गर्मियाँ शुरू हो जायेंगी तो हरियाणा में लोग 2 घंटे में सैलीब्रेट करना शुरू कर देंगे ।

श्री आनन्द सिंह दांगी : कैसे सैलीब्रेट करेंगे ?

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : वे ऐसे सैलीब्रेट करेंगे दांगी साहब । बिजली तो आती नहीं और दो घंटे बाद जब अचानक बिजली आयेगी तो लोग कहेंगे "बिजली आ गई ओए", "बिजली आ गई ओए" । अध्यक्ष महोदय, यह सैलीब्रेशन हरियाणा में अलग मिसाल है । (हंसी) अध्यक्ष महोदय, हर दो घंटे बाद जो सैलीब्रेशन होता है, इससे लोगों को छुटकारा मिलना चाहिए । आज वर्ल्ड बैंक की मदद से हरियाणा में बिजली के सुधारीकरण स्कीम के तहत सुधार करने की बात की जा रही है । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से जानना चाहता हूं कि सुधारीकरण के बाद लाईन लोसिज़ बढ़ रहे हैं या घट रहे हैं? अगर लाईन लौसिज़ बढ़ रहे हैं तो सुधारीकरण का कोई फायदा नहीं है । आज रैजीडैंशियल सैक्टर और एग्रीकल्चर सैक्टर को बिजली के मामले में अलग-अलग करने की बात की जा रही है। मैं यह जानना चाहता हूं कि इससे लाईन लोसिज़ बढ़े हैं या घटे हैं । अध्यक्ष महोदय, जो केबल की जगह कंडक्टर्ज लगाए जा रहे हैं वे पहले से तीन-चार गुणा महंगे हैं और उनकी जगह से जो कंडक्टर्ज उतारे जा रहे हैं उनको कबाड़ में डाला जा रहा है । अध्यक्ष महोदय, मैं सदन में यह कहना चाहूंगा कि जितने ज्यादा ट्रांसफार्मर्ज बढ़ेंगे, लाईन लौसिज़ उतने ही ज्यादा होंगे ।

श्री अध्यक्ष : प्लीज, वाईड-अप करें । आपको बोलते हुए 24 मिनट हो गए हैं ।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, मैं किसानों की समस्या पर आ रहा हूं । किसान आज अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है । अध्यक्ष महोदय, खाद पर 10 प्रतिशत सबसिडी समाप्त कर दी गई है, पैट्रोल और डीजल के रेट बढ़ा दिए गए हैं । जमीनों को सस्ते दामों पर अधिगृहित किया जा रहा है । आज ये वाह-वाही लूट रहे हैं कि इन्होंने ब्याज की दर कम करी है, लेकिन उसमें भी शर्त लगा दी कि जो समय पर किस्त जमा करेगा उसको ही उस छूट का फायदा मिलेगा । अध्यक्ष महोदय, किसान कभी भी समय पर किस्त जमा नहीं कर सकता है । फसल पक जाएगी तो मण्डी में जाएगी और उससे जो पैसा घर में आएगा, उससे ही कर्ज की अदायगी करेगा । सर, मेरा सरकार से निवेदन है कि इस शर्त को हटा लिया जाना चाहिए इस शर्त से उनको ब्याज कम करने का कोई फायदा नहीं होगा । अध्यक्ष महोदय, आज अन्न पैदा करने वाले उत्पादक और अन्न को प्रयोग करने वाले उपभोक्ता दोनों को लूटा जा रहा है । किसान को उसकी फसल का सही मूल्य नहीं मिलता है और उपभोक्ता को महंगे दामों पर चीजें मिल रही है । अध्यक्ष महोदय, 2009 में चीनी 22 रुपए किलो से 50 रुपए किलो हो गई । अरहर की दाल जो अटल जी के राज में 24 रुपए किलो थी वह आज 100 रुपए किलो हो गई है । खाने का तेल 40 रुपए लीटर से 100 रुपए लीटर हो गया है । किस किस चीज़ की बात करूं, एक भी चीज ऐसी नहीं है जिसके दाम न बढ़े हों ।

श्री अध्यक्ष : प्लीज, वाईड-अप करें । सम्पत सिंह जी अब आप बोलें।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, आप मुझे दो मिनट और दे दीजिए । मैं दो मिनट में अपनी बात कहकर समाप्त कर देता हूं । सर, आज हालात क्या हैं ? पूरे प्रदेश में युवा बेरोजगार हैं, किसान और मजदूर लाचार हैं, बिजली पानी के लिए हा-हाकार है, मंहगाई की मार है यह कैसी सरकार है ? इसलिए सर, सरकार में बैठे हुए लोगों को मैं कहना चाहता हूं कि सफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार करो और जहां कमी रह गयी है उसे देखो और सुधार करो, । धन्यवाद।

प्रो० सम्पत सिंह (नलवा): स्पीकर सर, मैं आपकी परमीशन से बजट पर बोलना चाहता हूं। सर, माननीय कैप्टन अजय सिंह, वित्त मंत्री जी ने कल 2010-2011 के बजट अनुमान सदन में रखे । उससे पहले तो हर कोई सोच रहा था कि इन पर कितना ज्यादा बोझ है । इस टाईम सारी दुनिया में, हिन्दुस्तान में और स्टेट्स में जिस तरह के हालात हैं उन हालातों में कैसे स्टेट का वित्त मंत्री अपने मुख्यमंत्री जी की गाईडैंस और बैलैंसिंग लेकर बजट पेश करेगा ? ग्लोबल मार्किट में जो रिसैशन आयी हुई है वह भी इनके सामने थी । इसी तरह से डाक्टर मनमोहन सिंह जी ने और केन्द्र के वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया तो उनके सामने भी वही बात थी । आज इंडस्ट्रीज, ट्रेड, रैवेन्यू, एम्प्लायमैंट, इन्वैस्टमैंट, रियल एस्टेट्स, स्टैम्प डयूटी और माईंज में गिरावट आ रही हैं । जो रिसैशन आया उससे स्वाभाविक है कि स्टाम्प डयूटी से आमदनी गिरती है, कारोबार में भी कमी आती है। मुझे खुशी है कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जो ग्लोबल रिसैशन आया हुआ था उसका असर नहीं पड़ा । अमरीका जैसे देश की इकोनामी हिल गयी, उनके बैंक फेल हो गए लेकिन हिन्दुस्तान के काबिल प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने और काबिल वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी ने इस देश को उस बात से अलग रखा जबकि पूरी दुनिया ग्लोबलाइजेशन रिसैशन से अलग नहीं रह सकी है । इसी तरह से हरियाणा के काबिल मुख्यमंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने अपने प्रदेश को दूसरे स्टेट्स से बिल्कुल अलग रखा है । उनकी मार तो पड़ी है लेकिन मार के बावजूद प्रदेश को उन्होंने बचाया है और एक प्रोग्रैसिव बजट पेश किया है । मैं इसके लिए उनको बहुत-बहुत बधाई देता हूं । सर, आपको पता ही है कि हमारे हरियाणा के साथ हिमाचल लगता है, उत्तराखंड लगता है । ये स्टेट्स स्पेशल कैटेगरी में आते हैं । इनको केन्द्र सरकार के द्वारा बहुत ज्यादा कंसैशंज़ दी गयी हैं और इन कंसैशंज़ को आगे भी बढ़ा दिया गया है । सर, यह भी हरियाणा प्रदेश की आमदनी के लिए एक चैलेंज की बात होती है । वह तो हमारे प्रदेश का एन्वायरमैंट अच्छा है इसलिए लोग यहां पर इंडस्ट्रीज लगाते हैं अदरवाइज कोई आदमी यहां पर इंडस्ट्रीज नहीं लगा सकता। जिस तरह से हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अंदर इंडस्ट्रीज लगाने के लिए टैक्सिज में सुविधाएं दी गयी हैं और अब उनको और आगे बढ़ा दिया गया है तो वह प्रैशर भी वित्त मंत्री जी के ऊपर जरूर रहा होगा । सर, हमारे प्रदेश का 100 साल का रिकार्ड टूटा है । कभी भी पहले ऐसा नहीं हुआ है। वह प्रैशर भी स्वाभाविक है कि उनके ऊपर जरूर रहा होगा । सर, जो मंहगाई आयी थी उसका भी गवर्नमैंट एक्सपैंडीचर पर असर पड़ रहा था । जब मंहगाई होती है तो अगर आप सड़क बनाएंगे तो वह महंगी बनेगी, यदि आप व्हीकल्ज खरीदेंगे तो वह भी मंहगे पड़ेंगे, यदि आप और कोई निर्माण के कार्य करेंगे या इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्टेट गवर्नमैंट जितना खर्च करती है उन सब पर मंहगाई का असर होता है । लेकिन उसके बावजूद भी वे बच निकले हैं जिसके लिए मैं इनको बार-बार बधाई देता हूं । स्पीकर सर, इसी तरह से 6th पे कमीशन की रिपोर्ट भी हरियाणा सरकार ने लागू की है । सर, यह अपने आप में एक इतिहास रचा गया है कि 6th पे कमीशन की रिपोर्ट लागू करने के साथ साथ पहली बार जो कर्मचारियों के एरियर्ज थे, उनको उन्हें कैश देने का काम किया जा रहा है न कि उनको उनके जी०पी०एफ० में जमा करवाया जा रहा है । सर, एरियर्ज का चालीस परसैंट वर्ष 2008-09 में कर्मचारियों को नकद में दे दिया गया है और वर्ष 2009-10 का तीस परसैंट भी 31 मार्च तक उनको कैश में ही दिया जा रहा है और बाकी 30 परसैंट भी वर्ष 2010-11 में उनको कैश ही दिया जाएगा । स्पीकर सर, यह हरियाणा की हिस्ट्री में पहली बार हो रहा है कि 6th पे कमीशन की रिपोर्ट का एरियर कर्मचारियों को नकद दिया जा रहा है नहीं तो पहले उनके जी०पी०एफ० में एडजैस्ट कर दिया जाता था। यह भी एक बहुत सराहनीय कदम है लेकिन इससे स्टेट की इकोनोमी पर असर आना ही था। आप खुद देख रहे हैं कि इससे

4130 करोड़ रुपये का असर आ रहा है । आप जो तनख्वाह देंगे, पैंशन देंगे, एरियर्ज देंगे, उन सब को मिलाकर 4 हजार करोड़ रुपये से ऊपर असर आ रहा है, इसलिए ये चीजें बहुत मुश्किल थीं लेकिन वित्तमंत्री जी ने यह करके दिखाया है इसके लिए मैं उनको बधाई देता हूं। जो पब्लिक ने दोबारा मैंडेट दिया है उसका प्रैशर भी उन पर स्वाभाविक है। लोगों की आकांक्षायें और अपेक्षायें बढ़ती हैं कि हमने सरकार को दोबारा मत दिया है और वह भी सरकार की कार्यशैली पर और काम करने के तरीके के आधार पर दोबारा मैंडेट दिया है इसलिए उसका भी विभाग में प्रैशर रहता है। फर्स्ट टाइम हरियाणा प्रदेश में ऐसा हुआ है कि दोबारा से वही सरकार आई है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से 13वें वित्त आयोग की रिपोर्ट आई, डयूरेशन ऑफ फंड्ज जो कि सैन्ट्रल गवर्नमैंट से आते हैं वह हमारे पहले 1.075 परसैंट होते थे लेकिन इस बार 1.048 परसैंट हो गये हैं, उससे भी असर पड़ा है। वैसे यह परफौरमैंस बेस्ड होना चाहिए लेकिन पैरामीटर्स ही ऐसे बना रखे हैं। मुझे इस बारे में इसलिए पता है कि मुझे भी प्रदेश में पांच साल वित्त मंत्री रहने का और बजट प्रस्तुत करने का मौका मिला था। उस समय मैं बार-बार केन्द्र सरकार में कहता था कि इसका मतलब तो हमें काम करने की सजा मिलती है । Haryana is a performing State. लेकिन यहां भी पॉपुलेशन का क्राइटेरिया रखा हुआ है। पॉपुलेशन आपकी ज्यादा होगी तो वह फंड देंगे। इस हिसाब से जो काम ज्यादा करते हैं, विकास ज्यादा करते हैं, उनको प्रताड़ना मिलती है इसलिए उस चीज से निकलना भी आसान बात नहीं थी । स्पीकर सर, इसके अलावा दो बातें जो बहुत अच्छी हुई हैं उनके लिए मैं गवर्नमैंट ऑफ इंडिया को बधाई देता हूं, प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी और उनके वित्त मंत्री जी को भी बधाई देता हूं कि जो डिवीजिबल पूल है उसमें सैन्ट्रल टैक्सिज में पहले हमारी स्टेट को 30.5 परसैंट देते थे लेकिन अब उसके स्थान पर 32 परसैंट दिया है, यह डेढ़ प्रतिशत की बढ़ोतरी ही हमारे काम आएगी। वित्तमंत्री जी, मैं आपके नोटिस में यह बात लाना चाहूंगा क्योंकि कई बार मिसप्लेस हो जाता है कि Share of Central revenue receipts जो पहले 38 परसैंट हमें मिलता था अब वह एक परसैंट बढ़ा दिया गया है यानी अब यह 39 परसैंट मिलेगा। आप इसे थोड़ी सी बढ़त कह सकते हैं और ये भी कह सकते हैं कि ये आंसू पोंछने वाली बात है बाकी तो सारी तरफ मार ही मार पड़ रही है, उसके बावजूद भी हम बचकर निकलकर आ रहे हैं। अब मैं यह बताना चाहूंगा कि अच्छा बजट क्या होता है, उसके पैरामीटर्स क्या होते हैं। केवल ये कहना कि ये बजट नीरस है, फलाना है ढिकड़ा है इससे बात नहीं बनती। बजट के मामले में फिगर्ज शो करते हैं कि बजट कैसा है। प्लान एक्सपैंडीचर बढ़ा रहे हैं, नॉन प्लान एक्सपैंडीचर as compared to last year or previous year, अगर आप उसको कम कर रहे हैं तो उसको हम कहेंगे कि बैस्ट बजट है। एक्सपैंडीचर किस प्रकार से कर रहे हैं, अगर आप बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च कर रहे हैं, रोड्स पर और ट्रांसपोर्ट पर खर्च कर रहे हैं, इरीगेशन पर खर्च कर रहे हैं, पावर पर खर्च कर रहे हैं, सोशल वैल्फेयर के लिए खर्च कर रहे हैं, लॉ एंड ऑर्डर या इम्प्लॉयमैंट पर खर्च कर रहे हैं तो उसे बैस्ट बजट कहा जाएगा। यूं ही कहने से तो कोई बात नहीं बनती। कहना बहुत आसान होता है, शब्दों में कोई कुछ भी कह सकता है। हमारे माननीय नेता श्री ओम प्रकाश चौटाला जी, जिनका मैं आज भी सम्मान करता हूं उनके द्वारा 2-3 फिगर्ज भी दी गई हैं। मैं पहले उन फिगर्ज पर आता हूं। उन्होंने कहा था कि हम बजट सरप्लस छोड़ गए थे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि उस समय हम सरप्लस छोड़ गए थे। क्योंकि मैं वित्त मंत्री था इस लिहाज से मैं कह सकता हूं कि वर्ष 2004-05 में हमने 1572.18 लाख रुपया सरप्लस छोड़ा था। वर्ष 2005-06, 2006-07, 2007-08, 2008-09 में चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी जो कि यहां आज वी.आई.पी. गैलरी में बैठे हैं, ने बजट प्रस्तुत किया था। मैं उनको बधाई देता हूं क्योंकि उन्होंने इतना बढ़िया फाइनैंशियल मैनेजमैंट संभाला जिसकी मिसाल नहीं है। यह जो सरप्लस मनी है वह वर्ष 2005-06 में

31 मार्च को जो पोजीशन होती है, उसके हिसाब से प्लस 3862 करोड़ रुपये थी, वर्ष 2006-07 में वह प्लस 6399 करोड़ रुपये थी, वर्ष 2007-08 में प्लस 6346 करोड़ रुपये थी और वर्ष 2008-09 को 2757 करोड़ रुपये थी। अब भी 25 फरवरी की बात है उस दिन यह 1778.74 करोड़ रुपये थी। यह भी और ज्यादा होती लेकिन छठे पे कमीशन की रिपोर्ट लागू करने के कारण एकदम बर्डन आने के कारण स्वाभाविक है कि उसका असर पड़ा। लेकिन फिर भी 1778 करोड़ रुपये सरप्लस मनी है। मैं यह भी मानता हूं कि मैं कितने फाईनैंशिएल कन्सट्रेंटस में से निकला था। मैं कोई इकोनोमिक्स या कामर्स का विद्यार्थी नहीं था। मैं तो पोलिटिकल साईंस का विद्यार्थी था। चौटाला साहब ने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी थी उसको पूरा करने के लिए मैंने पूरा प्रयास किया लेकिन जो रिसोर्सिज आपके पास हैं, उन्हीं में से ही आप एडजैस्ट करोगे। उन लिमिटेड रिसोर्सिज में से काम चलाने का पूरा प्रयास किया गया, मैनेजमैंट करने का पूरा प्रयास किया गया। सीख-सीख कर हमने यह प्रयास किया। आप जैसे जितने ज्ञानी लोग रहे हैं, एक्सपीरियंस्ड लोग रहे हैं, अनुभवी लोग रहे हैं, राजनीति के लोग, जिनका असैम्बली और पार्लियामैंट का अनुभव रहा है, उन लोगों से सीखकर मैंने यह कार्य किया। मुझे अगर किसी क्लर्क से भी सीखना पड़े तो उसमें कोई संकोच नहीं होता। अगर कोई टर्मिनोलोजी ऐसी आ जाती है जिसका आपको पता नहीं है तो उसके बारे में अगर आप क्लर्क से भी पूछ लेंगे तो आपको पता लग जायेगा वरना आप हमेशा अज्ञानी रहोगे। मेरी तो यह थ्यौरी रही है इसलिए मैंने लर्निंग के लिए हमेशा सीखने का प्रयास किया है। स्पीकर सर, इतना करने के बावजूद भी मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है कि यह बजट बहुत अच्छा है। जैसे कैप्टन साहब ने कहा कि आंकड़े मैं भी छिपा सकता था, सुपरैस कर सकता था। वैसे ही मैं भी उस समय आंकड़ों की जगलैरी कर सकता था, लेकिन नहीं। यह वर्ष 2001-2002 की बात है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि 31 मार्च को उस समय माईनस 23.83 करोड़ रुपये का बजट वेज एण्ड मीन्ज का था। वर्ष 2002-2003 के आखिर में 31 मार्च को माईनस 178 करोड़ रुपये थे और वर्ष 2004-05 में 1572 करोड़ रुपये हम सरप्लस में छोड़कर चले गये थे। प्रैजेंट गवर्नमैंट में जो मैनेजमैंट है इसके लिए मैं कहूंगा कि कैप्टन साहब ने जिस तरीके का रिफोर्म और जिस तरीके का एक अनुशासन बजट में रखा है, उसके लिए ये बहुत ज्यादा बधाई के पात्र हैं। Being an Army Officer and being a seasoned politician इन्होंने बहुत ही अच्छा बजट पेश किया है। ये पोलीटिशिएन के संस्कारों में ही रहे हैं। मैं तो साधारण से एक अनपढ़ मां-बाप का बेटा था, ये तो एक विधायक और बड़े सीजन्ड पोलीटिशिएन के बेटे रहे हैं। राव अभय सिंह जी से भी इनको संस्कार मिले हैं। मैंने प्राईमरी और हाई-स्कूल गाँव से पास किया है जबकि ये तो कन्वैन्ट स्कूल में पढ़े हैं। इस बात का असर तो रहता ही है। स्पीकर सर, इसमें कोई दो राय नहीं है कि इन्होंने बहुत बढ़िया मैनेजमैंट संभाला है। इससे पहले भी चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने बहुत बढ़िया मैनेजमैंट संभाला था। किसी किस्म की कोई दिक्कत नहीं आई थी। यह मार तो बाद में आई है जब रिसैशन आया है। इसके बाद पे-कमीशन की रिपोर्ट आई, ये दो मेजर आईटम आई हैं इनकी वजह से यह कमी आई है। सर, लोन की बात मैं कहना चाहता हूँ। आदरणीय चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी ने लोन के बारे में बात कही कि लोन एमाउंट इतना बढ़ रहा है। स्पीकर सर, मैं आपके सामने दो आंकड़े रखना चाहता हूँ।

श्री अध्यक्ष : प्रो० साहब, आप कितना टाईम और लेंगे?

प्रो० सम्पत सिंह : सर, जितना टाईम आप देंगे। आधा-पौन घण्टा तो और लग जायेगा। स्पीकर सर, 24 जुलाई, 1999 में जब चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी मुख्यमंत्री बने उस समय मैं वित्त मंत्री बना था। वर्ष 1999-2000 में जो लोन की लायब्लिटी थी वह 12043 करोड़ रुपये की थी और वर्ष

2004-2005 में उस समय तत्कालीन सरकार जाने के बाद 23319 करोड़ रुपये की लायब्लिटी थी। यह लायब्लिटी 93.63 प्रतिशत बढ़ गई थी। अगर आप वर्ष 2000 या 2001 एक साल बाद से भी काउंट करते हैं तो यह 68 प्रतिशत बढ़ गई थी। आज यह लायब्लिटी 23319 करोड़ से बढ़कर 38092 करोड़ रुपये हो गयी है। यह वर्ष 2009-2010 की है क्योंकि 2010-11 की तो आगे आयेगी। मैं फाईव ईयर्ज की बात करता हूं। पांच साल बाद तो यह लायब्लिटी 38092 करोड़ रुपये है। इसका मतलब यह है कि 63 प्रतिशत इन्क्रीज हुई है। इसका मतलब लायब्लिटी पहले से ज्यादा बढ़ी थी क्योंकि अब यह लायब्लिटी कम बढ़ी है। इसी तरीके से अभी साल्ट का जिक्र आया था।

Mr. Speaker : The House is adjourned till tomorrow 10.00 A.M. on Friday, the 12th March, 2010.

***14.00 hrs** **(The Sabha then *adjourned till 10.00 A.M. on Friday, the 12th March, 2010)**

47259—H.V.S.—H.G.P., Chd.

Haryana Vidhan Sabha Secretariat
LIBRARY
Chandigarh